CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 22 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 160 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्री पोतों तक देश-विदेश में दिखा योग दिवस पेज 2



वेबर को पछाड़ कर नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता खेल टाइम्स



छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत सम्मानित बॉलीवुड



पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेट किया पेज 12

## तनाव की स्थिति में योग ही शांति की राह दिखाता है: मोदी



**विशाखापत्तनम।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर में तनाव की स्थिति से अशांति तथा अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग ही हमें शांति का रास्ता दिखाता है। श्री मोदी ने यहां 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को शांत, संतुलित और सतत विकास की ओर अग्रसर विश्व के निर्माण की दिशा में बढ़ना चाहिए। योग ही विश्व में टकराव की जगह सहयोग और तनाव की जगह समाधान की ओर ले जा सकता है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1.39% की गिरावट

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 19 जून तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में एकत्र किए गए 4.65 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 1.39 प्रतिशत कम है। इस दौरान रिफंड में 58 प्रतिशत की तेज वृद्धि होने के कारण यह गिरावट देखी गई है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह गिरावट अग्रिम कर संग्रह, विशेष रूप से कॉरपोरेट कर संग्रह में धीमी वृद्धि के मद्देनजर आई है।

# ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजरायली हमले की निंदा की है। उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में एक आर्टिकल में लिखा कि इजरायल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजरायल का दोहरा मापदंड है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजरायल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है। गाजा पर हमले की तरह यह इजरायली ऑपरेशन भी क्रूर और एकतरफा है, जो आम नागरिकों की जान और क्षेत्रीय स्थिरता को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए चलाया गया। ऐसे कदम सिर्फ अस्थिरता को बढ़ाते हैं और आगे आने वाले समय में बड़े संघर्ष के बीज बोते हैं। सोनिया ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लीडरशिप में इजरायल ने लगातार शांति भंग करने और आतंक को बढ़ावा देने का काम किया है। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



**कांग्रेस की चेयरपर्सन ने कहा: इजरायल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए**

## योग एक देश से दूसरे को जोड़ने का काम करता है: राष्ट्रपति

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिन के दौरे पर देहरादून आई हुई थीं। योगाभ्यास कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति जौलीग्रांट हवाई अड्डे से दिल्ली के -**शेष पृष्ठ दो पर**

# इजरायली स्ट्राइक: ईरानी परमाणु वैज्ञानिक समेत तीन कमांडर ढेर

## बमबारी में चार जवान भी मारे गए: आईडीएफ का दावा

तेहरान/ नई दिल्ली, वार्ता

**इजरायल ने ईरान** के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का शनिवार को 9वां दिन था। इजरायल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है।

इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 3 मौलवियों को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर बनने के लिए नॉमिनेट किया है।



संभावित उत्तराधिकारियों की रेस में खामेनेई के बेटे, मोजतबा का नाम नामित नहीं है। पहले कहा जा रहा था कि खामेनेई अपने बेटे को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर का पद संभालने के लिए तैयार कर रहे हैं। खामेनेई इजरायल की तरफ से लगातार हत्या की धमकियों के कारण एक बंकर में छिपे हुए हैं। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिकों के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजरायल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। इधर, ईरान के मशहद से एक और फ्लाइट शनिवार शाम 4.30 बजे 310 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 827 भारतीयों को निकाला जा चुका है। ईरान से भारत लौटे लोग हाथ में तिरंगा लेकर दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखे। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सूचित किया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को लेकर तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद से आज तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचा।

**सुप्रीम लीडर खामेनेई ने तीन संभावित उत्तराधिकारी चुने**

# अहमदाबाद हादसा: एयर इंडिया के तीन अफसरों पर गिरी गाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने शनिवार को एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लानिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।

तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर, एयर इंडिया ने कहा कि डीजीसीए के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो सामने आया। यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। एयर इंडिया का विमान बीजे मेडिकल कॉलेज की हॉस्टल बिल्डिंग से टकराया था। तीनों अफसरों पर 3 आरोप- नियमों के खिलाफ जाकर क्रू पेयरिंग करना। अनिवार्य उड़ान अनुभव और लाइसेंसिंग नियमों का उल्लंघन करना। शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना। एयर इंडिया इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाए।

### एक और विमान हादसा टला, फ्लाइट में फ्यूल कम था, पायलट ने मेडे कॉल की

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के करीब एक हफ्ते बाद एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे कॉल किया था। इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट के पायलट ने यह इमरजेंसी कॉल किया था। जानकारी शनिवार को सामने आई है। घटना 19 जून की है। पायलट ने विमान में फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने एटीसी को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी। हालांकि, इस फ्लाइट की तुरंत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन टेकऑफ के कुछ सेकेंड बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था। इस हादसे में भी पायलट ने मेडे कॉल की थी। मेडे कॉल एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इमरजेंसी कॉल है। एविएशन की भाषा में, इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब कोई विमान खतरे में हो। यह विमानन के क्षेत्र में सबसे जरूरी संकटकालीन सिग्नल है। बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा बेंगलुरु एयरपोर्ट के अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि इंडिगो की फ्लाइट के पायलट ने गुवाहाटी से टेकऑफ के बाद देखा कि विमान में पर्याप्त ईंधन नहीं है। चेन्नई आ रही फ्लाइट को बेंगलुरु डायवर्ट कर दिया गया।

# पोलिंग सेंटर के फुटेज सार्वजनिक नहीं किए जा सकते: ईसी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वोटिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं।

आयोग ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का ये जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करने की मांग पर आया है। आयोग ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वो सीसीटीवी फुटेज के जरिए बड़ी ही आसानी से पहचान कर सकेगा कि किसने उन्हें वोट दिया और किसने नहीं। इसके बाद वोट न देने वालों को परेशान किया जा सकता है। जनवरी 2024 में चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के दौरान चुनाव अधिकारी अनिल मसीह के बैलट पेपर से छेड़छाड़ करने के सीसीटीवी फुटेज सामने -**शेष पृष्ठ दो पर**



**कहा: वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं**



## संक्षिप्त समाचार

### करणी सेना अध्यक्ष की गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक

**प्रयागराज/आगरा।** आगरा स्थित सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हुए हिंसक प्रदर्शन के मामले में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा को राहत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। करणी सेना अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा ने इस मामले में अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोनों मामलों में गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की खंडपीठ ने पारित किया। कोर्ट ने याची को निर्देश दिया है कि वह विवेचना में पूर्ण सहयोग करें। इसके साथ ही संबंधित जांच अधिकारी (आईओ) को आदेश दिया गया है कि वह 60 दिनों के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करें और भारतीय न्याय संहिता बीएनएसएस की धारा 193(3) के तहत रिपोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में प्रस्तुत करें।

### योग दिवस पर गिरे सोने-चांदी के दाम

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सोना-चांदी के भाव में शनिवार को मामूली गिरावट आई है। खास तौर पर चांदी की कीमत एक बार फिर 1 लाख के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार की ओर से जारी नए रेट के अनुसार शनिवार को 22 कैरेट सोने की कीमत 92,240 प्रति 10 ग्राम है, जबकि 24 कैरेट सोने का रेट 1,00,620 प्रति 10 ग्राम चल रहा है। वहीं 18 कैरेट सोना 75,470 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। शनिवार को एक किलो चांदी का भाव 1,09,900 चला है। भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव1,00,520 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ में 1,00,620 रहा।

# हिमालय की चोटियों से समुद्री पोतों तक दिखी योग की झलक

## भारत समेत दुनियाभर में दिखा योग कार्यक्रमों का उत्साह

**नई दिल्ली, वार्ता**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारत समेत दुनिया भर में जगह-जगह आयोजित योगाभ्यास के विशेष सत्रों में लाखों की संख्या में लोगों ने मनोयोग और उत्साह से भाग लिया।

भारत में सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों से लेकर, कन्याकुमारी में समुद्र तट तक और राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से लेकर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक लोगों ने सुबह-सुबह 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया। विदेशों में भारतीय दूतावासों और राजनयिक मिशनों ने योग दिवस पर विशेष सत्र आयोजित किए। आस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया और विभिन्न देशों में योगप्रेमियों ने भी जगह-जगह योगाभ्यास सत्रों का आयोजन किया। इस बार मुख्य समारोह आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया



जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हजारों लोगों ने योगासन किए। प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल सैयद अब्दुल मजीद, आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, केन्द्रीय मंत्री के राम मोहन राव नायडू, प्रताप राव जाधव, चन्द्र शेखर, भूपति राजू निवास वर्मा कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग, ध्यान एवं प्राणायाम किए। मोदी ने इस अवसर पर योग को विश्व में शांति, समरसता और स्वास्थ्य का आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व भर में योग के प्रचार-प्रसार के लिए इसमें निहित विज्ञान को आधुनिक अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने का प्रयास चल रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योग कार्यक्रम में भाग लिया योग के प्रयोग से समस्त मानवता के लिए स्वस्थ और प्रसन्नता की कामना की। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। भारतीय सेना के जवानों ने कई स्थानों पर सियाचिन में योगसत्र आयोजित किए। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग गॉल्फ कोर्स सहित विभिन्न स्थानों मर योग सत्र आयोजित किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने 2500 कर्मियों के साथ योगाभ्यास समारोह में भाग लिया।

# युद्ध प्रभावित ईरान से 16 श्रमिक सुरक्षित बेंगलुरु लौटे

**बेंगलुरु, वार्ता**

■ **अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया**

इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान ईरान में फंसे कर्नाटक के गौरीबिदनूर तालुक के अलीपुर गांव निवासी 16 लोग सुरक्षित भारत लौट आए हैं। यहां केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

ईरान में भारत के एक ही गांव के 16 लोग काम कर रहे थे। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के दौरान ये लोग प्रभावित क्षेत्रों में फंस गए।बम एवं गोलियों की आवाज़ों से घिरे तनाव और भय के माहौल में वे वहां रहने को मजबूर थे। भारत सरकार के समन्वित प्रयासों और तेहरान में भारतीय दूतावास के राजनयिक हस्तक्षेप से श्रमिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला गया और यहां घर लाया गया। उनके आगमन पर हवाई अड्डे पर उनके परिवार के सदस्यों ने भावुक माहौल में गुलदस्तों के साथ उनका स्वागत किया। गौरीबिदनूर से विधायक पुटस्वामी गौड़ा वापस लौटने वालों की अगवानी करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

# योग क्रिया से भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया

**गोरखपुर, वार्ता**



■ **190 देशों में साधकों ने किया योग: योगी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है और योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाकर भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया यही वजह है कि आज 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 190 देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं।

योगी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्वयोग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। मंदिर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग भारत की ऋषि परंपरा का ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने योग के महत्व को प्राचीनकाल से ही विस्तृतरूप से अवगत कराते हुए कहा है 'शरी. रमाद्यं खलु धर्म साधनम' शरीर ही धर्म के पालन का साधन है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर ही संसार सांसारिक उत्कर्ष और आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है।

## राहुल गांधी ने मोबाइल रिपेयर तकनीशियनों से मुलाकात की

# पीएम नारे लगाने में माहिर, समाधान में नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **पीएम की मेक इन इंडिया नीति पूरी तरह से फेल, पीएम मोदी के पास कोई नया विचार नहीं : कांग्रेस**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें नारे गढ़ने की कला में महारत हासिल है, जबकि समाधान नहीं देते हैं।

गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' वादे के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर आ गया है और चीन से आयात दोगुना क्यों हो गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी ने नारे देने की कला में महारत हासिल कर ली है, समाधान देने में नहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक, हमारे अर्थव्यवस्था में विनिर्माण का हिस्सा घटकर 14 प्रतिशत रह गया है। सच्चाई यह है कि हम असेंबल करते हैं, आयात करते हैं, लेकिन निर्माण नहीं करते। इसका फायदा चीन को हो रहा है। गांधी ने 'एक्स' पर आज एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह यहां नेहरू प्लेस में मोबाइल रिपेयर करने वाले दो युवकों शिवम और सैफ से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू प्लेस में शिवम और सैफ से मिला। वह प्रतिभाशाली, कुशल और संभावनाओं से भरे हैं फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह है कि हम असेंबल करते हैं, हम आयात करते हैं लेकिन हम निर्माण नहीं करते हैं। इसमें चीन मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पास कोई नया विचार नहीं है। उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। यहां तक कि महत्वपूर्ण योजना उत्पादन संलग्न प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को चुपचाप बंद किया जा रहा है। गांधी ने कहा कि अगर भारत अपनी निर्माण क्षमता अगर नहीं बढ़ाता है, तो हम केवल दूसरे देश का बाजार बनकर रह जाएंगे। भारत को अब इमानदार सुधार और वित्तीय समर्थन के साथ एक मूलभूत परिवर्तन की जरूरत है। हमें सिर्फ बाजार नहीं बल्कि निर्माता बनना है। चीन लाभ कमाता है, चीन दुनिया का इलेक्ट्रॉनिक बाजार है, कहीं और कोई इलेक्ट्रॉनिक बाजार नहीं है। आप जितने चाहें, उतने आईफोन असेंबल करें, आप बस भारत के बड़े कुलीन वर्गों को पैसा दे रहे हैं, आईफोन बनाना शुरू करें, यह पूरी तरह से अलग खेल है।

## चुनाव आयोग पर किया तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मतदान के वीडियो फुटेज और तस्वीरों को सुरक्षित रखने की अवधि घटाने पर चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि जिसे सबूतों की सुरक्षा करनी चाहिए वहीं उन्हें मिटा रहा है।

गांधी ने चुनाव आयोग के ताजा फैसले को लेकर प्रहार किया है। दरअसल आयोग ने हाल ही में चुनावी वीडियो फुटेज और तस्वीरों को सुरक्षित रखने की अवधि को एक साल से घटाकर 45 दिन कर दिया। आयोग का कहना है कि अगर इस दौरान कोई चुनाव याचिका दायर नहीं होती, तो डेटा नष्ट किया जा सकता है। इस फैसले को गांधी ने 'लोकतंत्र के लिए जहर' करार दिया और आरोप लगाया कि सबूत जानबूझकर मिटाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर कहा कि वोटर लिस्ट? मशील रिडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। साफ़ दिख रहा है, मैच फिक्स है। और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए ज़हर है।

# ट्रम्प को सिर्फ अपनी परवाह: उमर अब्दुल्ला

## वह तभी तक देशों का दोस्त है, जब तक उसका फायदा न हो

**श्रीनगर, वार्ता**



■ **हम उन्हें दोस्त मानते थे, पाक आर्मी चीफ को लंच पर बुलाने पर बोले जम्मू-कश्मीर के सीएम**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका तभी तक अन्य देशों का दोस्त है जब तक उसका फायदा हो। वह अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच के लिए बुलाया था। इस पर मीडिया ने उमर से सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी मर्जी के मालिक हैं। हम उन्हें नहीं बता सकते कि वे किसे लंच पर बुलाएं और किसे नहीं। उमर ने कहा कि यह अलग बात है कि हम सोचते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमारे (भारत के) बहुत खास दोस्त हैं और वे हमारी दोस्ती का ख्याल रखेंगे, लेकिन जाहिर है अमेरिका वही करता है जिससे उसे फायदा हो। उन्हें किसी अन्य देश की परवाह नहीं है। ईरान-इजरायल युद्ध पर उमर ने कहा कि यह बंद होना चाहिए और बातचीत के जरिए इसका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बमबारी शुरू नहीं होनी चाहिए थी। जब अमेरिकी खुफिया विभाग के चीफ से पूछा गया था कि क्या ईरान के पास परमाणु बम है, तो उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान बम बना सकता है, लेकिन इजरायल ने कुछ महीनों के अंदर ही ईरान पर हमला कर दिया। ईरान में पढ़ रहे कश्मीरी स्टूडेंट्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम उन्हें रातों-रात वापस नहीं ला सकते। एयरपोर्ट और और बंदरगाह बंद हैं। हम पहले उन्हें सड़क के रास्ते उन शहरों में ला रहे हैं जहां बमबारी नहीं हुई है, फिर उन्हें आर्मेनिया के रास्ते वापस लाया जा रहा है।

### इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जल्द समाप्त हो जाएगा: सीएम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि इजरायल और ईरान के बीच युद्ध जल्द ही समाप्त हो जाएगा और बातचीत के माध्यम से इसका समाधान निकलेगा। अब्दुल्ला ने गांद. रबल में मीडियाकर्मियों से शनिवार को बात. चीत के दौरान चेतावनी दी कि अगर इजरायल और ईरान के बीच और तनाव बढ़ा, तो बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम केवल आशा और प्रार्थना कर सकते हैं कि ऐसा युद्ध न हो, क्योंकि स्थिति पहले से ही बहुत गंभीर है। मुझे समझ में नहीं आता कि इज़राइल ने ईरान पर किस आधार पर हमला किया। कुछ दिन पहले ही, अमेरिकी खुफिया विभाग के प्रमुख ने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के करीब नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर अमेरिका ने कुछ हफ्ते पहले ही यह कहा था, तो फिर इज़रायल ने ईरान पर हमला क्यों किया? जाहिर है, इसके पीछे कुछ राजनीतिक मकसद हैं। फिर भी, हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध जल्द ही समाप्त होगा और बातचीत के माध्यम से कोई समाधान निकलेगा।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले वर्ना जाएंगे कोर्ट

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि इसमें और देरी होने पर उनकी पार्टी को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। अध्यक्ष ने कहा कि देरी होने पर सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पहलगाम में पत्रकारों से बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार को बने हुए आठ महीने हो चुके हैं। मुझे उम्मीद है कि जब राज्य का दर्जा बहाल होगा, तो हमें प्रशासनिक अधिकार भी मिलेंगे, जो सच्चे शासन के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा मिलने से सारी शक्तियां सरकार के पास आ जाएंगी। पूर्व सीएम ने कहा कि लोग व मंत्री तो चाहते हैं, लेकिन राज्य का दर्जा मिले बिना यह असंभव है।

# यूपी के हर थाने में 25-25 सिपाही बढ़ेंगे: डीजीपी

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश में पुलिस थानों में अब 25-25 सिपाही बढ़ जाएंगे। पुलिस विभाग में 60244 सिपाहियों की नियुक्ति के बाद डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि जब नवनियुक्त सिपाहियों का प्रशिक्षण पूरा हो जाएगा, तब हर थाने में लगभग अतिरिक्त सिपाही तैनात किए जाएंगे। इन सिपाहियों को बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण दिया जाएगा और थाने की कार्यक्षमता को काफी हद तक बढ़ा देंगे। डीजीपी ने कहा कि ये नई भर्ती वाले आरक्षी आने वाले 30 से 40 वर्षों तक न सिर्फ यूपी पुलिस का मजबूत हिस्सा बनेंगे, बल्कि समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे ट्रेनिंग ले रहे सिपाहियों को अपने अनुभव से सीख दें और ऐसा व्यवहार करें, जिससे सिपाही उन्हें देखकर सीख सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारी खुद अनुशासित रहें, अच्छी वर्दी पहनें, अच्छा आचरण दिखाएं और परेड में खुद शामिल हों, साथ ही ट्रेनिंग की समय-समय पर अच्छे से निगरानी भी करें। डीजीपी ने कहा कि सिपाहियों की पहले से मौजूद योग्यताओं और ट्रेनिंग के दौरान सीखे गए नए कौशल के आधार पर उनकी जानकारी को वर्ग बनाकर रिकॉर्ड किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि ट्रेनिंग में क्या-क्या दिक्कतें आ रही हैं और क्या सवाल हैं, साथ ही मुख्यालय के अधिकारियों को आदेश दिया कि इन समस्याओं का जल्दी हल किया जाए। उन्होंने ये भी कहा कि ट्रेनिंग सेंटरों में अगर कोई काम किसी और विभाग से जुड़ा है, तो सभी विभाग मिलकर उसे जल्द पूरा करें। डीजीपी ने कहा कि महिला ट्रेनिंग सेंटरों में पूरी सुरक्षा होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार वहां विशाखा कमेटी जरूर बनाई जाए, ताकि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का सही तरीके से निपटारा हो सके। जरूरत के मुताबिक सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और महिला अधिकारी समय-समय पर इन सेंटरों का निरीक्षण करती रहें। इनके प्रशिक्षण में 5.56 एमएम इंसास रायफल, एके-47, ग्लॉक पिस्टल, 9 एमएम पिस्टल, ग्रेनेड, 7.62 एमएम एसएलआर, .38 रिवाल्वर, 9 एमएम कारबाइन, रबर बुलेट फायरिंग और जीएफ रायफल चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा, आईईडी, बूबी ट्रैप्स और विस्फोटकों की पहचान व निष्क्रिय करने की जानकारी भी शामिल होगी। तलाशी के तौर-तरीके जैसे आवासीय भवन, कार्यालय, गोदाम, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्डन एंड सर्च, वाहन जांच और सड़क पर छानबीन की प्रक्रिया भी सिखाई जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योग एक देश....**

लिए रवाना हो गई हैं। अपने दौरे के अंतिम व तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया। देशवासियों का संदेश देते हुए मुर्मू ने कहा कि योग एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से तथा एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम करता है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। योग कार्यक्रम में उनके साथ उत्तराखंड के राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह ने भी योगाभ्यास किया।

ग्रीष्मकालीन राजधानी में मुख्यमंत्री धामी-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराडी सेंण में स्थित विधानसभा परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। ये पहली बार है कि गैरसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। 8 देशों के विदेशी योग साधक मेहमान भी इस आयोजन में शामिल हुए।

**पोलिंग सेंटर...**

आए थे। इसके बाद आयोग ने दो बार नियम में बदलाव किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने तय किया है कि अब चुनावों के दौरान खींची गई फोटो, सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग सिर्फ 45 दिनों तक ही सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके बाद सारा डेटा डिलीट कर दिया जाएगा। ईसी ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजे को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती है, तो 45 दिन बाद ये सारा डेटा नष्ट कर दिया जाए। फैसला फुटेज के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को रोकने के लिए लिया गया है। ईसी का कहना है कि हाल ही में कुछ गैर-उम्मीदवारों ने चुनावी वीडियो को तोड़-मरोड़कर गलत नैरेटिव फैलाने की को. शिश की, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर 2024 को केंद्र सरकार ने चुनाव नियम बदलकर पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करने से रोक दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटिंग और मतगणना जैसे चुनावी चरणों की रिकॉर्डिंग का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। यह काम आंतरिक निगरानी और पारदर्शिता के लिए किया जाता है, लेकिन इन रिकॉर्डिंग्स का इस्तेमाल गलत नैरेटिव के लिए भी किया जाता रहा है। इसलिए इन्हें लंबे समय तक रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अब तक चुनाव से जुड़ी रिकॉर्डिंग एक साल तक संभाल कर रखी जाती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई कानूनी जांच हो सके। दिसम्बर 2024 में भी नियमों में बदलाव हुआ था केंद्र सरकार ने 20 दिसम्बर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव के नियमों में बदलाव किया था। अधिकारियों ने बताया कि एआई के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। बदलाव के बाद भी ये कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम में बदलाव किया था।

# यूपी के सभी छोटे और बड़े शहर बनेंगे ग्रीन सिटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के सभी छोटे और बड़े शहरों को गीन सिटी बनाया जाएगा। इन शहरों को नई हरित नीति के तहत अवार्ड दिया जाएगा।

इसके लिए योगी सरकार अब यूपी के सभी शहरों की रैंकिंग कराएगी। हर शहर को यह रैंकिंग उसकी हरियाली और पर्यावरण के लिए किए जा रहे कामों के आधार पर मिलेगी। इसके लिए एक ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो यह देखेगा कि कौन-सा शहर कितना हरित है, उसी के मुताबिक शहरों को ग्रीन स्टार रेटिंग दी जाएगी।

कानपुर, आगरा, वाराणसी और लखनऊ जैसे ज़्यादा प्रदूषित शहरों में सरकार का लक्ष्य है कि साल 2026 तक प्रदूषण 40 प्रतिशत तक कम किया जाए। इसके लिए नए बनने वाले सभी भवनों में ग्रीन बिल्डिंग के नियम अनिवार्य किए जाएंगे, जो शहर सबसे अच्छा प्रदर्शन करेगा, उसे अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरस्कार मिलेगा। शहरों में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए आधुनिक तरीके से पौधरोपण किया जाएगा। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से शुक्रवार को नगर विकास विभाग की शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग के सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह नीति यूपी को भारत का सबसे हरित राज्य बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और इससे लाखों लोगों की जीवनशैली बेहतर होगी। सरकार की नई शहरी हरित नीति के तहत हर शहर की हरियाली और पर्यावरण को लेकर किए गए कामों की निगरानी की जाएगी। इसके लिए एक मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाएगा।

शहरों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग ग्रीन रैंकिंग दी जाएगी, जैसे ग्रीन सिटी, ग्रीन +, ग्रीन ++ और ग्रीन +++। अगर किसी शहर में 25 प्रतिशत से ज्यादा हरियाली है और उसे 80 प्रतिशत से ज्यादा स्कोर मिलता है, तो उसे ग्रीन प्लस की रैंकिंग मिलेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फांसी पर लटका मिला युवक का शव

## आत्महत्या व हत्या में उलझी पुलिस, मृतक की पत्नी से पूछताछ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली क्षेत्र मे संदिग्ध परिस्थितियों में हुई एक बच्चे की पिता की मौत के बाद पुलिस ने पत्नी को ही संदिग्ध मानते हुए उसको हिरासत में ले लिया है। सूत्रों का कहना है कि महिला के मोबाइल में पुलिस को कुछ संदिग्ध चीजे मिली है जिससे परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या जैसे आरोपों को पुलिस गंभीरता से ले रही है। यहां पहुंचे परिजन पत्नी पर सीधा-सीधा हत्या का आरोप लगा रहे है और पुलिस ने इस घटना के खुलासे के लिए शव का पोस्टमार्टम के कराया और मृतक की पत्नी से काफी देर तक पूछताछ की गई। ऐसी घटनाएं आए दिन सामने आ रही है जिससे साफ हो रहा है कि पति-पत्नी के पाक रिश्तों में अब कोई विश्वास



मृतक का फाइल फोटो।

नहीं रहा है। धीरे-धीरे पति-पत्नी के रिश्ते की विश्वास डोर कुछ लोगों के कारण टूटती जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र में हुई हत्या और भोपा क्षेत्र में प्रेमी को पाने के लिए दो मासूम बच्चों का किया गया कत्ल भी इस बात का सबूत है। मूलरूप से खाईखेडा का रहना वाला तीस वर्षीय सलमान पुत्र इलमी छोटा सा किसान था। और उसकी शादी लॉकडाउन में यानि के करीब पांच वष पूर्व भोपा क्षेत्र के गांव ककराला की रहने वाली शाहीन के साथ हुआ था। सलमान व शाहीन शादी के कुछ दिन बाद ससुराल में रहे, लेकिन जिद के चलते पति-पत्नी अलग किराये के मकान पर रहने लगे हाल में वह कोतवाली क्षेत्र में किरये के मकान पर रह रहे थे। जैसा की सूत्रों का कहना है कि बीती रात दस बजे शाहीन ने सलमान के परिजनों को सूचना देकर बताया कि उसके पति की हालत खराब है जब वह यहां पहुंचे तो सलमान की मृत्यु हो चुकी थी।

इस दौरान शहर कोतवाली पुलिस भी घटान स्थल पर पहुंचकर छानबीन में लगी हुई थी लोगों का कहना है कि फांसी लगने से उसकी मौत हुई है यह बात अलग है कि सलमान ने किसी बात को लेकर फांसी लगाई है या फिर फांसी लगाकर उसकी हत्या की गई है। पुलिस भी इस बात की जांच कर रही है कि सलमान ने आत्महत्या की तो इसके पीछे क्या कारण रहा और यदि फांसी लगाकर उसकी हत्या की गई तो इस कत्ल में कौन-कौन शामिल है वजह तो पुलिस समझ चुकी है क्योकि परिजन महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप भी लगा रहे है। मृतक के एक बेटा है पुलिस ने कार्यवाही के लिए शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

## हाईवे पर बेकाबू कार खाई में गिरी, युवक की मौत

**छपार।** बरला के निकट अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार जिससे उसमें सवार एक युवक की मौत और चार घायल हो गए। और घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

शनिवार को नोएडा से एक बलेनो कार में सवार होकर रितेश पाल, दीपक मिश्रा, करण मिश्रा, कुणाल, चेतन गंगा स्नान के लिए हरिद्वार जा रहे थे जब कार बरला से आगे एक पेट्रोल पंप के निकट पहुंची तो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई और पेड से टकराने पर 24 वर्षीय रितेश पुत्र राज विजयपाल निवासी लखनऊ की मौके पर ही मौत हो गई और कार में सवार बाकी चार युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। सभी युवक नोएडा में बीटेक के छात्र थे।

# हरसौली चौकी के निकट किसान को ट्रक ने रौंदा, मौत

## रामपुरी के अमन का शव रेलवे लाइन पर मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर बुढ़ाना मार्ग पर शनिवार की अल सवेरे चार बजे बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार किसान को रौंद डाला, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक मौत की नींद सो गया। घटना शुक्रवार रात की है और मृतक ने परीचित कुछ लोगों पर मरने से पहले गंभीर आरोप लगाए है। शाहपुर व जीआरपी पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों से दोनो शवों का पोस्टमार्टम करा दिया है।

शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव निरमानी निवासी 40 वर्षीय सुधीर कुमार पुत्र राजकुमार शनिवार की सवेरे करीब चार बजे बाइक द्वारा अपनी बहन से मिलने गांव रोहाना जा रहा था जैसे ही वह हरसोली चौकी के निकट एक हॉस्पिटल के पास पहुंचा तो अचानक तेज गति से आए ट्रक ने किसान को बुरी तरह से रौंद डाला, हालांकि पुलिस ने उसको अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसको मृतक घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया और पुलिस नेघटना के आरोपी तक पहुंचने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान सुधीर कुमार की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। कुछ देर बाद ही परिजन व ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। उधर शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि बढेडी रेलवे लाइन के निकट एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस व ग्रामीण मृतक की पहचान कर ही रहे थे कि उसके पास से मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान 22 वर्षीय अमन पाल पुत्र रविन्द्र पाल नई बस्ती दक्षिणी रामपुरी के रूप में की गई। बताया जाता है कि मृतक अमन पाल ने घटना से पहले अपने परिचितो पर गंभीर आरोप लगाए है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और इस मामले की छानबीन की जा रही है।




मुजफ्फरनगरः योग दिवस पर प्रभारी मंत्री को सम्मानित करते मण्डलायुक्त व भाजपा नेतागण।



मुजफ्फरनगरः राधिका पुरम में स्वामी श्री भगवान आश्रम में योगा करते महाराज व उनके साथी।

## युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र में बिजली घर के अंदर संविदाकर्मी का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद यहां पहुंचे परि. जनों ने कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर ग्राम कसेरवा में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी।

तितावी क्षेत्र के गांव नूनाखेडी निवासी 32 वर्षीय अनुज पुत्र यशपाल ग्राम बुढ़ीना कला बिजलीघर पर संविदाकर्मी के पद पर तैनात था।

शनिवार को वह ड्यूटी पर आया था जहां दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे परिजनों को सूचना मिली कि अनुज का शव बिजलीघर के अंदर पड़ा हुआ है। परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों ने कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। इससे पहले पुलिस ने शव को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भेज दिया था जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

वहीं दूसरी ओर ग्राम कसेरवा में रहीस पुत्र शौकत की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। मृतक की कुछ दिन पूर्व सगाई हुई थी और रिश्ते में अड़चन के चलते घटना होना बताया जा रहा है

# योग कर स्वस्थ जीवन की अलख जगाई

## 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में हुआ योगाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 11 वें अंत. रराष्ट्रीय योग दिवस पर सूरज की पहली किरणों के साथ योगाभ्यास की शुरुआत हुई, जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरो और खासे आम ने लोगों में स्वस्थ्य जीवन के प्रति जागरुकता की अलख जगाई।

शनिवार को डीएवी इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित भव्य और अनुशासित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में हजारों लोगों का सैलाब उमड़ा नजर आया। जिसने वातावरण को ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन से भर दिया। इस कार्यक्रम ने जनसामान्य को योग के महत्व और उसकी सार्वभौमिक उपयोगिता से जोड़ने का अद्वितीय कार्य किया। विद्यालयों, कॉलेजों, सरकारी कार्यालयों सामुदायिक केंद्रों और ग्राम पंचायतों में भीकृसामूहिक योग सत्र आयोजित किए गए। सामूहिक योग कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री व जनपद प्रभारी डॉ. सोमेंद्र तोमर ने दीप जलाकर किया।

उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल और नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप विशिष्ट अतिथि रहे। सहारनपुर मंडल के आयुक्त अटल कुमार राय, सीडीओ कमल किशोर कंडारकर और एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। योगाचार्य सोनिया लूथरा के निर्देशन में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया, जिनमें ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम और ध्यान शामिल थे। योगाचार्य ने हर आसन के वैज्ञानिक और आयुर्वेदिक महत्व की जानकारी दी, जिससे लोगों में जागरूकता के साथ आत्मविश्वास भी जाग्रत हुआ। प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम और सबसे बहुमूल्य देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से आज योग को वैश्विक पहचान मिली है। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य का रक्षक है, बल्कि हमारे लिए मान. सिक और आत्मिक शांति का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, क्षेत्रीय मंत्री पश्चिम डॉ. पुरुषोत्तम अचिंत मित्तल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, चिकित्सक, स्वयंसेवी संस्थाएं और नागरिकों के अलावा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। राधिका पुरम स्थित स्वामी श्री भगवान आश्रम में भगवान श्री महाराज ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# तन, मन व आत्मा का संतुलन है योगः महेश

**सुरेन्द्रनगर कॉलौनी के लोगों ने सीखी स्वस्थ जीवन की कला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित सुरेंद्रनगर कॉलोनी के शिव मंदिर प्रांगण में योग गुरु राजेश शर्मा ने 11 वें विश्व योग दिवस पर 50 से भी ज्यादा योग साधकों को आयुष मंत्रालय की गाइडलाइन में योग, साधना का ध्यान कराया गया। उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री महेश बंसल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा किष्योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि तन, मन और आत्मा का संत. ुलन है यह हमें न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर करता है।



योगाचार्य अनित सैनी, शिखा जैन ने सभी कॉलोनीवासी महिलाओं व पुरुषों को विभिन्न आसन कराए तो वहीं राजपाल सिंह कुशवाहा ने योग के भौतिक एवम आध्यात्मिक लाभ पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के अंत में राजेश शर्मा ने गीत गाकर लोगों में उत्साह भरा। प्रसाद में केले वितरित किए गए।

कालोनी सचिव श्रीपाल सिंह पुंडीर समेत सुरेंद्रनगर कॉलोनी के समस्त लोगों ने योग कर स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखी।

## फैक्ट्री में जलता मिला प्रतिबंधित ईंधन

**मुजफ्फरनगर।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने भोपा रोड एनएच-58 हाईवे ओवरब्रीज के निकट एक फैक्ट्री पर छापा मारा तो यहां बिना अनुमति और बिना एनओसी के चलाई जा रही फैक्ट्री में प्रतिबंधित ईंधन जलता पाया गया।

यह फैक्ट्री बीजेपी नेता के रिश्तेदार की बताई गई है। टीम को मौके पर दो भट्टियों में से एक भट्टी चालू हालत में मिली जिसमें वुड, चिप्स और खोई के अलावा प्रतिबंधित ईंधन प्लास्टिक, पॉलिथीन का वेस्ट जलाया जा रहा था। फैक्ट्री से निकलने वाले धुंए के कारण आस-पास का वातारण दूषित था। टीम ने फैक्ट्री मालिक को जुर्माने का नोटिस देते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।



मुजफ्फरनगर : जानसठ हाईवे स्थित देवल गुरुदारे पर भाकियू के धरने पर हुई मासिक समीक्षा।

## धरना स्थल पर हुई भाकियू की मासिक समीक्षा पंचायत

### बोले जिलाध्यक्ष-समाधान होने तक डटें रहेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देवल गुरुद्वारे पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत देवल गुरुद्वारे पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना में भाकियू कार्यकर्ताओं व किसानों का हौंसला बढ़ाने पहुंचे जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने कहा कि समाधान होने तक धरना जारी रहेगा। किसान हटेंगे नहीं डटे रहेंगे।

यहां किसानों की प्रत्येक माह होने वाली मासिक समीक्षा पंचायत में देवल गुरुद्वारे पर चल रहे आंदोलन और हरिद्वार में प्रत्येक वर्ष होने वाले 16-17-18 जून के राष्ट्रीय अधिवेशन चिंतन शिविर के विषय में चर्चा करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि इन सब आंदोलनों में मुजफ्फरनगर जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है जो गर्व की बात है। जिला मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह ने संगठन की एकता पर बल दिया। यहां प्रमोद अहलावत, अशोक तोमर, सतेन्द्र पुण्डीर, वसीम, शुऐब, गुलफाम, जोगेन्द्र, सचिन, अफसर अली, अमजद अली, सरबजीत, साजिद हुसैन, सहसर पाल सिंह, योगेश बालियान, गजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## भाकियू तोमर के पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने घेराव व धरने के चलते भाकियू तोमर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज होते ही दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। उधर भाकियू तोमर ने पुलिस कार्यालय पर घेराव की घोषणा को जारी रखा। बता दे कि दो दिन पूर्व भाकियू तोमर के युवा प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम अंकित गुर्जर के नेतृत्व में नई मंडी कोतवाली में अपनी कई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान धरने पर बैठे लोगों को पुलिस की लाठियां खाकर भागना पडा था। इसके बाद कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था, लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उसी समय पुलिस कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी भी दी थी। नई मंडी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यकर्ता सोनू चौधरी और सलीम मलिक को गिरफ्तार कर लिया।




# मंत्री कपिल देव ने किया विवेकानंद रोड का लोकार्पण

## दक्षिणी कृष्णापुरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा क्षेत्र के दक्षिणी कृष्णापुरी स्तिथ जैन पेठे से लेकर एसटीपी प्लांट स्वामी विवेकानंद रोड के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह सड़क क्षेत्रीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसकी स्वीकृति अब योगी सरकार के जनहितकारी नीतियों के अंतर्गत मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्ण हो रही है। यह मार्ग न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा बल्कि स्थानीय व्यापार एवं सामाजिक गतिविधियों को भी नया प्रोत्साहन देगा।

मंत्री ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए विधुत आपूर्ति सुचारु रूप से चलाने, विधुत पोल शिफ्टिंग व क्षेत्र में जर्जर तारों, ट्रांसफॉर्मर की स्थिति का सर्वेक्षण कर समय रहते आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, ताकि सडक निर्माण के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था भी सुदृढ हो सके। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि क्षेत्र के हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, जल व स्वच्छता पूर्ण रूप से उपलब्ध हों।

मंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की योगी सरकार जन-जन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी भावना से विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल, मण्डल महामंत्री राधे वर्मा, क्षेत्रीय सभासद राजीव शर्मा, योगेश मित्तल, मोहित मलिक, प्रशांत चौधरी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष निकुंज सिंघल, क्रांतिकारी शालू सैनी, हरगोपाल कश्यप, रामपाल सेन, रोहित जैन आदि देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिकगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने मंत्री का आभार जताया।

# व्यापारियों ने सड़क की ऊंचाई को लेकर आपत्ति जताई

## पीडब्लूडी ने दोबारा सर्वे कराने की बात कही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लोक निर्माण के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को दोबारा सर्वे के बाद शुरू होगा कार्य

मिल रोड पर बनाई जा रही सड़क की ऊंचाई को लेकर दुक. ानदारों नेआपत्ति जताई। मौके पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को दोबारा सर्वे के बाद ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा ।

बता दे की मंसूरपुर बस स्टैंड से मिल गेट तक 360 मी आर सीसी की सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। सड़क निर्माण के लिए पुरानी सड़क को उखाड़ कर रोड़ी और मिटी से भराव का कार्य चल रहा है। कुछ दुकानदारों का कहना है कि सड़क की ऊंचाई अधिक हो जाएगी जिससे उनकी दुकान गहराई में चली जाएंगी।

आज लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार टीम के साथ पहुंचे और उन्होंने दुकानदारों से वार्ता की।

उन्होंने दुकानदारों को आश्वा. सन दिया कि सोमवार को दोबारा सड़क के लेवल का सर्वे कराया जाएगा उसके बाद ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा। तब तक निर्माण कार्य स्थगित रहेगा। मंसूरपुर शुगर मिल के फैक्ट्री मैनेजर वी त्रिपाठी का कहना है कि मंसूरपुर बस स्टैंड पर सड़क की ऊंचाई अधिक हो जाने से गन्ना लेकर आने वाले वाहनों को परेशानी होगी। वहां पर ऊंचाई कम होनी चाहिए। भाजपा नेता नंदकिशोर पांचाल का कहना है कि सड़क निर्धारित मानक के अनुसार ही बननी चाहिए।जिससे सड़क पर पानी नहीं भरेगा और वह अधिक दिनों तक चलेगी।

### अंडर ट्रेनिंग दरोगा व दो आरक्षियों पर गिरी गाज

**बुढ़ाना।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा जहां एक और संपूर्ण समाधान दिवस का प्रचार नहीं किए जाने और कम शिकायतें आने पर नाराज़ नजर आए वहीं उन्होंने कुछ फरियादियों के द्वारा की गयी भ्रष्टाचार की शिकायत का संज्ञान लेते हुए बुढ़ाना कोतवाली में तैनात अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर गो. विंद चौधरी के अलावा दो कांस्टेबल अनुज कुमार और मोहित कुमार को भी तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जाता है कि एसएसपी संजय कुमार वर्मा की इस कार्यवाही से अन्य पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच हुआ है।

# पुलिस ने लुटेरे को गोली मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** लूट करके पुलिस को छकाने वाला लुटेरा आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ ही गया। पुलिस ने मात्र 24 घंटे में लूट की घटना का खुलासा कर लुटेरे को गोली मारकर पकड लिया। पुलिस ने लुटेरे के पास से कुछ सामान भी बरामद किया है।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बसी से पहले ग्राम नसीरपुर जाने वाले रास्ते पर अज्ञात लुटेरे द्वारा दूधिया हिमांशू के साथ लूट की घटना की गयी थी।

जिसमें लुटेरों ने पीडित का पर्स, मोबाइल व पैसे लूट लिए थे। इस मामले में पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लुटेरे की तलाश शुरु कर दी थी और आज सफलता भी मिली। मुखबिर ने टीम को बताया कि जो लूट नसीरपुर मार्ग पर हुई थी उसे अंजाम देने वाला लुटेरा मेरठ करनाल हाईवे पर वाजिद के होटल के पास वास्ते रास्ते से आ रहा है। सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंची तथा संदिग्ध वाहन व व्यक्ति की सघन चैकिंग करने लगे।

तभी 1 संदिग्ध व्यक्ति बाइक पर आते दिखा। जिसे टीम ने रूकने का इशारा किया तो उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने लगा।

जहां टीम ने भागदौड़ कर लुटेरे को गोली मारकर पकड़ लिया। लुटेरे का नाम फुरकान उर्फ भेंकडा पुत्र मुस्तकीम निवासी हर्रा थाना सरूरपुर जनपद मेरठ है। घायल बदमाश के कब्जे से अवैध शस्त्र, 1 प्लेटिना बाइक, 1 मोबा. इल फोन व लूटा गया 1 आधार कार्ड व 1 हजार रूपये बरामद किये। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया।

# चीन से आए योगाचार्यों ने सैकड़ों लोगों को कराया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुजफ्फरनगर में एसएमडी योग परिवार द्वारा वसुंधरा रेजिडेंसी मैं योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योगाचार्य मनमोहन बालियान ने योग साधकों को योग की अलग-अलग क्रियाओ का अभ्यास व योग से शरीर को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए जिसमें योगाचार्य देव बालियान, दीपक बालियान, सम्राट तोमर, संदीप शर्मा साथ रहे। मनमोहन बालियान कई वर्षो तक चीन में रहकर योगाचार्य के तौर पर सैकड़ों लोगों को योग सिखा चुके है। इनके भाई भी चीन में योगाचार्य रह चुके हैं।




# पारिवारिक कलह के चलते दो भाइयों ने लगाई गंगनहर में छलांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पारिवारिक विवाद के चलते दो भाइयों ने शनिवार को आत्महत्या के इरादे से गंगनहर में छलांग लगा दी। घटना में एक भाई नहर ने डूब गया, जबकि दूसरे को नहर पर मौजूद युवकों ने बहादुरी दिखाते हुए बचा लिया।

खतौली कस्बे के जैन नगर निवासी 30 वर्षीय नवीन और उसका बड़ा भाई 34 वषह्वय प्रवीण पुत्र ब्रह्मसिंह के बीच शनिवार की देर शाम हुए किसी पारिवारिक विवाद को लेकर घर से निकल गए थे। बताया गया कि दोनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इससे आहत होकर दोनों कांवड़ पटरी मार्ग स्थित जैन नगर के सामने गंगनहर पहुंचे और नहर में छलांग लगा दी। नहर किनारे मौजूद कुछ युवकों ने जब यह ख्रश्य देखा तो तत्काल हरकत में आ गए और बचाव का प्रयास किया। हिम्मत दिखाते हुए युवकों ने प्रवीन को तो सकुशल बाहर निकाल लिया, लेकिन नवीन तेज बहाव में बह गया और लापता हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नवीन की तलाश शुरू कर दी। कई घंटों की मशक्कत के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। नवीन मेरठ शहर के एक निजी स्कूल में शिक्षक था। युवक के नहर में डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक की तलाश जारी है और घटना की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों द्वारा समय पर दी गई सूचना और युवकों की तत्परता से एक जीवन बच गया, लेकिन दूसरे के डूबने से मौहल्ले वासियों और परिजनों में गमगीन माहौल बना हुआ है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस गोताखोरों की मदद से नहर में डूबे नवीन की तलाश कर रही थी। इस घटना के बाद नहर पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

### लूट की झूठी सूचना देना युवक को पड़ा भारी

**चरथावल।** चरथावल थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लड़वा रोड पर लूट की सूचना से हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर जांच की तो मामला लेनदेन का निकलने पर युवक को हिरासत में लिया गया हैं।

शनिवार दोपहर में चरथावल थाना क्षेत्र में चलने वाली पीआरबी 112 पर चरथावल देहात के मरियम पुरा मोहल्ले के युवक आसिफ द्वारा लूट की सूचना देते हुए बताया कि मैं अपनी मोटरसाइकिल से सवार होकर लडवा रोड होते हुए शाहपुर जा रहा था तभी भट्टे से अगली तरफ मोटरसाइकिल सवार तीन युवको द्वारा 98000 लूट लिए हैं। लूट की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकार सदर देवव्रत और प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह मय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे तथा घटना के संबंध में गहनता से जांच की गई। आसिफ से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया गया की मेरे ऊपर मेरी शाहपुर निवासी बुआ के लड़के फिरोज के 110000 रुपए उधार थे। जिनका फिरोज द्वारा बार-बार तकादा किया जा रहा था। देनदारी में कुछ समय मिल जाए इसलिए आसिफ द्वारा लूट की फर्जी सूचना पुलिस को दी गई।

# रुडकली प्रकरण में पीड़ित पिता से मिले मनीष चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने शनिवार को भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली में प्रेम प्रसंग के कारण मां द्वारा अपने ही दो बच्चों को जहर देकर मारने की घटना को निंदनीय और भयावह बताते हुए पीड़ित पिता को कानूनी और सामाजिक लड़ाई में हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी शनिवार को गांव रुड़कली में पहुंचे और पीड़ित पिता मोहम्मद वसीम एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया कर्मियों से बात करते हुए प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने बताया कि अपने अनैतिक संबंधों की खातिर अपने ही मासूम बच्चों को प्रेमी के कहने पर जहर देकर उनकी हत्या करने वाली मुस्कान का करते ना तो देश का कानून माफ करेगा और ना ही समाज में इसे स्वीकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में आज यह विडंबना बन गई है कि महिलाओं द्वारा अपने पतियों और बच्चों का कत्ल कर अपने परिवारों की सामा. जिक प्रतिष्ठा को भी दागदार किया जा रहा है। अवैध संबंधों ने ऐसी महिलाओं को हर रिश्ते से परे कर दिया है। समाज में पैदा हो रही इस बुराई का कारण कहीं ना कहीं सोशल मीडिया और मोबाइल फोन का बढ़ता गलत उपयोग भी है। बच्चों की परवरिश में लापरवाही और उनकी गलतियों को अनदेखा करने की परंपरा समाज में बड़ी तो ऐसी गैर सामाजिक घटनाओं में भी जन्म लेना



शुरू कर दिया है। आज आवश्यक है कि समाज में फैल रही ऐसी बुराई और खास तौर से लड़कियों एवं लड़कों को अपनी संस्कृति और सभ्यता के साथ ही सामाजिक लोक लाज से जोड़ते हुए उनको सतर्क निगरानी में रखना के लिए समाज के बुजुर्गों और जिम्मेदार लोगों को अपना दायित्व निभाने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने पीड़ित पिता मोहम्मद वसीम को उनके बच्चों के हत्या आरोपियों को सजा दिलाने के लिए कानूनी और सामाजिक दोनों ही स्तर पर हर लड़ाई में सहयोग देने के लिए प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने भरपूर आश्वासन दिया है।

# बेसिक शिक्षा विभाग ने बनाई मर्ज योजना, खतौली ब्लॉक के 50 से अधिक विद्यालय प्रभावित

**( आशीष सैनी )**

**खतौली।** सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा, मिड-डे मील, ड्रेस, किताबें और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इन तमाम दावों को आईना दिखा रही है। क्षेत्र के कई प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जहां बच्चों की संख्या 50 तक भी नहीं पहुंच पा रही है।

कुछ स्कूलों की हालत तो और भी बदतर है, जहां मात्र 5 से 10 बच्चे ही रोजाना पढ़ने आते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सरकार द्वारा किए जा रहे भारी-भरकम खर्च का लाभ किसे मिल रहा है? शिक्षा विभाग के अधिकारी भले ही आंकड़ों में सुधार दिखा रहे हों, लेकिन जब ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए तो स्थिति पूरी तरह विप. रीत नजर आती है। अधिकांश स्कूलों में या तो योग्य शिक्षक नहीं हैं, या फिर वे नियमित रूप से स्कूल नहीं आते। कहीं स्कूल भवन जर्जर हालत में हैं तो कहीं बच्चों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं है।

बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने और संसाधनों के समुचित उपयोग के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालयों के पेयर्ड मर्जिंग की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इस योजना के तहत ऐसे स्कूल जहां छात्रों की संख्या बेहद कम है, उन्हें नजदीकी अन्य विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस मर्ज योजना का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाना है। एक ही परिसर में पर्याप्त संख्या में छात्र और शिक्षक होने से बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सकेगा।

### खतौली ब्लॉक में चल रही तैयारी

खतौली ब्लॉक के अंतर्गत कुल लगभग 140 प्राथमिक विद्यालय संचा. लित हो रहे हैं। इनमें से 50 से अधिक विद्यालय ऐसे चिन्हित किए गए हैं जिनमें छात्र संख्या 50 से भी कम है। हैरानी की बात यह है कि 10 से 15 विद्यालयों में तो बच्चों की संख्या मात्र 5 से 18 के बीच है, ऐसे स्कूलों में 4 से 5 शिक्षक भी तैनात हैं।

### इंफ्रास्ट्रक्चर का होगा मूल्यांकन

शासन ने यह निर्देश भी दिए हैं कि पेयरिंग के बाद बच्चों को जिन स्कूलों में भेजा जाएगा वहां शौचालय, पेयजल, कक्षा-कक्ष और अन्य मूलभूत सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध हों। बिना जांच के किसी भी प्रकार का समायोजन नहीं किया जाएगा।

### बन रही है अंतिम सूची

फिलहाल विभाग द्वारा इन कम छात्रसंख्या वाले विद्यालयों की सूची तैयार की जा रही है। सूची तैयार होते ही संबंधित स्कूलों को आसपास के विद्यालयों में मर्ज कर दिया जाएगा। इससे एक ओर जहां शिक्षकों की उपयोगिता बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, ह्प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए यह कदम जरूरी हो गया है। खाली स्कूलों में संसाधनों की बर्बादी हो रही है। नई व्यवस्था से शिक्षा का स्तर सुधरेगा और बच्चों को बेहतर भविष्य मिलेगा।

### प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या

खतौली ब्लॉक में ऐसे स्कूल जिनमें बच्चों की संख्या 50 से कम है, मीरापुर खुर्द में 5, मोगपुर में 7, पीएस पलड़ा में 7, मथेड़ी में 9, हाजीपुर में 9, चितौड़ा पमनावली में 11, पमनावली में 14, बहापुर में 15, सिकरेड़ा में 16, टीटोडा में 16, अतरपुरा में 20, चन्दपुरी में 21, कैलाश नगर में 23, टबिटा में 24, अंतवाड़ा में 25, खेड़ा चोगावा में 26, पाल में 26, इनके अलावा कुछ स्कूलो में बच्चो की संख्या 25 से ऊपर है यही नही ब्लॉक के 140 स्कूलों में मात्र एक स्कूल पिपलेहडा गांव में 50 बच्चें शिक्षा ग्रहण कर रहे है। स्कूलो में बच्चों की संख्या कम होने से सरकार और शिक्षा विभाग पर सवालिया निशान खड़े हो गए है कि सरकार के द्वारा करोडों खर्च होने के बाद भी आखिर कार पैसा कहा जा रहा है।

### मासूम बच्चों के कत्ल मे शामिल जुनैद गिरफ्तार

**मोरना** प्रेम प्रसंग के चलते दो दिन पूर्व गांव रुड़कली तालिब अली मे दो मासूम भाई बहन को उनकी मां के साथ मिलकर हत्या करने की घटना मे शामिल फरार आरोपी जुनैद को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालिब अली मे वेल्डिंग मिस्त्री मौ.वसीम के चार वर्षीय पुत्र अरहान व 12 माह की दूध मुंही इनाया के शव गुरुवार की दोपहर बाद घर मे ही मिले थे।वसीम की पत्नी मुस्कान द्वारा अपने प्रेमी जुनैद के साथ मिलकर दोनों बच्चों को जहर देकर हत्या करने की घटना से हड़कंप मच गया था।शुक्रवार को पुलिस ने मुस्कान को जेल भेज दिया था। वहीं शनिवार फरार आरा. ेपी जुनैद निवासी गांव खेड़िफिरोजाबाद थाना ककरौली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एस पी देहात आदित्य बंसल ने बताया की जुनैद की गिरफ्तारी के प्रयास मे जुटी पुलिस ने जुनैद को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह क्षेत्र की जौली नहर पर खेड़िफिरोजाबाद मार्ग पर फरार होने की फिराक मे किसी वाहन की तलाश मे था। जुनैद व मुस्कान ने रिश्तो मे बाधक मानकर बच्चो को रसगुल्ले मे जहर मिलाकर हत्या करना स्वीकार किया है।मुस्कान जिसका मायका तेवडा मे है जुनैद की दूर के रिश्ते की चाची लगती है। स्वभाव की चंचल मुस्कान के प्रेम संबंध जुनैद से कई वर्ष पुराने हैं।जुनैद दो बहनो का इकलौता भाई है। जो लगभग पांच बीघा भूमि मे खेती बाड़ी कर दुधारू पशु पालन का काम करता है। जुनैद और मुस्कान के प्रेम की भेंट चढी दो मासूम की जिंदगी मां की ममता पर बड़े सवाल कर रही है।

# शिक्षण संस्थाओं में उत्साहपूर्वक मनाया गया योग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर। माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल** में भारतीय योग संस्थान के तत्वाधान मे ग्यारहवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे योग संगम अत्यंत उत्साह व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार एवं प्रार्थना के साथ हुई। प्रशिक्षित योगाचार्य की देखरेख में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाएँ कीं।

योगाभ्यास के पश्चात विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत व एकाग्र बनाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के डीन एकेडमिक्स कृष्ण गोपाल अरोड़ा तथा भारतीय योग संस्थान से सुरेंद्र पाल आर्य, राज सिंह पुंडीर, राजीव रघुवंशी तथा राम किशन सुमन ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे विद्यालय के वरुण भंडारी, नफीस जैदी, दीपान्शु आर्य, अमरकांत, राधा जैन, पायल शर्मा, फरदीन अहमद का सहयोग रहा।

**रहमत पब्लिक स्कूल** बिलासपुर में मैनेजमेंट और टीचर्स द्वारा योग कार्यक्रम किया गया।चेयरमैन डॉ कामिल सांडा और मैनेजर उस्मान सांडा द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रिंसिपल संदीप गर्ग ने स्टाफ को योग के नियम और उदाहरण बताए।स्टाफ रीना , आकांशा,मतलूब ,अमजद सर ओर अन्य सभी ने उपस्थित होकर आयोजन को ओर महत्वपूर्ण बना





दिया।

**राणा पब्लिक स्कूल** में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सामूहिक योग सत्र में छात्रों शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

कार्यक्रम की शुरुआत राना पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर कुमार आरिफ के द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ आरंभ हुआ स्कूल प्रांगण में योगाचार्य की देखरेख में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन प्राणायाम एवं ज्ञान क्रियाएं की।

उप प्रधानाचार्य अब्दुल समद ने कहा की योग भारत की अमूल्य धरोहर है। स्कूल के डायरेक्टर कुमार आरिफ ने बताया योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी शांत वह एकाग्र बनता है इस।अवसर पर मैनेजर पूर्व विधायक नूर सलीम राणा ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनने पर बना दिया।

**श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज़** के अलग-अलग महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में ''योग विज्ञान एवं प्राणायाम'' पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को योग और प्राणायाम के वैज्ञानिक ख्रष्टिकोण से परिचित कराना और उनके जीवन में योग की महत्ता को उजागर करना था। वही श्रीराम कॉलेज आफ फार्मेसी में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं श्रीराम कॉलेज आफ लॉ द्वारा संयुक्त रूप से योग कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अन्तर्राष्ट्रीय योगाचार्य अमन रोहल के द्वारा किया गया, प्रारम्भ ओम का उच्चारण और सूर्य नमस्कार से किया गया।

कार्यशाला का शुभारम्भ डॉ0 एम0के0 तनेजा, योगाचार्य संजीव शंकर, डॉ0 कीर्तिवर्द्धन, श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान तथा फाईन आर्ट्स के निदेशक डॉ0 मनोज धीमान ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।डॉ. एम0 के0 तनेजा (योग विशेषज्ञ, संजीव शंकर (योग प्रशिक्षक एवं आध्यात्मिक चिंतकऋ एवं डॉ0 कीर्तिवर्द्धन विशेषज्ञों ने योग के वैज्ञानिक आधार, शारीरिक व मान. सिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका तथा प्राणायाम की विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ,श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो0 एस0एन0 चौहान ने कहा कि योग क्षणभंगुर संसार से अनन्त की यात्रा का सोपान है।

योग को हमें अपनी जीवनशैली में सम्मिलित करना चाहिए ताकि शरीर को निरोग रखा जा सके।संचालिका इं0 रुचि राय डॉ0 मनोज धीमान, इं0 रिचा गोला, इं0 पिंकी पाल, इं0 इन्दु चौहान, इं0 निशु भारद्वाज एवं इं0 अभिषेक कुमार आदि शिक्षकगण का योगदान रहा।वही श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी योग सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में योग गुरु डॉ. देवम शर्मा एव डा. पायल गौतम रहे।

### खोया-पाया सूचना

मेरी यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा 2021 अनुक्रमांक 210511403 अंकतालिका कहीं खो गई है।

**उवेश चौधरी पुत्र श्री गय्यूर अली** ग्राम व पोस्ट बरवाला, जिला मुजफ्फरनगर।

# कर्मयोगी संत थे स्वामी कल्याण देव: विजय सिंह

## 150वी जयंती पर यज्ञ कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वीतराग शिक्षा ऋषि स्वामी कल्याण देव की 150 वी जयंती पर गांधी पॉलिटेक्निक स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। यहां यज्ञ का आयोजन किया जिसमें उपस्थित लोगों ने उनके द्वारा शिक्षा व समाज हित में किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्हें भुलाया नहीं जा सकता

शनिवार को गांधी पॉलिटेक्निक मैं आयोजित कार्यक्रम में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे मास्टर विजय सिंह व भाजपा जिला महामंत्री ठाकुर दिनेश सिंह पुंडीर ने स्वामी जी के सादगी के कुछ प्रसंग प्रस्तुत किया जिसमें स्वामी जी गरीब घरों से भिक्षा रूप में रोटी मांग कर कर पानी में डूबा कर खाते थे कहा कि स्वामी कल्याण देव बहुत बड़े कर्म योगी संत थे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में 300 से अधिक विद्यालय स्थापित किये, आज जिसमें गरीब अमीर के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर लाभान्वित हो रहे। सभी स्कूलों में फीस सरकारी सरकारी मानक के अनुरूप है। स्वामी जी के स्कूलों में शिक्षा को व्यवसाय नहीं बनाया जो गरीबों के लिए बहुत बड़ी राहत है। समाज स्वामी का सदैव ऋणी रहेंगे। राजपूत महासभा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पुंडीर,कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चैयरमैन ठाकुर अशोक सिंह ने भी स्वामी कल्याण देव के जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का आयोजन व



संचालन मास्टर विजय सिंह ने किया अध्यक्षता ठाकुर राजेंद्र सिंह पुंडीर की जयदेव सिंह, ठाकुर अशोक सिंह, मनोज कुमार, हरीश कुमार, राजेंद्र सिंह, राजवीर सिंह जादौन, ठाकुर दिनेश कुमार सिंह, बसंत गोयल, ताराचंद, भगत सिंह, राहुल मौजूद रहे।

### सीओ टीम द्वारा अच्छा काम करने पर एसपी हुए सम्मानित

**बुढ़ाना।** स्थानीय सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और उनकी टीम में शामिल बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित कुमार शर्मा और बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से लगभग पिछले एक वर्ष से बुढ़ाना क्षेत्र में सैंकड़ों बदमाशों को पकडकर बड़ी से बड़ी घटनाओं को जो खुलासा किया गया है उससे बुढ़ाना क्षेत्र का कश्यप समाज बहुत ही खुश है। अगर इसी तरह की टीम जनपद मुजफ्फरनगर के सभी सर्किलों में हो तो फिर वो दिन भी दूर नही जब कोतवाली में अपराधिक मामलों की कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए नहीं आएगा और रामराज स्थापित होगा।

# अवैध लकड़ी की आढ़तें बनीं पर्यावरण व वन विभाग के लिए संकट

## वन विभाग के उच्चाधिकारियों पर उठ रही हैं मिलीभगत की उंगली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रही लकड़ी की आढ़तें अब पर्यावरण और वन संपदा के लिए गंभीर खतरा बन गई हैं। इन आढ़तों के पास न तो कोई वैध लाइसेंस है और न ही वन विभाग की अनुमति। फिर भी इनका संच. ालन धड़ल्ले से जारी है। इन आढ़तों में चोरी की लकड़ी खुलेआम खरीदी-बेची जा रही है। क्षेत्रवासियों ने इन आढतो को तुरंत बंद कराने की मांग करते हुए उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया है।

मीरापुर क्षेत्र में अवैध रूप से लकडी की आढते संचालित हो रही है जिनके पास कोई वैध लाइसेंस नही है। बताया गया कि कि कुछ दिन पूर्व एक बाग से चोरी हुए पेड़ों को इन्हीं अवैध आढ़तों में बेचा गया था तथा सेंचुरी क्षेत्र के हेदरपुर वेटलेंड से लगभग 100 खैर पेड भी अवैध रूप से काटकर इन्ही आढतो पर बेचे गये है। अवैध रूप से काटे गए खैर के पेड़ों से कत्था बनाया जाता है, जिसकी कीमत लगभग 10 हजार रुपये प्रति कुंतल होती है। तस्करों ने 50 से 250 सेंटीमीटर मोटाई तक के हरे-भरे पेड़ों को बेरहमी से काट डाला। कटाई के बाद जड़ों को मिटी से ढक दिया गया ताकि अवैध कटान का पता न चल सके। इससे पहले भी शीशम के पेड़ों की बरामदगी इनसे हो चुकी है, जिस पर जानसठ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी ने कुछ लोगो पर मुक. दमा दर्ज कराया था। बावजूद इसके, इन आढ़तों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह पूरा घटनाक्रम हैदरपुर वेटलैंड जैसे संवेदनशील सेंचुरी क्षेत्र में हुआ है। यहां सौ से अधिक प्रतिबंधित खैर के पेड़ों की कटाई की गई है, जिनकी कीमत करोड़ों में आंकी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब वन विभाग की मिलीभगत से हो रहा है, जिससे उसकी कार्यप्रणाली और निगरानी प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जनता में इस मामले को लेकर भारी रोष है और अब सख्त कार्रवाई की मांग तेज होती जा रही है। स्थानीय निवासी राजेन्द्र सिंह, मन्नू सिंह, दिलशाद, शोकिन्दर, रविन्द्र, अंकित, कालूराम, जोगेन्द्र और जान मोहम्मद समेत कई लोगों ने उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर इन अवैध लकडी की आढतो पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# गंगा घाट पर मना योगा डे, अधिकारियों ने किया योग



**मोरना।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोरना ईशा बैंकट हॉल में भाजपा द्वारा आयोजित योग शिविर में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की एमए योगा की छात्रा मानसी वर्मा ने सूर्य नमस्कार, अष्टांग योग, पवन मुक्तासन, वायु निष्कासन, तिरयंकासन, भुजंगासन, वृक्षीक आसान, ताड़ासन आदि सहित मेडिटेशन और प्राणायाम की योग क्रियाएं कराई। इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष अरूण कुमार, जोगेन्द्र सिंह, पं. रामकुमार शर्मा, डॉ. अनिल प्रजापति, ओमपाल सिंह चौहान, डॉ. संजु शर्मा, अनुज गोयल आदि मौजूद रहे। वहीं तीर्थनगरी शुकतीर्थ गंगा घाट पर एसडीएम जानसठ जयेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, अजय सिंह के नेतृत्व में योग प्रशिक्षक सीमा सिंह, नीरज तोमर ने योग क्रियाएं कराई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, पं. विनोद शर्मा, मुकेश कुमार, अजय कृष्ण शास्त्री, कैप्टन सुधीश, एडीओ योगेश्वरदत्त त्यागी, प्रधान राजपाल सैनी, नीरज रॉयल शास्त्री, प्रदीप निर्वाल, राजकुमार प्रधान, देवेन्द्र आर्य, मदनपाल, प्रवीण कुमार, सुरेन्द्र सिंह, डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. निधि सैनी सहित नगर पंचायत भोकरहेड़ी के कर्मचारियों, समाजसेवियों, गुरुकुल छात्रों ने भाग लिया। वहीं कारगिल शहीद स्मारक पर ओम शांति सैन्टर के श्रवण भाई, योगी जितेन्द्र, पूर्व सैनिक मांगेराम फौजी, सुधीश फौजी, आदि ने अनेक प्रकार की योग क्रियाएं की।

**वहीं मोरना** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे 11वे योग दिवस पर गंगा किनारे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें योगा टीचर सीमा सिंह, नीरज तोमर व सीमा एडवोकेट द्वारा अनेक प्रकार के योग किर्याओं का प्रशिक्षण दिया गया। तथा योग करने के लाभ बताये गये।

उपजिलाधिकारी जानसठ जयेंद्र सिंह ने कहा कि योग को जीवन मे अपनाकर हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।स्वयं योग को अपनाकर परिवार के प्रत्येक सदस्य को इसके लिए प्रेरित करें। प्रशिक्षक सीमा सिंह ने कहा की पुरुषों के साथ साथ महिलाओं को भी योग अवश्य करना चाहिए प्रतिदिन योग करने से घातक रोगों से मुक्ति मिलेगी।

प्रशिक्षक नीरज तोमर ने अनेक प्रकार योग से होने वाले फायदे गिनाये। ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से शरीर के रोग दूर होने के साथ साथ मान. सिक तनाव भी दूर होता है।

इस अवसर पर तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता,नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, अजय सिंह,राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा,विनोद कुमार, मुकेश कुमार,अजय कृष्ण शास्त्री, कैप्टन सुधीश, योगेश्वर दत्त त्यागी एडीओ, नीरज रॉयल शास्त्री,प्रधान राजपाल सैनी,नीरज रॉयल शास्त्री,प्रदीप निर्वाल,राजकुमार प्रधान,देवेन्द्र आर्य, मदन पाल, प्रवीण कुमार, सुरेन्द्र सिंह,डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा,डॉ. निधि सैनी सहित नगर पंचायत भोकरहेड़ी के कर्मचारियों, समाजसेवियों, गुरुकुल छात्रों ने भाग लिया।

**उधर खतौली में** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को खतौली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी संजय सिंह की अगुवाई में अधिक. री-कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। वहीं कोतवाली परिसर में कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा व क्षेत्राधिकारी रामाआशीष यादव के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने योग किया। नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के दिशा-निर्देशन में योगाभ्यास हुआ। इसी क्रम में स्थानीय श्री कुन्द कुन्द जैन (पी.जी.) कॉलेज, खतौली में । जून से 21 जून तक चल रही योग दिवस की श्रृंखला के तहत 'सूर्य नमस्कार योग मुद्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रीना ने की। योगाचार्या सीमा गुप्ता (क्षेत्रीय प्रधान, भारतीय योग संस्थान, खतौली) व कुमकुम जैन ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार की विविध मुद्राओं का अभ्यास कराया। प्राचार्या प्रो. रीना ने भारतीय योग परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन डॉ. संजीव कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में आशीष जैन व विकास जैन का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षक और कर्मचारी ख्र नीतू वशिष्ठ, डॉ. राजीव कौशिक, डॉ. विपिन कुमार बंसल, डॉ. मीनाक्षी, डॉ॰श्वेता मलिक, मुकुल कुमार, मोहित जैन, डॉ. रीचा अग्रवाल, डॉ. मोहनी, पारूल जैन, रजत गुप्ता, विजेंद्र सिंह, सुभाष चंद, आकाश जैन, रमेश, समय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में खाट पर बीमार पत्नी को लेकर पहुंचा पीड़ित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जानसठ तहसील क्षेत्र के गांव सोजनी घटायन निवासी और फिलहाल खतौली भूड़ में रह रहे सुशील कुमार ने विपक्षियों पर मकान निर्माण कार्य रुकवाने का आरोप लगाते हुए तहसील दिवस में अनोखे अंदाज में गुहार लगाई। बीमार पत्नी को खाट पर लिटाकर वह तहसील परिसर में पहुंचा और अफसरों से कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वह आत्मदाह कर लेगा। इस चेतावनी से मौके पर हड़कंप मच गया।

सुशील कुमार ने बताया कि वह खतौली भूड़ क्षेत्र में अपने प्लाट पर मकान का निर्माण करवा रहा है, लेकिन गांव के ही समरपाल, अजय और दिनेश लगातार निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। उनका कहना है कि छज्जा और लेंटर नहीं पड़ने के कारण मकान की दीवारें गिरने के कगार पर हैं। लगातार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। शनिवार को तहसील दिवस में सुशील कुमार बीमार पत्नी दिनेश को खाट पर लिटाकर मौके पर पहुंचा और अधिकारियों के सामने खाट रखकर आत्मदाह की चेता. वनी दी। मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्थिति को गंभीर होता देख क्षेत्राधिकारी राम आशीष यादव ने सुशील कुमार को जमकर फटकार लगाई और बीमार महिला को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया। एसडीएम संजय सिंह व सीओ राम आशीष यादव ने बताया कि मामले में पहले ही दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता करा दिया गया था। इसके बावजूद पीड़ित द्वारा इस तरह की हरकत कर अधिकारियों पर दबाव डालने की कोशिश की गई, जिसकी जांच कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पीड़ित को समझाकर शांत करा दिया गया है।

## कई स्थानों पर हुआ योग शिविर का आयोजन

**बुढ़ाना।** विकास खंड बुढाना में किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में सभी परिषदीय विद्यालयों प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा कंपोजिट विद्यालयों में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में सभी प्रधानाध्यापक, अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों ने प्रतिभाग किया। गांव समाज के व्यक्तियों ने भी इस शिविर में हिस्सा लिया तथा अपना योगदान दिया। सभी विद्यालयों में योग के महत्व पर विशेष चर्चा की गयी। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इस बात पर उच्च प्राथमिक विद्यालय मंदवाड़ा में अमीर अहमद सहायक अध्यापक ने सभी अध्यापकों, ग्रामवासियों एवं बच्चों के बीच विस्तृत चर्चा की। योग शिविर के माध्यम से देश के होनहार बच्चों को योग करके अपने आप को सुदृढ़ बनाने एवं अनुशासन से काम करने के लिए प्रेरणा मिली। सभी विद्यालयों में समय से उपस्थित होकर सभी अध्यापकों ने शिविरों का आयोजन किया एवं समय का पालन किया। अंत में सभी के द्वारा करो योग रहो निरोग का नारा भी गर्मजोशी के साथ में लगाया गया

# न्यू वैल्किन स्कूल में शिक्षकों ने किया योग

**भोपा।** न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय मे एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षष्कों एवं विद्यालय स्टाफ ने बढ-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष विनय कुमार ,उपाध्यक्ष के. के. आनंद , प्रबंधक दुष्यंत कुमार व प्रधानाचार्य मनीष कुमार के प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमे उन्होने योग के महत्व के और उसके दैनिक जीवन में लाभ पर प्रकाश डाला। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम सूर्य नमस्कार आसन, भुजंग आसन, ताडासन, अनुलोम-विलोम, पदमा. सन, आदि अभ्यास किए। विद्यार्थियों



में हुसैन रजा,नुएम रजा, धुर्व, चरनजोत सिंह, करणदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि अपने मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए योग हमारे लिए कितना आवश्यक है। योग करने से हमारा मन - मस्तिष्क स्वस्थ रहता है ,और बताया कि योग के साथ-साथ ताजे फल, सब्जियां व ताजा भोजन खाना चाहिए एवं योग को हमे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। योग करने से हम अनेक बीमारियों का शिकार होने से बचते है।

सभी विद्यार्थियों ने सभी आसनो को उत्साहपूर्वक किया, तथा भविष्य में योगाभ्यास अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रीना चौधरी, गार्गी चौधरी, मीना त्यागी, खुशबू, हिमांशी, कपिल देव, जितेंद्र त्यागी , मोनू धीमान, पवन धीमान, रजत धीमान, मोहित, प्रदीप कुमार, सनी काकरान, पंकज त्यागी, निर्वेश आदि मौजूद रहे।

# जंगली चोरों ने टयूबवैल से चुराया सामान

**भोपा।** जंगली चोरो ने जौली के जंगल मे टड्ूबवैल के ताले को तोड़कर कीमती सामान को चुरा लिया पीड़ित किसानो ने कार्रवाई की मांग की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़िफिरोजाबाद निवासी करतार सिंह ने जानकारी देकर बताया की जौली गांव के जंगल मे उनके खेत हैं। जहां अज्ञात चोरो ने उनकी टयूबवैल के ताले को तोड़कर मोटर से कीमती सामान को चुरा लिया इसके अलावा चोरो ने पड़ोसी किसान जसप्रीत कौर की टड्ूब वैल की मोटर से भी कीमती वायर आदि को चुरा लिया गया। पीड़ित किसानो ने भोपा पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की माँग की है।

# शुगर मिल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**मंसूरपुर।** शनिवार को धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड यूनिट मंसूरपुर में 11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विधि विधान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (प्रशासन) विवश्वान त्रिपाठी ने किया। भारतीय योग संस्थान खतौली से पधारे योगाचार्य तेजेंद्र भाटिया और योगाचार्य अंजली सिंह ने सभी योग क्रियाएं कराई। चीनी मिल उपाध्यक्ष ने भी अपने संबोधन में सभी को बताया कि हमें अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। इस अवसर पर महाप्रबंधक उत्पादन रविंद्र चौहान, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन फरहान शाहिद, करण सिंह, ब्रजराज यादव, गजेंद्र सिंह, अशोक कुमार, संजीव शर्मा, रमन सिंह, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी सह परिवार उपस्थित रहे।

## गोयला आर्य समाज में गोष्ठी आज

**शाहपुर।** क्षेत्र के ग्राम गोयला में पश्चिमी आर्य समाज मन्दिर मे कल 22 जून 2025 दिन रविवार को प्रात: 8 बजे से 12 बजे तक विशेष यज्ञ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन जिला आर्य प्रतिनिधी सभा मुजफ्फरनगर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। समिति के प्रधान राज सिंह आर्य ने जानकारी दी।

# पंचायत भवन के सीसी कैमरे हुए चोरी

**मोरना।** गांव मजलिसपुर तौफीर मे स्थित पंचायत भवन के बाहर लगे सी सी टी वी कैमरो को चोरो ने चुरा लिया ग्राम प्रधान ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर के प्रधान सहायक कुलदीप ठाकुर ने बताया की बीते गुरुवार की रात अज्ञात चोरो ने पंचायत भवन के बाहर लगे क्लोज सर्किट टीवी कैमरो को चुरा लिया है।वहीं ग्राम प्रधान योगेश चौहान ने पुलिस को जानकारी देकर कार्रवाई की माँग की गयी है।

# समाधि मंदिर में चरणाभिषेक, अर्पित की श्रद्धांजलि

**मोरना।** श्री शुकदेव आश्रम स्थित वीतराग स्वामी कल्याणदेव महाराज के समाधि मंदिर में ब्रह्मलीन संत को श्रद्धा और भक्ति भाव से श्रद्धांजलि अर्पित की। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने विधि विधान से चरण पादुका का पूजन एवं अभिषेक किया। वेद मंत्रों के बीच महान संत की दिव्य चेतना को नमन किया गया। सांसद हरेंद्र मलिक ने वीतराग संत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही कहा कि स्वामी जी शिक्षा के भगीरथ थे। विधायक मिथलेश पाल और सुप्रिया पाल ने भी शिक्षा ऋषि का भावपूर्ण स्मरण किया। श्री शुकदेव अन्नक्षेत्र में विशाल भंडारे में सैंकड़ों तीर्थवासी सन्त महात्माओं, पुरोहितों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा फल मिष्ठान एवं दक्षिणा का वितरण किया गया।

# अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में किया योग



**बुढ़ाना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ मौके पर बुढ़ाना कस्बे में स्थित तहसील परिसर में आज शनिवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना से जुड़े काफी अधिवक्ताओं ने योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस विशेष आयोजन में कई अधिवक्ताओं ने सामूहिक योग अभ्यास करते हुए स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। इस योग कार्यक्रम का शुभारंभ बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी ने किया। कार्यक्रम की विशेषता बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासि. चव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर द्वारा कराया गया सामूहिक योगाभ्यास रहा। उन्होंने योग की विभिन्न क्रियाओं जैसे प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन और भ्रामरी आदि का अभ्यास कराते हुए सभी को तन-मन से जागरूक किया। सफल संच. ालन भी उन्हीं के जिम्मे रहा। योग कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं के बीच योग के महत्व, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव तथा नियमित अभ्यास से होने वाले लाभों पर संवाद हुआ। आयोजकों ने इसे अधिवक्ता समुदाय में अनुशासन, आत्मबल और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने का माध्यम बताया। इस दौरान दर्जनों अधिवक्ताओं की मौजूदगी रही।

# ग्रामीण कोर्ट को तहसील से हटाने पर भड़के अधिवक्ता

**खतौली।** ग्रामीण न्यायालय को तहसील खतौली परिसर से हटाकर गांव भैसी में बनाए जाने की प्रशासनिक योजना का अधिवक्ताओं ने कड़ा विरोध किया है। सोमवार को तहसील दिवस के दौरान अधिवक्ताओं ने उपजिला. धिकारी संजय सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट कहा कि ग्रामीण न्यायालय का निर्माण तहसील परिसर में ही किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय तहसील बार एसोसिएशन के कई पदाधिकारी और अधिवक्ता अध्यक्ष नवीन उपाध्याय, महासचिव प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, शाकिर अहमद, आदि मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने चेताया कि यदि ग्रामीण न्यायालय को तहसील से हटाने की योजना को वापस नहीं लिया गया तो अधिवक्ता उच्चाधिकारियों से मिलेगा।

# ब्लॉक प्रांगण में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज शनिवार की अल सुबह बुढाना ब्लॉक के भव्य प्रांगण में ब्लाक के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि अंत. रराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है।

यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। बीती 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। भारत के इस प्रस्ताव को 90



दिन के अन्दर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया जो किसी प्रस्तावित दिवस को संयुक्त राष्ट्र संघ में पारित करने के लिए सबसे कम समय है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग जो इस महत्वपूर्ण सत्य को प्रतिध्वनित करता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और ग्रह स्वास्थ्य अविभाज्य रूप से जुड़े हुए हैं। यहां सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओम कुमार, तकनीकी सहायक विनोद कुमार, लेखाकार मोहम्मद इनाम, वरिष्ठ सहायक निरंकार त्यागी, कनिष्ठ सहायक रश्मि मलिक, प्रवीण कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

# डुंगर के कंपोजिट स्कूल में योग दिवस संपन्न

**बुढ़ाना।** शासन के आदेश अनुसार आज शनिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें स्कूल का समस्त स्टाफ, अभिभावक तथा बच्चे उपस्थित हुए तथा शिक्षकों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के योग के अभ्यास कराए गए। इसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में योग के अभ्यास के कई लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। योग मन और शरीर, सोच और क्रिया का एकीकरण है जो समग्र ख्रष्टिकोण है जो हमारे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए लाभदायक है। योग दिवस शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक वैश्विक प्रयास है। आज 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग का जन्म दाता भारत है। योग की उत्पत्ति भारत में हुई और यहीं से ही यह संसार के अन्य हिस्सों में भी फैला। प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों के कारण संयुक्त राष्ट्रीय महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ।

# खाद की कमी को लेकर पूर्व विधायक ने अधिकारियों से की वार्ता

**बुढाना।** विधानसभा क्षेत्र में यूरिया और डीएपी की कमी की सूचना मिलने पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने आज शनिवार के दिन भसाना शुगर मिल के गेस्ट हाउस में एक बैठक मे जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया और इफको अधिकारियों से बातचीत करते हुए साफ शब्दों में कहा कि यूरिया और डीएपी की बुढ़ाना क्षेत्र मे कमी नही आनी चाहिए और जो भी कमी है उसकी जल्द से जल्द पूर्ति की जाए। इस पर मौजूद सभी अधिकारियों ने पूर्व विधायक को आश्वासन दिया कि यूरिया खाद और डीएपी की इस कमी को अति शीघ्र ही पूर्ण कर दिया जायेगा। यहां पर कॉपरेटिव बैंकों के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह, गन्ना समिति बुढ़ाना के चौयरमैन निर्भय सहरावत, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मोनू मलिक, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चौयरमैन विनोद सैनी, भसाना शुगर मिल के वाईस प्रैजीडेंट चन्द्रवीर सिंह, शुगर मिल के जीएम, गन्ना समिति बुढ़ाना के सचिव ब्रजेश राय, पूर्व चौयरमैन शाहपुर प्रमेश सैनी, मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, ग्राम प्रधान चांदपुर कुलदीप त्यागी, ग्राम प्रधान बडकता आशीष चौहान, ग्राम हरियाखेडा के पूर्व प्रधान अजय कुमार, पूर्व सभासद राम नरेश, कुलदीप बागड़ी व हिमांशु संगल सहित आदि लोग मौजूद थे।

## रवापुरी सठेड़ी में मनाया योग दिवस

**खतौली।** रवापुरी सठेड़ी स्थित जवाहर लाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज में शुक्रवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम को केंद्र में रखकर विभिन्न योगिक क्रियाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक सचिन आर्य एडवोकेट, ग्राम लौहढा के प्रधान डॉ. मोदी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। योगाचार्य प्रवीण गुप्ता, प्रदीप गुप्ता तथा विजय शंकर गोयल द्वारा उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान क्रियाएं कराई गईं। उन्होंने योग के नियमित अभ्यास से जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी दी।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रमोहन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ष्आज की प्रतिस्पर्धात्मक और तनावपूर्ण जीवनशैली में बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है, जिसे केवल नियमित योगाभ्यास द्वारा ही दूर किया जा सकता है। योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है।ष कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगश विषय पर बच्चों ने सुंदर चित्र बनाए। प्रतियोगिता में राधिका सैनी ङ्खकक्षा 9ङ्ग ने प्रथम, सानिया ने द्वितीय तथा लवी सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सचिन आर्य ने भी छात्रों को योग की महत्ता बताते हुए इसे जीवनशैली में अपनाने का आ]वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनुराधा, राजेन्द्र त्यागी, विक्रांत मानव, रविंद्र शर्मा, विक्रांत चौधरी, राज सिंह, सतीश चंद्र पांडेय, धर्मेंद्र, वीरेश, नीरज चौहान, सुमित, ललित, अनिल, राकेश, विवेक, नीरज शर्मा, दीपक, तुषार, अंकित, आद. श, शिवम आदि का विशेष सहयोग रहा।

# एसएसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

**बुढ़ाना।** शनिवार को बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचे एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बुढ़ाना क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। कुछ शिकायतों का उन्होंने मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर देश भूषण कंडारकर भी रहे। दोनों ही अधिकारियों ने शिकायतों को बहुत ही गंभीरता से सुना व सब शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों को करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए और पीड़ित पक्ष की बातों को ध्यान से सुना जाए। गांव अलीपुर अटेरना में रहने वाले एक परिवार के कुछ सदस्य अपनी शिकायत लेकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा से मिले। जिन्होंने बताया कि हम परिवार के लोग अपने चचेरे भाई और उसकी पत्नी के कारण झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। वे हमें हमारे हिस्से में हमारा मकान बनाने नहीं दे रहे हैं। वे कोतवाली व उमरपुर चौकी पर अपनी शिकायतें दे चुके मगर पुलिस उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रही है। इस मामले में एसएसपी ने बुढ़ाना पुलिस को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल 15 शिकायतें आईं। जिसमें मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण किया गया। यहां सीएमओ डाक्टर सुनील तेवतिया, एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल, सीओ बुढाना गजेंद्र पाल सिंह, सीओ फुगाना ऋषिका सिंह, एसडीएम राजकुमार भारती, कोतवाल आनंद देव मिश्र आदि अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# नगर की शिक्षण संस्थाओं में बच्चों ने बनाया योग को प्रगति का आधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चिल्ड्रन एकेडेमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मुज़फ्फरनगर में एक प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सूर्य नमस्कार और ओम् बींदजपदह के साथ हुआ, जिसके पश्चात प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि

योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम एवं ध्यान जैसी मुद्राओं में अपने योगाभ्यास के वीडियो बनाकर विद्यालय के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए। कई बच्चों ने अपने परिजनों के साथ मिलकर सामूहिक योग करते हुए भी चित्र भेजे, जो परिवार के साथ स्वास्थ्य संबंध का सुंदर संदेश था।इस आयोजन ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को न केवल मान. सिक और शारीरिक स्वास्थ्य की ओर प्रेरित किया, बल्कि डिजिटल युग में योग को एक नई दिशा भी दी।

**एस.एफ.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल** में विशेष योग सत्र का आयोजन किया। शिक्षक और छात्र बड़े उत्साह के साथ खेल पोशाक में एकत्र हुए।कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के सम्मानित प्राचार्य द्वारा योग दिवस के इतिहास और महत्व पर संक्षिप्त परिचय के साथ हुई। इसके बाद एक सुप्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा निर्देशित योग सत्र हुआ। छात्रों और शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन और ध्यान तकनीक जैसे विभिन्न आसन किए।श्वास व्यायाम और विश्राम विधियाँ भी शामिल थीं।स्थानीय अधिकारियों द्वारा मुजफ्फरनगर के डीएवी इंटर कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में दो शिक्षकों और वरिष्ठ छात्रों के एक समूह ने भी भाग लिया।

**होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा** के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसकी थीम 'वन अर्थ वन हेल्थ' इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 एम0के0 तनेजा, योगाचार्य पं0 संजीव शंकर, अध्यक्ष, महामत्युन्जय सेवा मिशन, पशु चिकित्सक डॉ0 अरविन्द मलिक, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ0 राजीव कुमार, प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, प्रबन्धक रीटा दहिया, आदित्य दहिया ने सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इसके उपरान्त डॉ0 एम0के0 तनेजा ने बताया कि आमतौर पर एक सामान्य मनुष्य एक मिनट में 72श्वास लेता है यदि प्राणायाम के अभ्यास से सांसों की गति को कम करते हुए एक मिनट में 1श्वास लेने का अभ्यास कर लिया जाये तो मनुष्य अपनी आयु को बहुत अधिक बढा सकता है। डॉ0 एम0के0 तनेजा ने ओम के माध्यम से भ्रामरी प्राणायाम को करने का अभ्यास कराया तथा भ्रामरी प्राणायाम के अनेकों लाभ बताये।

सर्वप्रथम प्रवेन्द्र दहिया ने सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से वार्मअप कराया।

नवोदित कलाकार दिग्विजय ने गिटार के माध्यम से सुर-मधुर संगीत सुनाकर सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के समापन पर







प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, रीटा दहिया एवं आदित्य दहिया ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में योगाचार्या सीमा, नीरज तोमर, योगाचार्य सतकुमार, नितिन बालियान, सचिन कश्यप आदि का सहयोग रहा।

**ताराचंद वेदिक पुत्री डिग्री कॉलेज** की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं के योग महोत्सव शिविर का समापन किया गया अंतिम दिवस पर छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। योग शिविर के प्रत्येक दिन स्वयं सेविकाओं को अलग-अलग योग आसनों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर का संचालन आयुष मंत्रालय के आयुर्वेदिक हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर की डॉक्टर रिंपल चौधरी के संरक्षण में किया गया। समापन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संगीता चौधरी ने सबसे अच्छा सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन करने वाली स्वयं सेविकाओ को पुरस्कृत किया और जीवन में योग के महत्व से परिचित कराया।

**आर्य एकेड़मी इण्टरनेशनल** स्कूल में 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के





आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विशाल योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योगाचार्या सुश्री प्रियम चौधरी ने उपस्थित साधकों एवं साधिकाओं को नियमित योग अभ्यास द्वारा तन, मन व शरीर को स्वस्थ एवं अंतरात्मा अंगों के होने वाले लाभ की भी जानकारी दी।

लगभग 80 योगसाधक/साधिकाओं ने योग कार्यक्रम में सम्मलित होकर स्वास्थ लाभ प्राप्त किया तथा भविष्य में नियमित चलने वाली योग कक्षा में आने की शपथ ली।

याद रहे विद्यालय में प्रात: 5:15 से 6:30 तक नियमित निशुल्क योग कक्षाएं संचालित होती हैं,कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक सुघोष आर्य एडवोकेट ने हास्य योग कराकर वातावरण को हर्षोल्लास से भर दिया और बताया कि सभी योग को नियमित रूप से अपने जीवन शैली में अपनाएं और स्वस्थ जीवन जिएं।

आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिका आर्य ने राष्ट्रीय स्तर के योग खिलाडी विद्यालय के कक्षा 6 के छात्र देवांश ग्रेवाल को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


थानाभवन सिटी गार्डन

शामली आरके इंटर कालेज







# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में भव्य कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** थानाभवन नगर में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण के उपलक्ष्य में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्बे के सिटी गार्डन पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं, समाजसेवी संगठन, व्यापारीगण और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वास्थ्य के प्रति सजगता लाना और जनमानस को योग से जोड़ना रहा।इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वयं योगाभ्यास कर उपस्थित जनसमूह को प्रेरणा दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय जीवनशैली और आध्यात्मिक चेतना का मूल आधार है। यह शरीर, मन और आत्मा के संत.ुलन का माध्यम है, जो व्यक्ति को न केवल स्वस्थ बनाता है बल्कि उसे अनुशासित, शांत और संयमित जीवन जीने की दिशा में अग्रसर करता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का श्रेय मोदी जी को ही जाता है, जिन्होंने 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ में इसके लिए प्रस्ताव पारित करवाया और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में स्थापित करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे योगाचार्य विशाल शर्मा ने योग के वैज्ञानिक और व्यावहारिक पक्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों जैसे ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम आदि का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग केवल बीमारी से बचाव का ही नहीं बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा का भी स्रोत है। नियमित योग करने से नकारात्मकता दूर होती है, एकाग्रता बढ़ती है और जीवन में अनुशासन आता है।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी थानाभवन मंडल अध्यक्ष पवन गौतम एवं उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने न केवल आयोजन में सहयोग किया, बल्कि कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं भी कुशलतापूर्वक संभाली। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि योग को दैनिक जीवन में अपनाएं और शारी.रिक व मानसिक रूप से स्वस्थ समाज की स्थापना में सहयोग करें।कार्यक्रम में नगर पंचायत प्रति.निधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिला संगठनों, विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक योग प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों और आयोजकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने आशा जताई कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी नियमित रूप से होते रहेंगे और आमजन में योग के प्रति जागरूकता का स्तर और भी अधिक बढ़ेगा। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों और अतिथियों ने सभी से आग्रह किया कि वे योग को केवल एक दिन का आयोजन न मानें, बल्कि इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। एक स्वस्थ, संयमित और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए योग ही सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी उपाय है।

**शामली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वर्ष की थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के दृष्टिगत शनिवार को आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर के आरके इंटर कालेज में 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों साधकों ने योगाभ्यास कर योग को अपने दैनिक जीवन में ग्रहण करने का संकल्प लिया।

शनिवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ एमएलसी वीरेंद्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनीवाल, विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी संजय कुमार, डीएम अरविन्द कुमार चौहान, सीडीओ विनय कुमार तिवारी एवं एडीएम सत्येन्द्र सिंह, द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल संबोधन सुना गया। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में योग के प्रति आमजन को जागरूक करने के साथ योग से दैनिक जीवन में ग्रहण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक राजकुमार एवं पतंजलि योग के योगाचार्या कुमुद शर्मा एवं कर्ण सिंह द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया गया। इस दौरान विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। जिसमें जन प्रतिनिधियों, जिला प्रशासनिक अधिकारियों व शहर के नागरिकों ने प्रतिभाग किया। योग कार्यक्रम में देवी उमराकौर वैदिक इण्टर कालेज बनत के छात्राओं के द्वारा योग पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बाद में योग सप्ताह के अन्तर्गत योग पर आधारित प्रतियोगिताओं में निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नोडल अधिक.ारी संजय कुमार ने योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।आयोजित कार्यक्रम में लगभग 2500 योग अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मौके पर एसडीएम विनय कुमार भदौरिया, चेयरमैन अरविन्द संगल, भाजपा नेता रमेश गौड कश्यप, पुनीत द्विवेदी, डा. सुधीर मलिक, डा. केपी सिंह, डा. विनय कुमार, डा. गायत्री शर्मा, डा. अर्चना सिंह, डा। सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं और शिक्षिकों ने किया योग

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस योग करके मनाया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखने का योग एक उत्तम साधन है। हम सभी अपने - अपने घरो में अपनी सुविधानुसार प्रतिदिन योग करते है। परन्तु जो योग नही करते उनको प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस दौरान शिक्षकों ने अनुलोम विलोम, कपालभाति, ताड़ासन, भुजंगासन, मन्डूकासन आदि का योगाभ्यास किया। छात्र-छात्राओं के मध्य ह्योगह्न पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमे प्रथम स्थान पर आराधना, द्वितीय छवि व तृतीय नैना रही। इस अवसर पर रामनाथ, शिव कुमार, महेश नारायण गौड, अरविन्द जैन, पंकज पाल, अश्विनी कुमार, लोकेन्द्र कुमार, विजेन्द्र दत्त गौतम आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन ने किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि हामिद हुसैन, विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह तथा उप-प्रधानाचार्या आशु पंडित ने योगाभ्यास किया। प्रशिक्षित योगाचार्यों कार्तिक चौहान और राहुल चौधरी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसे विविध योगासनों का अभ्यास किया। सभी ने पूर्ण मनोयोग और अनुशासन के साथ सहभागिता निभाई। डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जो आज वैश्विक स्तर पर मानवता के लिए एक वरदान बन चुकी है। योग न केवल रोगों से मुक्ति दिलाता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्म-नियंत्रण और जीवन में संतुलन भी प्रदान करता है।

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग शिक्षक नितिन कुमार एवं उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार, त्रिकोण आसन, वीरभद्रआसन शलभासन एवं कपालभांति, भ्रमरी, उद्गीत जैसे जीवनोपयोगी प्राणायामों का अभ्यास कराया व उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद शर्मा ने बताया कि आज के इस दौर में भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर योग की महती आवश्यकता है। योग करने से व्यक्ति के अन्दर विभिन्न जनकल्याणकारी भाव स्वत: ही उत्पन्न होते है। विश्व के विभिन्न देशों ने आज योग की महत्ता को स्वीकार करते हुए अपनाया है। इस अवसर पर मलूक चन्द, पुष्पेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, अशोक सोम, नीटू कुमार, मधुबन, परितोष कुमार, ब्रजपाल सिंह, सुभाष चन्द, अंकित भार्गव, संजू कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन शामली में योग शिविर आयोजित कर पुलिसकर्मियों को योगाभ्यास कराया गया। सवेरे 7 बजे से समय 8 बजे तक, रिजर्व पुलिस लाइन्स शामली में एसपी रामसेवक गौतम की उपस्थिति में अंन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस बल को योगाभ्यास कराया गया, जिसमे सबसे पहले सूक्ष्म व्यायाम अनुलोम-विलोम, कपाल-भांति, पद्मासन तथा सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया गया। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए योगाभ्यास जरूरी है। योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मान.सिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है।

स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है, तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, सीओ कैराना श्याम सिंह, सीओ ट्रेफिक अपेक्षा निम्बाड़िया, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक प्रभा पटेल, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह आदि ने योगाभ्यास किया। एसपी ने बताया कि समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण द्वारा अपने थानों पर अपने अधीनस्थ समस्त पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया है।

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वंदना हाल में सामूहिक योग तथा व्यायाम किया। संदीप कुमार, धर्मेंद्र शर्मा, संजय कुमार सैनी ने अलग-अलग व्यायाम तथा योग कराए। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। बताया कि नित्य प्रति व्यायाम तथा रोग योग करने से मानव जीवन सफल हो सकता है। इस कार्यो को हमें अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। मौके पर आशीष जैन, रवि कुमार, रामकुमार, संदीप कुमार, आदेश धीमान, प्रवेश शर्मा, शिवकुमार धीमान, सोमदत्त शर्मा, गीता कंबोज, सविता गुप्ता, रिचा संगल, सुरभि, आकांक्षा धीमान, पल्लवी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**शामली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर के नौकुआ रोड स्थित बाबा दयाल दास मंदिर में भाजपा नगर मंडल, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट, व अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार ऋग्वेद मंत्रोच्चार से हुआ। जिसमें उपस्थित साधकों ने सामूहिक सहभागिता दिखाई। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक विनोद गोयल ने सूक्ष्म क्रियाओं द्वारा साधकों को सक्रिय किया। सतीश तायल ने साधकों को विविध योगा.सनों, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यास का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, नगरपालि.का चेयरमैन अरविन्द संगल, भाजपा नगर अध्यक्ष सतीश धीमान, चंचल शर्मा, डा। गौरव गोयल, सुरेश सैनी, सभासद रोबिन गर्ग, रामचरण, कंव.रपाल, योगेंद्र सरोहा, भूपेंद्र, अनिल शर्मा, अनिल चौहान, पुष्पेंद्र, सतबीर, सीमा देवी, रीतू तायल, सोनू चावला आदि मौजूद रहे।

**शामली।** आरएसएस के संघ शिक्षा वर्ग मेरठ प्रान्त के शिक्षार्थियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मेरठ प्रान्त द्वारा सिल्वर बैल्स पब्लिक स्कूल में विश्व योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा सूर्यनमस्कार, ताडआसन, वीरभद्रआसन, त्रिकोण आसन, प्राणायाम व योगासन के प्रयोग किए गए। लक्ष्मीनगर विभाग के विभाग प्रचारक भूपेन्द्र ने बताया कि योग का शाब्दिक अर्थ है जोडना। हमारे ऋषि-मुनि प्राचीन काल से ही योग, आसन, प्राणायाम करते आ रहे है। इस अवसर पर वर्ग के सर्वाधिकारी प्रेमचन्द, वर्ग कार्यवाह अरविन्द, रामचन्द्र पांडेय, अनिल, अतुल कुमार, देशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## अमृत सरोवर किनारे योग से जुड़ा चौसाना

**चौसाना।** ग्राम पंचायत चौसाना में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत सरोवर के तट पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव राहुल कुमार के संयोजन में ग्रामीणों और जनप्रति.निधियों ने मिलकर योग किया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

बीडीसी सदस्य योगेंद्र, राजकरण मेंबर, समाजसेवी भगत जी समेत कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया और योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। सचिव राहुल कुमार ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। अमृत सरोवर सुंदर और शुद्ध वातावरण में योग करना एक सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव देता है।

## डी-सैन्ट स्कूल में योग शिविर का आयोजन

**झिंझाना।** ऊन रोड पर स्थित डी-सैन्ट स्कूल में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का शुभारंभ वैदिक मन्त्रों के साथ किया गया। कार्यक्रम में सूर्य प्रणाम, भ्रामरी, कपालभाती, प्राणायाम अनुलोम-विलोम, सर्वांगीण आसन ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्ष आसन आदि का अभ्यास कराया गया। शनिवार को शिविर का नेतृत्व विद्यालय प्रधानाचार्या सन्तोष तोमर और संच.ालन दिनेश चंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सत्य बीर सिंह, ललिता शर्मा, रीतू चौधरी, काजल सैनी, अर्शदीप चौधरी, अनुष्का चौधरी, दीपा, कविता, प्रियांशी, भावना, सुनिता आदि ने भाग लिया।

बाबा दयाल दास मंदिर, नौकुआ रोड, शामली



शामली शुगर मिल



एसडीएस कान्वेंट स्कूल झिंझाना



डी सैंट झिंझाना



## शामली शुगर मिल में किया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**शामली।** शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सर शादी लाल एण्टरप्राईजेज लिमिटेड शामली में योग दिवस का आयोजन किया गया। जन कल्याण योग सेवा ट्रस्ट के योगाचार्य द्वारा शुगर मिल के साधकों को योगाभ्यास कराया गया। उन्होनें बताया कि योग मन और शरीर की एकता, चिंतन, विचार क्षमता, संयम, मनुष्य और प्रकृति के बीच सांजस्य स्थापित करने का सरल माध्यम है। इसकी मदद से ही शांति स्थापित की जा सकती है। मुख्य अतिथि व इकाई प्रमुख प्रदीप सालार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी साधकों, चीनी मिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग को आधुनिक जीवन शैली में शामिल करने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर जन कल्याण योग सेवा ट्रस्ट के अशोक कोरियर, अरूण जैन, कुलश्रेष्ठ सैनी, वजीर सिंह, कुलदीप त्यागी, अजित पुंडीर, सतीश बालियान, सुनील शर्मा, आशुतोष गोयल आदि मौजूद रहे।

## योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ की थीम

शामली पुलिस लाइन



चौसाना





## कन्या इंटर कॉलेज में किया योगाभ्यास

**गढ़ीपुख्ता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी गढ़ी पुख्ता मंडल द्वारा स्थानीय सर्वहितकारी कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लेकर विभिन्न योगासन और प्राणायाम की क्रियाएं कीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अरुण राणा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ष्स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन योग करना अत्यंत आवश्यक है। योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।ष नरेश सैनी ने अपने वक्तव्य में योग के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। प्रमोद कुमार, भूपेंद्र चौधरी, रीनू सरोहा, रॉकी चौधरी, अनिल खटीक, बबल कुरैशी, उपेंद्र मास्टर, कर्मवीर, अंकित चौधरी, राजीव तोमर, सुधीर फौजी, प्रवीण चौधरी, संजीव, सत्येंद्र, अमित सागर, अमर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं साधक उपस्थित रहे।

**झिंझाना।** करनाल रोड स्थित एसडीएस कान्वेंट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया योग सत्र का आयोजन आदरणीय प्रधानाचार्य सतीश भटनागर के निर्देशन में संपन्न हुआ जिसमें विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने योग सत्र में प्रतिभाग किया। योग सत्र के उपरांत प्रधानाचार्य ने योग के द्वारा होने वाले लाभ व इसकी महत्व पर चर्चा की वह बताया कि योग द्वारा हम अपने जीवन में शांति व निरोग जीवन जीने के सपने को साकार कर सकते हैं। सभी को प्रतिदिन कुछ समय यो योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। योग सत्र के अवसर पर आरती , डिंपल अलका , मानशी, हरप्रीत , प्रियंका , पंकज , अंकुर , आदित्य , विनय, सौरभ आकाश आदि स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा

**झिंझाना।** कस्बे के तीर्थ स्थान तीतरो वाली धर्मशाला में 11 वा अंतरास्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी शामली के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक तजेंद्र निर्वाल के आह्वान पर सभी मंडलों में योग दिवस मनाया गया। झिंझाना मंडल के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी के आयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम संयोजक हरजीत सिंहसहयोगी बंटी चौधरी जिला उपाध्यक्ष (किसान मोर्चा) कार्यक्रम में उपस्थित इंद्रपाल सिंह तोमर बलवती इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, रूबी चौधरी , विनोद संगल व्यापार मंडल अध्यक्ष झिंझाना, फूल सिंह प्रधान, अरविंद बंसल, भोपाल सिंह, जितेन्द्र चौहान, लोकेश पांचाल, सतीश चौहान, निशांत चौहान, अर्जुन पंडित क्रांतिकारी युवा नेता झिंझाना, दीपक वडेरा, बिजेंद्र कश्यप ,पतिराम प्रधान, डॉ रोहित तोमर, डॉ. अशोक कुमार, दिनेश मित्तल, बल्लू शर्मा, सन्नी लाला, पूर्व सभासद शिवकुमार सैनी, हेम सिंह बावरिया, अमित फौजी अर्पित पंडित वे अन्य सभी ने योग शिविर में अपनी अपनी भूमिका निभाई ।

# कौशल रथ का भव्य शुभारंभ, युवाओं को मिलेगी कंप्यूटर शिक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की प्रेरणा से संचालित कौशल रथ का शनिवार को कस्बा थानाभवन में भव्य शुभारंभ किया गया। यह रथ केंद्र सरकार के कौशल विकास मिशन के अंतर्गत युवाओं को डिजिटल शिक्षा एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी देने हेतु तैयार किया गया है।



इस विशेष रथ में आधुनिक कंप्यूटर लैब की सुविधाएं मौजूद हैं, जहां युवाओं को निरूशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।कार्यक्रम का उद्घाटन थानाभवन विधायक अशरफ अली खान के प्रतिनिधि अभिषेक राणा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान अभिषेक राणा ने कहा यह कौशल रथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

जो कौशल भारत.समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह रथ युवाओं को कंप्यूटर और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। प्रशिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों को ऑन-हैंड कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ-साथ साइबर क्राइम से बचाव की जानक.ारी भी दी जाएगी। रथ कुछ दिनों तक विभिन्न स्थानों पर जाकर पंजीकृत युवाओं को यह विशेष प्रशिक्षण देगा।यह पहल न केवल युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उन्हें सुरक्षित डिजिटल भविष्य की ओर भी अग्रसर करेगी। इस अवसर पर अतुल ज्ञानचंद, कुलदीप कुमार, नेहा रानी, ऋतु पांचाल, आकाश गोयल, अंशुल, तुषार सहित कई शिक्षकगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# धरना प्रदर्शन कर मुकदमा वापस लेने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गत 4 अप्रैल को कस्बे में विद्युत विभाग की टीम द्वारा छापामारी के दौरान विवाद हो गया था जिसमें विद्युत विभाग की ओर से पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था तथा अन्य लोगों को जमाने के नोटिस जारी किए थे इस संबंध में शनिवार को शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर मे धरना प्रदर्शन किया तथा जुर्माना व मुकदमे को वापस लेने की मांग की। गत 4 अप्रैल को कस्बे में विद्युत विभाग की टीम व कस्बे के लोगों में विवाद हो गया था जिसमें उस समय पुलिस चौकी पर समझौता भी हो गया था लेकिन बाद में वीडियो वायरल होने के बाद कस्बे के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था तथा अन्य लोगों के खिलाफ जुर्माने के नोटिस जारी किए गए थे इस



प्रकरण में पूर्व में भी दो बार धरना प्रदर्शन हो चुका है शनिवार को शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर हवन यज्ञ कर धरना प्रदर्शन शुरू किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में सभासद दीपक, अमित कुमार, सुशील कुमार, यशपाल, अरविंद, कुलदीप, सत्यवान, नीरज पहलवान, देवेंद्र ,संजू चौधरी आदि शामिल रहे।

# जिजौला में पोल टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित, पीने के पानी को तरसे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बिडोली मार्ग के जिजौला में विद्युत पोल टूटने से करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे उपभोक्ताओं को पानी आदि की दिक्कत झेलनी पड़ी। शनिवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे चौसाना बिजली उपकेन्द्र की बिजली आपूर्ति गुल हो गई। इससे लोगो को भीषण गर्मी में साफ-सफाई आदि के लिए पानी की कमी से जूझना पड़ा। विद्युत पोल ठीक होने के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू हो सकी।

चौसाना के जिजौना में बिजली का पोल लगा है। जिसमें अनियंत्रित टैक्टर ने टक्कर मार दी। रात्रि मे तो किसी तरह से आपूर्ति शुरू हो सकी। लेकिन सुबह के समय विद्युत कर्मचारी अधिकारियों के निर्देश पर मौके पर पहुँचें और पोल को ठीक किया। बताया गया है कि पोल हाईटेंशन लाइन का था जिस कारण आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों ने बताया कि आपूर्ति बाधित होने के कारण पानी की किल्लत हो गई और नहाने के लिए भी तरसना पड गया। वही पशुओ को पानी पिलाने मे काफी समस्या पैदा हुई। टीजीटू गो. विंद कुमार ने बताया कि पोल टूटने के बाद लाइनमेनो की टीम मौके पर पहुॅची थी और समय रहते आपूर्ति सुचारू हो सकी।



# परिषदीय विद्यालयों को मर्ज किए जाने का का विरोध

**शामली।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारी शिक्षक महिलाओं ने बीएसए को ज्ञापन देकर अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के कम संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किए जाने के 16 जून के आदेश पर रोक लगाने की मांग की।

शनिवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि बिना सोचे समझे कानून का उलंघन करते हुए 16 जून 2025 को एक शासनादेश निर्गत किया गया हैं। जिसमें कहा गया है कि जो कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालय उनको पास के बड़े विद्यालयों में पेयर कर दिया जाए और बड़ी चतुराई से भृमित करने के लिए मर्जर को पेयर जैसी नई शब्दावली का नाम दिया गया है। जिले स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि मर्जर शब्द का प्रयोग कदापि न किया जाए। शिक्षार्थी एवं शिक्षकों के विरुद्ध यह निर्णय होने के कारण उत्तर प्रदेशीय महिला शिक्षक संघ जनपद शामली उक्त निर्णय पर आपत्ति दर्ज करता है। इस कारण इस निर्णय का विरोध किया जाना आवश्यक है।उन्होने कहा कि जारी मर्जर आदेश में कहीं भी न्यूनतम अथवा अधि. कतम संख्या का निर्धारण नहीं किया गया। प्रदेश के अलग अलग जनपद अपने हिसाब से मर्जर के लिए संख्या निर्धारण कर रहे हैं। कोई जनपद 10 छात्रों, कोई 20 तथा कोई 50 की संख्या पर निर्धारण कर रहा है। एक प्रदेश में अलग अलग व्यवस्था के कारण विभाग के इस निर्णय पर शिक्षकों को संदेह है। इतने बड़े शिक्षक एवं छात्र विरोधी निर्णय को इतनी गोपनीयता से लागू किया जाने से संशय उतपन्न हो रहा है तथा स्पष्ट रूप से शिक्षकों का अहित है। कहा कि उक्त मर्जर आदेश से शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उलंघन किया गया जो की कानून का अतिक्रमण है। जारी शासनादेश से बाल अधिकार अधिनियम का भी उलंघन किया गया है। मर्जर की व्यवस्था लागू होने से प्रदेश के लगभग एक लाख 35 हजार सहायक शिक्षकों के पद तथा 27 हजार प्रधानाध्यापकों के पद एक साथ समाप्त हो जाएंगे। ऐसे आदेश को संगठन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा। उन्होने उक्त आदेश को वापस लेने की मांग की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पूनम तोमर, जिला महामंत्री नीरू जैन, कोषाध्यक्ष शाहिस्ता प्रवीन, अनीता चौधरी, अलका बंसल, प्रिया शर्मा, रितु, प्रतिभा सैनी आदि मौजूद रहे।



# संपूर्ण समाधान दिवसः डीएम-एसपी के समक्ष आईं कई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज तहसील ऊन के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्णढंग से निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिक. ारी के समक्ष आज पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, पूर्ति विभाग,पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग,बैंक, ब्लाक ऊन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 41 शिकायतें पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मात्र-02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। और शेष शिकायतों का समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अत: शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, सीएमओ डॉ अनिल कुमार, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द, तहसीलदार ऊन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा तहसील शामली में सत्एन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वि.रा., शामली की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आज अपर जिलाधिकारी के समक्ष 49 शिकायती पत्र निस्तारण हेतु रखे गए। प्राप्त शिकायतों में से मौके पर 4 शिकायत का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

इसके अलावा तहसील कैराना में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके समय से निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास के समक्ष 57 शिकायती पत्र निस्तारण हेतु रखे गए। प्राप्त शिकायतों में से मौके पर 7 शिकायत का निस्तारण किया गया। और शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज सहित समस्त संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## राजेश पायलट की प्रतिमा का मामला उठा संपूर्ण समाधान दिवस में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव हथछोया के बस स्टैंड पर गुर्जर समाज के लोग पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की प्रतिमा स्थापित करना चाहते थे लेकिन गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा विरोध करने पर मूर्ति स्थापित नहीं हो पाई जिससे गुर्जर समाज में रोष व्याप्त है इस संबंध में गुर्जर समाज के दर्जनो व्यक्तियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद चौहान से प्रतिमा स्थापित कराने तथा विरोध करने वालों द्वारा बचत की भूमि पर अवैध कब्जे की जांच कर कर कार्रवाई की मांग की है।

गांव हथछोया में गुर्जर समाज के लोग पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की प्रतिमा स्थापित करना चाहते थे उक्त प्रकरण में गांव निवासी मदन व मूला द्वारा खाद के गड्ढे में मूर्ति लगाने का विरोध किया गया इसके बाद प्रशासन द्वारा मूर्ति लगाने की अनुमति नहीं दी गई तथा कार्यक्रम के अंतर्गत मूर्ति स्थापित नहीं हो पाई था इस संबंध में गुर्जर समाज के दर्जनो लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद चौहान को शिकायत की कि मूला पुत्र जगदीश खसरा नंबर 291 रकबा 0.665 हैकटेयर मदन पुत्र धर्मपाल खसरा नंबर 290 रकबा 0.906 हैकटेयर अपनी भूमि में चकबंदी विभाग से मिली भगत कर बचत की भूमि पर कब्जा कर रखा है उक्त भूमि की पैमाइश कराकर बचत की भूमि को छुड़वाया जाए ताकि ग्राम प्रधान उस भूमि को सार्वजनिक कार्य में प्रयोग कर सके ।उन्होंने राजेश पायलट की मूर्ति लगवाने की मांग भी की है शिकायत करने वालों में तेजपाल गुर्जर, देवेंद्र तोमर प्रधान, मास्टर अशोक ,विनीत कुमार ,बृजपाल सिंह ,कुलबीर ,जनक सिंह ,सोनू, लोकेंद्र, उत्तम ,ऋषिपाल, शिव कुमार, विनोद कुमार ,आकाश आदि शामिल रहे।

## विवाहिता ने लगाए ससुरालियों पर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कस्बा जलालाबाद निवासी सना पुत्री अनीस की शादी शेरखान पुत्र गयूर के साथ 2024 में हुई थी। जिसमें हैसियत के अनुसार दान दहेत देते हुए शादी की थी। शादी के बाद एक पुत्री होने पर ससुराल के लोगों ने विवाहिता को तरह तरह से ताने देना शुरू कर दिया और अपने पिता से बुलट बाईक व पांच लाख रूपये लाने का दबाव बनाने लगे। 25 मई को पति शेरखान, देवर कयूम, नवाजिश, फैजान, ससुर गयूर, ननंद तरन्नुम ने विवाहिता को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और चेता. वनी दी कि मांग पूरी न होने पर तलाक दे दिया जाएगा। विवाहिता का आरोप है कि महिला थाने में शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। विवाहिता ने एडीएम ने कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के भाजपा कार्यालय पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के कार्यक्रम को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिला महामंत्री पंकज राणा एवं राजेंद्र सिंह ने आगामी 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की। उन्होने बलिदान दिवस होने वाली जिला संगोष्ठी को सफल बनाए जाने के लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतिभाग करने का आहवान किया गया। बताया कि जिला संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री डा। चंद्रमोहन सिंह रहेंगे। बैठक में क्षेत्रिय मंत्री रूबी चौधरी, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा बादल गौतम, नीरज मलिक, कमल बंसल, पीयूष सैनी, गोपाल चौहान, राजीव जैन, भूपेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर के योद्धा का हुआ सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत रात्रि शहर के नगर पालिका हॉल में इस्कॉन प्रचार समिति शामली, रोटरी क्लब शामली, वैश्य समाज शामली, भारत विकास परिषद मानव शामली द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सैनिकों द्वारा राष्ट्र की रक्षार्थ पाकिस्तान के आतंकवाद पर किए गए अत्यन्त आक्रामक प्रहार तथा राष्ट्र की रक्षा नीति का संपूर्ण विश्व को दिए गए विश्वव्यापी संदेश भारत की मात्र शक्ति को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर के अनेक महान योद्धाओं में से एक योद्धा कैप्टन एयर कोमोडोर फाइटर पायलेट समित गर्ग को सम्मानित किया गया। जिसमें सुमित गर्ग द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय वायु सेवा के अति पराक्रम जाबांज फाइटर पायलेट ने एवं अन्य संपूर्ण अधिकारियों व अन्य सैनिकों ने अटूट एवं साहस को बतलाया। एयर कमाडोर सुमित गर्ग ने अपने समस्त सैनिकों की ऑपरेशन सिंदूर में किए सहयोग की खूब तारीफ की। प्रियंका गर्ग द्वारा जो कि स्टेशन की प्रथम महिला है सभी परिवारों को संरक्षण दिया और उनको साहस प्रदान करते हुए अपने आधार में साहस का परिचय दिया।इस अवसर पर डा। राजेंद्र गोयल, विनय बंसल, ऋषि अग्रवाल, रुचिर गोयल, गोविंद कौशिक, पवन बजरंगी, यशपाल पंवार, रजत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### मारपीट में दो भाइयों व दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ट्रैक्टर से टक्कर मार कर तोडने के बाद मारपीट का आरा. ेप लगाते हुए गांव पिंडोरा निवासी सेठपाल ने दो भाइयों तथा दो अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सेठपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की देर रात्रि वह अपने ताऊ जयवीरा पुत्र कबूल व पडोसा रामपाल पुत्र सिमरू के साथ अपने घर में बैठे थे, उसी समय पीड़ित की दीवार को ट्रैक्टर से टक्कर मार कर तोड दिया तथा रामपाल और जयवीर को सरिया बलकटी से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर मौहल्ले के पाल व इलम सिंह भी मौके पर आ गए। उपरोक्त लोगो से रामपाल व जयवीर को बड़ी मुश्किल से हमलाव. रों से बचाया। हमलावार हरेन्द्र, सतेन्द्र दोनो भाई व दो अज्ञात भाग गए। पीड़ित ने हमलावर दो भाइयों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो भाइयों सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

### सीएचसी पर लेब टेक्नीशियन की नियुक्ति की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सीएचसी ऊन पर लेब टेक्नीशियन की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा सींगरा ने सीएमओ शामली कुमार को फोन पर वार्ता कर क्षेत्र वासियों को हो रही असुविधा के विषय में अवगत कराया है। शनिवार को अशवनी शर्मा ने बताया कि ऊन ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर खून संबंधित जांच कराने में भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। गरीब मजदूर तबके को निजी पैथोलॉजी लेब पर जांच करानी पड़ती है। गर्भवती महिलाओं को समय समय पर खून की जांच कराने की आवश्यकता होती, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते असुविधा का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झिंझाना पर एक भी लेब टेक्नीशियन नहीं है। क्षेत्र के किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गंभीर बिमारियों को लेकर इमरजेंसी में एक्स-रे कराने की सुविधा नहीं है, जिससे दुर्घटना के बाद एक्स-रे कराने के लिए क्षेत्र के मरीजों को जिला चिकित्सालय जाना पड़ता है। क्षेत्रवासियों को हो रही असुविधाओं के समाधान के लिए आला अधिकारियों को अवगत कराएंगे। सीएमओ शामली के द्वारा तत्काल प्रभाव से एक लेब टेक्नीशियन की डयूटी लगाए जाने का आश्वासन दिया गया है। सीएमओ शामली ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को असुविधा हो रही थी जिसमें सुधार किया जाएगा।

# पैगम्बर साहब पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने पर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मुस्लिम धर्म के पेगेम्बर के संबंध में युवक द्वारा अपने व्हाटसएप पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने पर मुस्लिम समाज के लोगों में रोष फैल गया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले में मुकदमा दर्ज कर आरा. ेपी को गिरफ्तार कर चालानी कार्रवाई की। शनिवार को कस्बे के मौहल्ला सैदमीर निवासी अनुज कुमार उर्फ नीटू द्वारा अपने मोबाइल व्हाटसएप स्टेटस पर मुस्लिम धर्म के पैगम्बर के संबंध में आपत्ति जनक स्टेटस लगा दिया। जिसके बाद कस्बे के मुस्लिम धर्म के लोगों में रोष फैल गया। मुस्लिम धर्म गुरुओं एवं लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पूर्व चेयरमैन नौशाद ठेकेदार की अगुवाई में जमीयत उलेमा ए हिंद के पदाधिकारी कारी इरशाद,कारी वकीलुररहमान,हाफिज अ"यूब, मोली इस्तखार,तस्लीम सभासद, आदि थाना प्रभारी से मिले जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक राघवेन्द्र सिंह द्वारा मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी नीटू को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया मामले की सूचना मिली थी, आरोपी नीटू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्यवाही की गई है।

### मारपीट का आरोप लगाया

**झिंझाना।** गोपाल पुत्र पदम सिंह ने दी तहरीर में बताया कि है 6 मई को सुबह के समय पीड़ित किसान अपनी पत्नी कुसम के साथ खेत में काम कर रहा था तभी वहां पर उसका बड़ा भाई कृष्णपाल, ममता, रामरती सभी निवासीगण डेरा भागीरथ ने आकर गन्दी गाली गलौच करते हुए लाठी डंडो से पीड़ित व पत्नी के साथ मारपीट किया जिससे पीड़ित को काफी चोट आई। खेत पर कार्य कर रहे लोगों ने छुड़ाया तथा उनके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की है। पीड़ित किसान ने भाई सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी।

# बाबा कमलनाथ की 41 दिवसीय पंचधुनि तपस्या पूर्ण, शहीदों को समर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** कस्बे के मोहल्ला रैदासपुरी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में हिंदू महासभा मंडल अध्यक्ष योगी बाबा कमलनाथ जी की 41 दिवसीय पंचधुनि तपस्या की पूर्णता के अवसर पर हवन पूजन, विशाल भंडारा एवं शहीदों को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विधि-विधानपूर्वक किया गया। तपस्या जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति हेतु की गई थी।

शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक हवन से हुई, जिसमें क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और आतंकी हमले में शहीद हुए श्रद्धालुओं के मोक्ष की प्रार्थना की गई। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उपस्थित संतों को सम्मानित कर प्रसाद वितरण किया गया। योगी बाबा कमलनाथ जी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष श्रद्धालुओं को उनका धर्म पूछकर मौत के घाट उतार दिया गया, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने बताया कि उन्हीं की आत्मा की शांति के लिए उन्होंने 41 दिन तक 45 डिग्री तापमान में पांच धुनियों के बीच तपस्या की। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से शहीदों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग की। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कार्यक्रम में दीप जलाकर शहीद श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने योगी बाबा कमलनाथ की तपस्या को संतों की शक्ति और समाज सेवा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कठोर तापमान में पंचधुनि के बीच तप करना साधारण व्यक्ति के वश की बात नहीं होती।

सुरेश राणा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार में उनके कार्यकाल में थानाभवन विधानसभा क्षेत्र में राजकीय इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, और आईटीआई कॉलेज की स्थापना की गई ताकि क्षेत्रीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि कोरोना काल में 130 करोड़ जनता को मुफ्त वैक्सीन दी गई और कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाया गया।उन्होंने आगे कहा कि अब प्रदेश के बच्चे प्रयागराज के कुंभ, अयोध्या और काशी जैसे धार्मिक स्थलों पर छुट्टियों में भ्रमण करते हैं, यह योगी सरकार की सकारात्मक सोच और प्रयास का परिणाम है। उन्होंने डॉ। भीमराव अंबेडकर पार्क की चारदीवारी और चौपाल पार्क निर्माण का आश्वासन भी दिया। साथ ही बताया कि शामली नहर से गढ़ीपुख्ता रोड का चौड़ीकरण उनके प्रयास से ही संभव हो पाया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ईओ जितेंद्र राणा, अंकुज चौधरी द्धसमाजसेवीऋ, कर्मवीर सभासद, मास्टर नरेश सैनी, रॉकी चौधरी, मोहन प्रधान खेड़की, अतुल प्रधान पेलखा, भूपेंद्र चौधरी, बबल कुरैशी, सुधीर फौजी, खिलारी, विजयपाल, अनिल खटीक, अनुकूल गिरी, बाबा मेघनाथ, मंजूनाथ, कालू नाथ, पवन नाथ, छोटू नाथ, मंगलनाथ, ओमपाल खेड़की आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# एक माह से खराब पड़े सरकारी नल को ठीक कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बा के लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एक माह से बंद पड़े सरकारी नल को फिर से चालू करने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष पर खराब नल को ठीक न करने का भी आरोप लगाया।

शनिवार को नाला पटरी के रहने वाले लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस ऊन पहुंचकर करीब एक माह से बंद पड़े सरकारी नल को पुन: चालू कराने की मांग की। प्रार्थना पत्र देते हुए कस्बा वासियों ने बताया कि नाला पटरी के पास शराफत पुत्र कालू के घर के सामने सरकारी नल लगा हुआ है, जो करीब एक महीने से खराब हुआ हो रखा है। गर्मी के मौसम में सभी मोहल्ले वाले पानी भरने से परेशान है। उन्होंने कहा कि हमारे मोहल्ले में सरकारी टंकी का पानी भी नहीं आता। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष को खराब पड़े नल को ठीक करने को कहा तो उन्होंने यह कहते हुए कि नल को ठीक करने से मना कर दिया कि यह नगर पंचायत की हुदुद से बाहर है। अधिकारियों से बस्ती के लोगों ने जल्द से जल्द खराब पड़े नल को ठीक करने की मांग की। प्रार्थना पत्र देने वालों में सोनू सैनी, मोहसिन, नदीम, साबिर, मिंटू, रोहित, कपिल आदि रहे।



## दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शोकसभा

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक में अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका निवासी पंडित ह्रदेश शर्मा (58 वर्ष) जो रामपुर पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे कि मृत्यु, बिजनौर नई बस्ती निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार शर्मा की पत्नी धनेश्वरी देवी (70 वर्ष) तथा नगीना के वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा (67 वर्ष) का बीमारी के चलते निधन हो जाने पर शोक व्यक्त किया गया। दरोगा ह्रदेश शर्मा का ड्यूटी के दौरान रामपुर में ही हार्ट अटैक आने के कारण निधन हो गया था। नगीना निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं समा. जसेवी भी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। जिनका मंगलवार को निधन हो गया। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकग्रस्त परिजनों को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई।

# कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पीरखोन स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर नया मामला प्रकाश में आया है। नगर पंचायत अध्यक्ष तथा वार्ड सभासदों द्वारा एक प्रार्थना पत्र एसडीएम ऊन को दिया कि विवादित भूमि खाद के गढ्ढों के लिए है जो नगर पंचायत की संपत्ति है। बैनामा करने तथा खरीदने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को नगर पंचायत के वार्ड सभासदों द्वारा एसडीएम ऊन को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि अब्दुर्रहीम पुत्र अल्लारक्खा एवं अब्दुल्ला पुत्र रमजानी निवासी झिंझाना ने अवैध कब्जा करते हुए खसरा नम्बर 1452, 1453, 1455 में अमित कुमार पुत्र प्रकाशचन्द्र को बैनामा कर दिया है। अमित कुमार द्वारा बुधवार को उक्त भूमि पर जेसीबी लेकर अवैध कब्जा करना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत झिंझाना के मोहल्ला शाहमुबारिक में पीरखोन पर निकाय के सम्पत्ति रजिस्टर में दर्ज भूमि जिसका खसरा नम्बर 1452 जो खाद के गजले के नाम दर्ज है। अब्दुर्रहीम पुत्र अल्लारक्खा एवं अब्दुल्ला पुत्र रमजानी एवं अमित कुमार पुत्र प्रकाशचन्द अवैध कब्जा करना चाह रहा है। दिए सभासदों द्वारा दिए प्रार्थना पत्र में बैनामा करने तथा खरीदने वालों पर कार्यवाही करते हुए उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

### बीएलओ को प्रशिक्षण 23 को

**शामली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र दिनांक 18 जून 2025 में निर्गत निर्देशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन पुनरीक्षण कार्यों में तैनात बी.एल.ओ. पर्यवेक्षकों को तिथियां निर्धारित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है। जिसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 23.6.2025 में पूर्वान्ह 11:00 बजे से निर्धारित किया गया है। निधि भारद्वाज, उपजिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र-8 कैराना द्वारा संबंधित को उक्त निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार समस्त बी0एल0ओ0 पर्यवेक्षक बैठक में निर्धारित समय एवं स्थान पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# योग दिवस पर आयोजित शिविर में विभिन्न योगासनों का कराया अभ्यास

## प्रतिदिन योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है: डा. अनवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रागण में अंत. रराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो से आये प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों का अभियास कराया गया।

आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रांगण में जीवन योग फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित सामूहिक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सत्र का शुभारंभ ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं पूर्व यूनानी-आयुर्वेदिक तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनवर सईद ने किया। इसमें प्रतिभागियों को विभिन्न योगा. सनों का अभ्यास कराया गया। शिविर में विकास पुंडीर, अनुज, ईशू, देव, अंकित शर्मा, सचिन, रवि, चरण सिंह, कु० अंशिका, कु० सलोनी,



कु० साक्षी, कु० प्राची का विषेश योगदान रहा। जामिया तिब्बिया देवबन्द द्वारा आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत गोद लिए गए गांवों में योग शिविर लगाकर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. अहतशामुल हक सिद्दीकी, डॉ. मोहम्मद आजम उस्मानी, डॉ. मुजम्मिल, जमशेद अनवर, शिबली इकबाल आबिद, सुहैब अली, मनोज कुमार, श्रीमती अलका, कु० सोनिया, सचिन कुमार ने देवबंद के विभिन्न क्षेत्रों एवं गांवों में लोगों को योग का अभ्यास कराने के साथ ही उन्हें योग के प्रति जागरूक किया।



**उधर,** दून वैली पब्लिक स्कूल एवं भारतीय योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आये प्रतिभागियों ने योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास किया।

दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सैनी ने रिबन खोल कर एवं दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ करने के उपरांत राजकिशोर गुप्ता ने योग को भारतीय ज्ञान परंपरा की विश्व को देन बताते हुए कहा कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना आज की आवश्यकता है। महेन्द्र सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया गया हैं। कार्यक्रम में आस से शामिल हुए लोगो व छात्र-छात्राओं सहित स्कूल के अध्यापक व अध्यापिकायें शामिल रहे।

# साप्ताहिक बुध बाजार को लेकर बना हुआ है संशय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर में लगने वाले साप्ताहिक बुध बाजार को लेकर अभी संशय बना हुआ है। नगर पालि. का परिषद के अधिवक्ता ताबिश शेख ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज उच्च न्यायालय ने इस संबंध में नगर पालिका परिषद को आगामी तीन जुलाई को समस्या के निराकरण को लेकर हलफनामा प्रस्तुत करने के आदेश देते हुए पालि. का के अधिशासी अधिकारी को पालिका की ओर से पक्ष रखने के लिए कहा हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में साप्ताहिक पैठ के संबंध में पालिका का पक्ष मजबूती के साथ रखा जाएगा। कुछ लोग उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई को लेकर भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। आगामी सुनवाई के बाद पैठ बाजार को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

## बेटे के साथ मारपीट का लगाया आरोप

**देवबन्द।** तल्हेड़ी गांव निवासी मुर. सलीन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को बेटा तैय्यब जुमा की नमाज पढ़ने के लिए जा रहा था। रास्ते में मिले पडोस के कई लोग उसके साथ अकारण गाली गलौज करने लगे। मना किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंचा और विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें वह भी चोटिल हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के मोनू और मुसरलीन का शांतिभंग की धारा में चालान किया है।

# योग को मिल रही है लोकप्रियता

**देवबन्द।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं पूर्व यूनानी-आयुर्वेदिक तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनवर सईद ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के बाद से विश्वभर में योग की लोकप्रियता बढ़ी है और लोगो में योग के प्रति जागरूकता आई है। डॉ. अनवर सईद जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रागण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित शिविर में योग अभ्यास के उपरांत विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि लोगों में रोग प्रति. रोधक क्षमता भी विकसित हुई है। उन्होंने कोरोना काल में जामिया तिब्बिया की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका




विश्वास' मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्था के योगदान की प्रशंसा की। जामिया तिब्बिया के सचिव डॉ. अख्तर सईद ने कहा कि आज की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग ही एकमात्र ऐसा साधन है जो बिना किसी खर्च के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता है। उन्होंने योग को न केवल एक व्यायाम पद्धति बल्कि एक जीवन दर्शन बताया, जिसे अब पूरी दुनिया अपनाने लगी है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित कॉलिज का समस्त स्टाफ शामिल रहा। अंत में प्राचार्य प्रो. अनीस अहमद ने सभी आगंतुकों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार जताया।

### दिशा में एकम्स फार्मा कंपनी ने किया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में फार्मा क्षेत्र की कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महासचिव मुकेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, कंपनी के एचआर एक्जीक्यूटिव मयंक शर्मा व शेखर चौधरी, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, तथा फार्मेसी प्रिंसिपल डा. बी.के. भारती द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

इस ड्राइव में बी.फार्मा, डी. फार्मा व बीएससी माइक्रोबायोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया को तीन चरणों परिचय, तकनीकी ज्ञान और ग्रुप डिस्कशन में विभाजित किया गया। चयनित छात्रों को ३ माह की ट्रेनिंग के लिए एकम्स प्लांट हरिद्वार बुलाया जाएगा।

# किसान खाद अधिक कीमत पर खरीदने को मजबूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सहकारी गन्ना समिति में यूरिया की कमी के चलते किसानों को प्राइवेट दुकानों से ऊंची दरो पर दुकानदारों के शर्तो पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। सहकारी गन्ना समिति के सचिव की माने तो डिमांड के अनुसार यूरिया न मिलने के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का मौसम प्रारंभ होने के साथ ही किसान गन्ने समेत अन्य फसलो में यूरिया खाद डाल अपनी फसल को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन अभी सहकारी समिति समेत अन्य सहकारी साधन समितियों में खाद की किल्लत होने से किसान परेशान है। जबकि किसानों को इस समय अपनी फसलो को बचाने के लिए खाद की आवश्यकता है। शनिवार को बड़ी संख्या में किसान सहकारी विकास गन्ना समिति पहुंचे और उन्हें आवश्यकता के अनुसार यूरिया न मिलने पर उन्होंने आक्रोष जताया। कहा कि यदि उन्हें खाद नहीं मिला तो उनकी फसल खराब हो जाएगी। किसान ओमप्रक. ाश, छोटू राणा, गौरव और राजकुमार ने बताया कि



खाद लेने के लिए उन्होंने एक माह पहले अपने फार्म भर सभी औपचारिकताएं पूर्ण करदी थी। लेकिन उन्हें अभी तक खाद नहीं दिया गया है। उनका आरोप है कि अपनी जिस आवश्यकता के साथ खाद के लिए फार्म जमा कराए थे उन्हें उसका आधा भी आपूर्ति नहीं किया जा रहा है। गन्ना समिति के चेयरमैन डॉ उपेंद्र चौधरी ने बताया कि समिति में खाद की कमी नहीं है। जितना खाद आ रहा है उसकी आपूर्ति लगातार किसानों को की जा रही है। कहा कि प्रतिदिन 140 किसानों को खाद का वितरण हो रहा है। उनके मुताबिक इस समय प्रति किसान 10 कट्टे यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है।

# द एसडी पब्लिक में योग दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर द एस. डी. पब्लिक स्कूल, द्वारिका सिटी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर में एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनमानस में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति सभी को प्रोत्साहित करना रहा। इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग जिसे सभी ने पूर्ण मनोयोग एवं समर्पण के साथ आत्मसात किया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रात: विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्या द्वारा उपस्थित सभी का अभिवादन से हुआ। तत्पश्चात् शारी. रिक शिक्षा के शिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास के साथ-साथ प्रत्एक आसन के लाभ के विषय में भी विस्तारपूर्वक समझाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मती नीलम माहना जी ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया ही नहीं बल्कि मान. सिक, भावनात्मक और आत्मिक शुद्धि का साधन है। यह तन-मन और आत्मा को एकीकृत कर संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को योग से जोड़ने का एकमात्र उद्देश्य भविष्य के लिए एक सजग एवं स्वस्थ्य पीढ़ी का निर्माण करना है।

## ज्योति कलश यात्रा का स्वागत

**राजा का** ताजपुर। ज्योति कलश यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा के तहत पहुंची एक बैंकट हॉल में ज्योति कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि उदयभान सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वेदपाल सिंह, बसंत सिंह, स्वर्ण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा वर्ष **1926** में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा शुरू की गई गायत्री मिशन की स्थापना के शताब्दी वर्ष **2026** की पूर्व तैयारी के अंतर्गत देश के 32 राज्यों में निकाली जा रही है।



## योग से शरीर रहता है निरोग

**चांदपुर।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑरगेनाईजेशन (सूर्या फाउण्डेशन) नगर समिति चांदपुर के द्वारा राजकीय इंजी. नियरिंग कॉलेज चांदपुर में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नगर उपाध्यक्ष कुंवरसैन गौतम एवं राहुल बंसल महासचिव के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राहुल बंसल ने कहा कि योग क्रिया से जहां हमारा शरीर बीमार नहीं पड़ता। वहीं योगाभ्यास के नियमित रूप से करने से शरीर मजबूत भी बना रहता है।

उन्होंने कहा कि कॉलेज के डायरेक्टर नीलेन्द्र बादल एवं रजिस्ट्रार नरेश कुमार के सौजन्य से समिति द्वारा ही कॉलेज में प्रतिवर्ष कार्यक्रम को आयोजित कराने में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग मिलने पर हर्ष भी जताया। कार्यक्रम का संचालन दीपक सरोहा के द्वारा किया गया। समिति में डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. नवनीत सिंह, डॉ. अमित रघुवंशी, पिंकी पश्चिम, श्याम बाबू गुप्ता पत्रकार, अजय कुमार,सीनियर पत्रकार व कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## योग को अपनाएं और स्वस्थ, खुशहाल जीवन का आनंद लें : अमजद अली

**सहसपुर।** स्थानीय सहसपुर नगर पंचायत सहसपुर कार्यालय परिसर में लिपिक, सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारी आदि लोगों के बीच सहसपुर के सम्मानित व्यक्ति डॉ. ओम प्रकाश पाल (योग गुरु) ने कार्यालय नगर पंचायत परिसर में योग कराया और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाया।

चेयरपर्सन नाहिद परवीन पत्नी अमजद अली अंसारी ने अपने आवास पर ही प्रतिदिन की तरह योगासन किया। समाजसेवी अमजद अली ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निमित्त रूप से योग करने से ही मानव का शरीर निरोगी होता है, वहीं उन्होंने आज **57** मिनट तक योग किया।

दूसरी ओर अमजद अली ने बताया कि संपत्ति या किसी भी अन्य पदार्थ या वस्तु का विनिमय हो सकता है।लेकिन स्वस्थ शरीर का लाभ स्वयं को प्राप्त होता है। स्वस्थ व निरोगी होने का लाभ स्वयं को ही मिलता है। यही मानव की सबसे बहुमूल्य संपत्ति है।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी **TOOBA** के पासपोर्ट (**L6330963**) में मेरे नाम का उल्लेख **ATIA KHATOON** के रूप में किया गया है, जबकि सही नाम **ATIA KHATUN** है, जो कि उसकी 10वीं की मार्कशीट एवं अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। अत: संबंधित विभागों व आमजन को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम का सही रूप **ATIA KHATUN** ही है। कृपया इसे नोट करें।

**ATIA KHATUN W/O SHIBLI IQBAL,** R/O 56/2, SAFAID MASJID, ABUL BARKAT, DEOBAND, SAHARANPUR.

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी **TOOBA** के पासपोर्ट (**L6330963**) में मेरे नाम का उल्लेख **शिबली इक़बाल आबिद (SHIBLI IQBAL ABID)** के रूप में किया गया है, जबकि सही नाम केवल **शिबली इक़बाल (SHIBLI IQBAL)** है, जो कि उसकी 10वीं की मार्कशीट एवं अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। अत: संबंधित विभागों व आमजन को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम का सही रूप **शिबली इक़बाल (SHIBLI IQBAL)** ही है। कृपया इसे नोट करें।

**SHIBLI IQBAL,** R/O 56/2, SAFAID MASJID, ABUL BARKAT, DEOBAND, SAHARANPUR.

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि ऋण योजना के अन्तर्गत रोजगार परक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अपनी ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए पाया कि इंडियन बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ोदा सहित छह बैंक शाखाओं द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्य 60 प्रतिशत के सापेक्ष 40 प्रतिशत से भी कम की प्रगति की गई है। उन्होंने प्रत्येक बैठक में बैंक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद भी उक्त ऋण जमा अनुपात कार्य में सुधार न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एलडीएम को यह भी निर्देश दिए कि जिले के सभी सीमावर्ती ग्रामों का निरीक्षण करें और आबादी के निर्धारित मानक के अनुरूप जिन गांवों में बैंक सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर बैंक शाखाएं अथवा बैंकिंग आउटलेट की स्थापना करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में डीएलआरसी एवं डीसीसी की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वित्तीय वर्ष **2025-26** के लिए जिले में **1700** के लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक **2202** आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए। इनमें से **646** स्वीकृत आवेदनों में से **465** पर ऋण वितरण किया जा चुका है, **763** आवेदन स्वीकृत के लिए तथा **178** आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित हैं, जबकि **794** आवेदन निरस्त किए गए हैं। योजना अंतर्गत **420** ऋण खातों में रुपए **180.86** लाख मार्जिन मनी के रूप में क्लेम भी किए गए। उन्होंने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिए कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले को प्राप्त लक्षण की प्राप्ति के लिए बैंकर्स एवं पंजीकृत वेंडर्स के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाएं तथा योजना से संबंधित जन समर्थ पोर्टल ऋण के लिए उपलब्ध होने वाले आवेदनों का निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि बैंकों द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना में ऋण देने में लापरवाही बरती जा रही है। समस्त बैंकर्स यह ध्यान दें कि सरकार गरीबों के स्वरोजगार के लिए जो योजनाएं चला रही हैं, उसमें बैंकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है, इसलिए बैंकर्स सरकारी योजनाओं के ऋणों की फाइलों को पूरी गुणवत्ता के आधार पर स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत माह मार्च **2025** तक प्रथमिकता क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य **8526.02** करोड़ के सापेक्ष **7510.52** करोड़ की उपलब्धि प्राप्त हुई, जो कि वार्षिक लक्ष्य का **88.08** प्रतिशत है। व्यवसायिक बैंकों ने **76.86** प्रतिशत, ग्रामीण बैंकों ने **113.62** तथा सहकारी बैंकों ने लक्ष्य के सापेक्ष **121.38** की उपलब्धि प्राप्त की।

बैठक में उन्होंने सकल कृषि अग्रिम, कमजोर वर्ग के अग्रिम, महिलाओं को अग्रिम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका, मुख्यमंत्री युवा उद्यमि विकास अभियान, जिला उद्योग केंद्र की योजनाएं, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, अल्पसंख्यकों का ऋण और सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में उपलब्धि की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंकर्स गरीबों के कल्याणार्थ योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करें और उनके स्वरोजगार जो प्रकरण लम्बित है।

### रवा राजपूत संघ ने फ्लाइंग ऑफिसर श्रेयांश राजपूत को किया सम्मानित

**बिजनौर।** रवा राजपूत संघ बिजनौर ने श्रेयांश राजपूत पुत्र अरविन्द राजपूत निवासी शाहपुर सुक्खा को भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर नियुक्त होने पर रवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया उनको स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र व बुके प्रदान किया गया।

# धामपुर में धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**धामपुर।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धामपुर नगर में उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं जनकल्याण संगठनों द्वारा योगाभ्यास के आयोजन कर जन-जन को स्वास्थ्य एवं योग के महत्व से जागरूक किया गया।

योग दिवस के अवसर पर शिवा. जी पार्क में नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पालि. का अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह तथा अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला की उपस्थिति में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता निभाई। योगाभ्यास कार्यक्रम ने क्षेत्रवासियों को मानसिक और शारीरिक रूप से जागरूक करने का कार्य किया। कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित योग कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रेखा देवी के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर शिक्षिकाएं श्रीमती नीरज, अमृता चौहान, नीना वर्मा, मीनाक्षी, जौली, सुषमा, उषा, और अंजली, प्रधान लिपिक यशवीर, साथ ही अनेक छात्राएं जैसे गरिमा, अक्षघ, अलीना आदि ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। लाला केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर में पूर्णिमा शर्मा और करिश्मा सक्सेना ने योगाभ्यास कराया और छात्राओं को दैनिक जीवन में योग के लाभ बताए। सुमंगलम फार्म हाउस में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर में योगाचार्य गजराज सिंह और शिवेंद्र अग्रवाल द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डॉ. आर.के. सिंह, आदर्श सिंह, राम सिंह सैनी, धर्मेश सिंह, सरदार देवेंद्र सिंह सलूजा, सुनीता नंदा, कविता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। आरएसएम डिग्री कॉलेज में आयोजित योग सत्र का संचालन डॉ. राम सिंह द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। पंजाबी कॉलोनी स्थित स्वास्थ्य केंद्र में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्वावधान में डॉ. प्रीति बिश्नोई और लवी अग्रवाल द्वारा योगाभ्यास कराया गया, जिसमें क्षेत्रीय महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। श्री राम कॉलेज, पीपलसाना में भी योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. एन.पी. सिंह ने योग के वैज्ञानिक



पक्ष और मानसिक शांति पर बल दिया। धार्मिक स्थलों में भी योग का आयोजन हुआ। संकट मोचक सिद्धेश्वर बालाजी धाम में महंत राहुल अग्रवाल ने योग साधना के माध्यम से शरीर और आत्मा की शुद्धि पर प्रकाश डाला। धामपुर शुगर मिल, एवं मोहल्ला खतियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर में भी विशेष योग शिविर आयोजित किए गए। खासकर महिला सभा द्वारा आयोजित शिविर में महिलाओं ने योग की अनेक मुद्राएं और करतब दिखाकर संदेश दिया कि स्वस्थ महिला, स्वस्थ समाज की आधारशिला है।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने मनाया योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्राचीन शिव मंदिर मोटा महादेव परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

प्राचीन व प्रसिद्ध शिव मोटा महादेव मंदिर प्रांगण में योग उपरांत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सदस्य विधान परिषद विधायक सुबोध पाराशर मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, सुभासपा नेता रणवीर सिंह निराला, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला, मंडल महामंत्री कपिल राजपूत, सचिन देशवाल, गोपीचंद, डॉ. मयंक चौहान, राजकुमार प्रजापति, जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, नरपाल सिंह, हर्ष पाराशर, अनुज काकरान, महबूब मलिक, अजीम अहमद, जगदीश सिंह, हेमराज सिंह, योगेश राजपूत, पंडित शशि नाथ, सुमित गुर्जर, नौबाहर सिंह आदि ने पूर्व अध्यक्ष योगाचार्य अरुण राजपूत के नेतृत्व में योगाभ्यास किया।

# नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता

● **नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ दिया**




**पेरिस, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88-16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की को. शिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए। उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा कि मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90-23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91-06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा कि हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है। पूर्व कोच क्लाउस बार्टोनेट्ज के साथ नीरज ने छह बार 89 मीटर के करीब थ्रो किया था, लेकिन 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू पाए थे। अब जब उनसे पूछा गया कि क्या जान जेलेजनी का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके निशाने पर है, तो नीरज ने मुस्कराते हुए कहा कि पहले मुझे उनके कुछ छोटे रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। पेरिस का स्टेडियम रिकॉर्ड 91. 40 मीटर भी उनके नाम है।

मैंने आज महसूस किया कि थ्रो अच्छा था, लेकिन उन्हें पीछे छोड़ना वाकई मुश्किल है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वो 98 मीटर फेंक चुके हैं और 90 मीटर से ऊपर तो न जाने कितनी बार। शायद जब मैं 95 मीटर तक पहुंच जाऊं, तब कुछ कहने लायक बनूं। अभी के लिए मुझे बस मेहनत करते रहना है। इस सीजन में नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मेरा लक्ष्य गोल्ड है।

# प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में गुकेश से आगे रूटॉप

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेस ग्रैंड मास्टर रमेश बाबू प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में टॉप-5 में पहुंच गए हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश से आगे निकल गए हैं। गुकेश छठे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंदा का लाइव चेस रेटिंग 2777.2 तक पहुंच गया, जो गुकेश के 2776.6 से थोड़ा आगे है। प्रज्ञानंदा इस समय उज्बेकिस्तान शतरंज महासंघ की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित उजचेस कप मास्टर्स में हिस्सा ले रहे हैं।

पहले राउंड में ड्रा के बाद,प्रज्ञानंदा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वोखिदोव को सफेद मोहरों से हराया। वह वर्तमान में 1.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टाप पर हैं। एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय रह गए हैं। इससे पहले पिछली बार जारी रेटिंग में टॉप-10 में चार भारतीय थे। जिनमें प्रज्ञानंदा, गुकेश, अर्जुन व अरविंद चिदंबरम शामिल थे। अरविंद ने आर्मेनिया में आयोजित 6वें स्टीफन अवाग्यान मेमोरियल में खिताब जीता था। 20 जून को जारी रेटिंग में अर्जुन और अरविंद चिंतबरम को नुकसान हुआ है। अर्जुन तीसरे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनका रेटिंग 2780.7 रह गया है। वहीं, अरविंद टॉप-10 से बाहर हो कर 15 पर पहुंच गए हैं।

**खेल विशेष**

## इंग्लैंड के गेंदबाजी के फैसले पर दो दिग्गज भिड़े

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स के हेडिंग्ल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अब इसकी खूब आलोचना हो रही है। इंग्लैंड से जुड़े दो दिग्गज ही आपस में भिड़ गए हैं। इंग्लिश टीम के पूर्व कप्तान माइकल वान और मौजूदा इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी का इस मामले को लेकर बयान सामना आया है। वान ने पहले गेंदबाजी के फैसले की आलोचना की है, तो वहीं साउदी ने फैसले का बचाव किया है। पूर्व कप्तान माइकल वान हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। वान ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, श्मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। इंग्लैंड की मौजूदा टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। स्टोक्स को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने ज्यादातर टेस्ट में पहले फील्डिंग करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकार्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले फील्डिंग करने वाली टीम ने मैच जीता है, लेकिन वान इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आपको हमेशा उसी क्षण अपने निर्णय लेने होते हैं, न कि उन बातों के आधार पर जो आपने वर्षों पहले या अन्य समय में किए थे। अतीत के फैसलों का मौजूदा स्थिति में लिए गए फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ता।

# शतक से दौरे की शुरुआत यादगार क्षण: जायसवाल

● **यशस्वी ने गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल और तैयारी को दिया श्रेय**




**लीड्स, वार्ता।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में अपने पहले टेस्ट शतक को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग का हिस्सा बताया और हेडिंग्ले में यादगार प्रदर्शन के लिए गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल, नेतृत्व और तैयारी को श्रेय दिया। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड में पदार्पण शतक लगाने वाले जायसवाल ने कहा कि इस तरह से दौरे की शुरुआत करना एक विशेष क्षण था। उन्होने कप्तान शुभमन गिल के साथ सौहार्द की प्रशंसा की, जिन्होंने भी शतक बनाया। दिन के खेल की समाप्ति पर जायसवाल ने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने, कड़ी मेहनत करने और देश के लिए प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम का माहौल शानदार रहा है। हमें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आज़ादी दी गई है और इससे वाकई मदद मिली है। अपनी तैयारी के बारे में जायसवाल ने बताया कि गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में बेंगलुरु में इंडिया ए के लिए खेलना बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ गहन सत्र और बहुत सारी तकनीकी चर्चायें थीं। गौतम सर बहुत सहायक थे। मुझे कड़ी मेहनत करने में मज़ा आया और इससे मुझे यहां आने का आत्मविश्वास मिला। पारी के दौरान ऐंठन का अनुभव करने के बावजूद, जायसवाल ने कहा कि वह स्थिति को संभालने और गेंदबाजी चुनौतियों के अनुकूल होने पर केंद्रित रहे। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान ऐसे क्षण भी आये जब मुझे धीमा होना पड़ा, फ़ील्ड प्लेसमेंट का आकलन करना पड़ा और उसके अनुसार खेलना पड़ा। टीम की ज़रूरतों के हिसाब से बल्लेबाज़ी करना महत्वपूर्ण था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों में शतक बनाने पर विचार करते हुए, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मैं जहां भी जाता हूँ और जब भी खेलता हूँ, मेरा लक्ष्य हमेशा बड़ा स्कोर बनाना होता है। मुझे शतक बनाने में मज़ा आता है और मुझे वह एहसास बहुत पसंद है। बेशक, कुछ पल बहुत खास होते हैं। इंग्लैंड में डेब्यू शतक, खासकर जब हमारे कप्तान शुभमन ने भी शतक बनाया। यह इसे और भी यादगार बना देता है। किसी भी चीज़ का पहला प्रदर्शन हमेशा खास होता है और भारतीय क्रिकेट के लिए ऐसे मंच पर ऐसा करना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। उन्होंने कहा कि हम सत्र दर सत्र खेलना चाहते थे, ढीली गेंदों को दंडित करना चाहते थे और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाना चाहते थे। हमने वास्तव में एक साथ बल्लेबाजी का आनंद लिया। जायसवाल ने कहा कि मैंने बस खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देने की कोशिश की। मैंने अपने खेल और मान. सिकता पर ध्यान केंद्रित किया। प्रारूप से ज्यादा तैयारी मायने रखती थी। हमें खेल का लुत्फ़ उठाने और खुलकर खेलने के लिए कहा गया है। ड्रेसिंग रूम से मिलने वाला यह आत्मविश्वास बहुत मदद करता है।

# भारत की युवा ब्रिगेड ने पहले दिन इंग्लैंड को किया निराश: टिम साउथी

● **कहा: जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन के सयंम ने इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया**



**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने कहा कि टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला कप्तान बेन स्टोक्स ने परिस्थितियों को देख कर लिया था मगर भारत की युवा ब्रिगेड ने अपने प्रतिभाशाली प्रदर्शन से उनके गेंदबाजों को अब तक निराश किया है।

मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में साउथी ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड को उम्मीद थी कि खेल के पहले सत्र में पिच गेंदबाजों को मदद करेगी और शुरुआती विकेट निकाल कर मेहमान टीम पर दवाब बनाया जा सकता है मगर यशस्वी जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन गिल के संयम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि हेडिंग्ले की सूखी पिच पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट खोकर 359 रन बनाये थे जिसमें यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (127 नाबाद) के शानदार शतक शामिल है। उधर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स के पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले पर हैरानगी जतायी है। उन्होने कहा कि लीड्स में मौसम शुष्क था और धूप खिली हुयी थी। ऐसी परिस्थितियों बल्लेबाजी के अनुकूल होती हैं। वैसे भी इंग्लैंड का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। साउथी ने कहा कि जब आप पिच का आकलन करते हैं तो उसी के आधार पर फैसला करते हैं। यह जरूरी नहीं है कि हर बार आपका फैसला सही

# काले मोजे में मैदान पर उतरे शुभमन गिल

● **भारतीय कप्तान की यह चूक उन पर पड़ सकती है भारी, आईसीसी उठा सकता है सख्त कदम**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में शुरू हुए टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल काले मोजे में मैदान पर उतरे, जो कि आईसीसी के नियमों का उल्लंघन है। गिल ने शुक्रवार को लीड्स के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की थी और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। वह 127 रन बनाकर नाबाद हैं। बतौर कप्तान टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले वह छठे भारतीय बने। यह एशिया के बाहर भी उनका पहला शतक रहा। गिल के अलावा ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, साई सुदर्शन खाता नहीं खोल सके, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। अपनी कप्तानी में शानदार शुरुआत के बावजूद, गिल को आईसीसी के कपड़ों के नियमों के उल्लंघन के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। संभावित उल्लंघन उनके पहले दिन की पारी के दौरान काले मोजे पहनने के कारण हो सकता है। आईसीसी के वस्त्र और उपकरण नियमों के खंड 19.45 के मुताबिक, खिलाड़ियों को केवल सफेद, क्रीम या हल्के ग्रे रंगों के मोजे पहनने की अनुमति है। यह नियम मई 2023 में लागू हुआ था। वनडे में भी इन्हीं तीन रंगों की अनुमति है।

## भारत के खिलाफ 5वें टेस्ट तक फिट हो पाएंगे मार्क वुड

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वुड फिलहाल घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को इस वर्ष की शुरुआत में चौंपियंस ट्राफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और मार्च में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वुड ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा कि रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने अभी हल्की गेंदबाजी शुरू की है, इसलिए मैं अब वापसी की राह पर हूं। मुझे अब भी इस सीरीज में खेलने की उम्मीद है, इसलिए मैं उन खिलाड़ियों पर नजर रख रहा हूं जिनसे मेरा सामना हो सकता है।

**लीड्स में टीम इंडिया के प्रदर्शन से तेंदुलकर बेहद खुश**

# मुझे 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई: सचिन



● **टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ, क्योंकि कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127) और यशस्वी जायसवाल (101) ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

इसके अलावा उपकप्तान ऋषभ पंत (नाबाद 65) ने अर्धशतक लगाया, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। भारत की बल्लेबाजी देखकर महान सचिन तेंदुलकर भी बेहद खुश हुए। उन्होंने इस युवा और नए टीम इंडिया की तारीफ की है। सचिन ने कहा कि उन्हें भारत की बल्लेबाजी देखकर 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई। साथ ही उन्होंने सवाल भी पूछा कि उस टेस्ट की तरह मौजूदा मुकाबले में भारत का तीसरा शतकवीर कौन होगा? इस पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मजेदार जवाब आया और उन्होंने कहा कि इस बार तीन नहीं चार शतक लगेंगे। दरअसल, भारत की बल्लेबाजी देखकर सचिन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवार द्वारा रखी गई ठोस नींव ने भारत को पहले दिन अच्छा स्कोर बनाने में सक्षम बनाया। यशस्वी और शुभमन गिल को उनके शानदार शतकों के लिए बधाई। ऋषभ पंत का योगदान टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत की बल्लेबाजी ने मुझे 2002 में हेडिंग्ले टेस्ट की याद दिला दी, जब राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और मैंने पहली पारी में शतक बनाए थे और हम टेस्ट जीत गए थे। यशस्वी और शुभमन ने अपना काम कर दिया है। इस बार तीसरा शतक कौन लगाएगा?श इस पर गांगुली ने जवाब दिया और लिखा, शहाय चौंप! इस बार तीन नहीं चार शतक हो सकते हैं। सतह बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। अब पंत और शायद करुण शतक लगा सकते हैं। 2002 में पहले दिन की सतह इससे थोड़ी अलग थी। इस कमेंट पर सचिन ने फिर जवाब दिया और फिंगर्स क्रास्ड का इमोजी बनाया। वहीं, भारत के दिग्गज आलराउंडर युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की। युवी ने लिखा कि कुछ चीजें आपके सितारों में साफ लिखी होती हैं। टेस्ट कप्तान के तौर पर पहले शतक और वह भी विदेशी धरती पर... इसके लिए गिल को बधाई।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपिनशिप के शुभंकर 'विराज' का हुआ अनावरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने विश्व पैराएथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया। इस अवसर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज्बे और जुझारूपन का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में पीएम के नेतृत्व में खेल जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को दी गई विश्वस्तरीय सुविधाओं और सम्मान ने भारत को पैरा गेम्स में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

**तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी**

# भारत के 471 रन, इंग्लैंड एक विकेट पर 89 रन

● **गिल ने 147, पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेली**

**लीड्स, वार्ता।** भारत तेंदुलकर-एंडरसन ट्राफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में 471 रन पर आलआउट हो गया है। इंग्लैंड ने पहली पारी में एक विकेट पर 89 रन बना लिए हैं। बेन डकेट और ओली पोप नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं।

जैक क्राली 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने करुण नायर के हाथों कैच कराया। हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और आखिरी 7 विकेट 112 रन बनाने में गंवाए। कप्तान शुभमन गिल ने 147, ऋषभ पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेलीं। केएल राहुल ने 42 रन का योगदान दिया। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब इस मैदान पर तीन भारतीय बैटर्स ने एक पारी में शतक लगाए हैं। इससे पहले, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने 2003 में शतक लगाया था।

इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स और जोश टंग ने 4-4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक विकेट मिला। 15वें ओवर में ओली पाप को अंपायर्स काल पर आउट होने से बचे। सिराज की बाल पाप के पैड पर लगी, लेकिन फील्ड अंपायर ने अपील नकार दी। यहां भारतीय कप्तान गिल ने डीआरएस लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल स्टंप के ऊपरी हिस्से पर लगने वाली थी, लेकिन पाप अंपायर काल के कारण आउट होने से बचे। ओली पाप ने 12वां ओवर डाल रहे प्रसिद्ध कृष्णा की बाल पर लगातार दो चौके मारे। उन्होंने 5वीं और छठी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। इसी ओवर में बेन डकेट और ओली पाप ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। 7वें ओवर में बेन डकेट को दूसरा जीवनदान मिला।

बुमराह के ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा से बैकवर्ड पाइंट्स पर डकेट का कैच ड्राप हुआ। इससे पहले 5वां ओवर डाल रहे बुमराह की 5वीं बाल यशस्वी जायसवाल से कैच ड्राप हो गया था। बेन डकेट और ओली पाप की जोड़ी इंग्लैंड को दबाव से निकालने की कोशिश कर रही है।

# वोंद्रोसोवा बर्लिन ओपन के फाइनल में

● **मार्केटा ने बेलारूस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हराया**



**बर्लिन, वार्ता।** छठी वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रौसोवा ने शनिवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारुस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

स्टेफी ग्राफ स्टेडियम में वोंद्रौसोवा ने शुरु से आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पहलला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 27 वर्षीय सबालेंका ने वापसी का प्रयास किया मगर वोंद्रौसोवा के आगे उनकी नहीं चली और उन्होने आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया था। वोंद्रौसोवा ने अब तक दो एकल खिताब अपने नाम किये जीते हैं, जिसमें 2023 विंबलडन चैंपियनशिप भी शामिल है। वह लवबलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

# भव्यता से लाखों लोगों ने किया योगाभ्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना के साथ भगवान गणेश जी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि एवं प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के नोडल अधिकारी रविन्द्र विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। योगाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता योग गुरू आचार्य प्रतिष्ठा द्वारा की गई। योग गुरू पुरूष, महिलाओं एवं बच्चों व हर उम्र के व्यक्तियों को योगाभ्यास से स्वस्थ रहने के योग मंत्र सिखाएं। मुख्य अतिथि महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी जनपदवासियों को योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को योग को विश्व में प्रचारित करने



का श्रेय दिया। उन्होने सभी से आवाहन किया कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। नोडल अधिकारी रविन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से 2014 में शुरू किए जाने के बाद आज हम 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहें है। आज प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में भव्यता के साथ योग दिवस मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक है। आचार्य प्रतिष्ठा ने कहा कि योग हमारी संस्कृति है एवं योग समग्रता सिखाता है। योग सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के अन्तर्गत अंशु, सिदरा मलिक, लव्या धीमान योगासन प्रतियोगिता में तेजस, अंशू, दिव्यांशी स्लोगन प्रतियोगिता में शिफा अरशी, सृष्टि, पायल निबंध प्रतियोगिता में वंश मित्तल, अक्षय कांबोज, सबा अंसारी शामिल रहे। कार्यक्रम में नगर विधायक राजीव गुंबर, विधान परिषद सदस्य शाहनवाज, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों से आए प्रतिनिधियों के साथ समाज के संभ्रांतजनों, पत्रकार बंधुओं, आमजनों सहित सैंकड़ों लोगों ने योगाभ्यास का लाभ उठाया।

## विरोध जताया

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के बाईपास पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का चौडीकरण कराने के पश्चात वाहन चालकों को हादसे से बचाने व सड़क का सौंदर्य करण हेतू सड़क के दोनों और लगाई जा रही रेलिंग कार्य पर कुछ दुकानदारों व व्यापारियों द्वारा विरोध जताया गया।

शनिवार को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क के दोनों और लोहे की रेलिंग लगाने का कार्य जैसे ही आरम्भ कराया गया तभी सड़क के दोनो ओर सड़क किनारे स्थित दुकानदारों व व्यापारियों ने रेलिंग लगाये जाने के कारण उनकी दुकान पर ग्राहकों के आने जाने का रास्ता बंद होने का हवाला देते हुए इसका विरोध शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद नगर पंचायत सभासद अनुपम जैन ने बताया है कि सड़क किनारे लगाई जाने वाली रेलिंग के कारण इन दुकानों पर आने जाने वाले ग्राहकों का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। जिस कारण इन दुकानों पर ग्राहक नहीं आएंगे जिसके चलते इन सभी दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो जाएगा।

# पैट्रोल पंप निर्माण को लेकर हंगामा, भगाए मजदूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर की साउथ सिटी में बन रहे पैट्रोल पंप को लेकर क्षेत्र के लोगों ने हंगामा किया और काम कर रहे मजदूरों को भगा दिया।

साउथ सिटी के लोगों का कहना है कि सोसायटी के अंदर पेट्रोल पंप का निर्माण कराया जा रहा है। यह रेजिडेंशियल सोसायटी है बच्चे, बुजुर्ग सभी यहां रहते हैं अगर यहां पेट्रोल पंप बनेगा तो उनकी सुरक्षा का क्या होगा। अभी बीते दिनों ही सोसाइटी के पास में एक बड़ा अग्निकांड हुआ है। ऐसे में सुरक्षा मानको को दरकिनार करते हुए शहर काजी नदीम अख्तर यहां पेट्रोल पंप बनवा रहे हैं जबकि नक्शे में यहां स्कूल दिखाया गया है। मौके पर काम कर रहे मजदूरों को यहां के निवासियों ने भगा दिया। उन्होंने प्रशासन से अपील की है इस ओर जल्द से जल्द ध्यान दें।

### अपने प्लाट की बाउंड्री करा रहा हूं: शहर काजी

**सहारनपुर।** शहर काजी नदीम अख्तर ने कहा कि मैं अपने प्लॉट की बाउंड्री कर रहा हूं कोई पेट्रोल पंप नहीं बना रहा और बाउंड्री करने से नहीं कोई मुझे रोक सकता। जब उनसे पूछा गया कि क्या भविष्य में आप पेट्रोल पंप लगवाने के बारे में सोच रहे हैं तो उनका कहना था कि पेट्रोल पंप के लिए 15 जगह से एनओसी की जरूरत होती है तब जाकर पेट्रोल पंप की स्वीकृति होती है। अगर एनओसी के बाद मुझे पेट्रोल पंप लगाने की स्वीकृति मिल जाती है तो फिर मैं जरूर लगाऊंगा।

# प्रधान मौ. इकराम ने गांव में कराया योगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्राम पंचायत बेगपुर नौगांवा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगणमें हर वर्ष की तरह योग दिवस मनाया गया।

हैड मास्टर ने योग के फायदे गिनाए तो ग्राम प्रधान मोहम्मद इकराम व ग्राम प्रधान मोहम्मद दिलशाद ने भी सामुहिक रूप से योग के फायदे गिनाए और कहा अपने घरों में रोजाना योग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इस मोके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायक डीलर आफिस मनौवर अली सहायक जीशान अली मोजूद रहे।

## स्मैक समेत पकड़ा

**मिर्जापुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने असगरपुर के पास से एक शातिर नशा तस्कर को घेराबंदी करते हुए लाखों रुपए कीमत की 75 ग्राम अवैध स्मैक व इलेक्ट्रोनिक कांटे सहित दबोचने मे सफलता पाई है।

शनिवार को थाना मिर्जापुर प्रभारी अजय कुमार के नेर्तत्व मे एस आई भूपेश शर्मा की टीम ने असगरपुर के पास से एक शातिर नशा तस्कर को घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार किया है स तलाशी लेने पर नशा तस्कर के कब्जे से लाखों रुपए कीमत की 75 ग्राम अवैध स्मैक 1600 रुपए नकद व एक इलेटॉनिक कांटा बरामद हुआ है। नशा तस्कर तारीफ पुत्र सत्तार निवासी असगरपुर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया नशा तस्कर उत्तराखंडसे स्मैक खरीदकर क्षेत्रों मे बिक्री किया करता था।

# उत्तराखंड के हालात बहुत ज्यादा चिंताजनक: रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस वार्किंग कमेटी के सदस्य हरीश रावत ने कहा कि आज उत्तराखंड के हालात चिंताजनक है। इसलिये 2027 में फिर से उत्तराखंड में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी।

हरीश रावत ने यह बात छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के आवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है अवेध खनन खुले आम नदियो को खोदा जा रहा है हेलीकॉप्टर दुर्घटना चिंताजनक बन गई है हेलीकॉप्टर ऐसे उड़ाये जा रहे जैसे टैक्सी स्टैंड से टैक्सिया संचालित होती है कोई नियम कानून नहीं है।



इंडिया गठबंधन पर उन्होंने कहा कि फिलहाल का समय गठबंधन का और इंडिया गठबंधन के अच्छे रिजल्ट आये है गठबंधन कायम है और आगे भी रहना चाहिये। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के अंदर त्रिभाषा फॉर्मूला के अंतर्गत हिंदी पढ़ाई जाती है और महाराष्ट्र में हिंदी बोलने वालों की संख्या बहुत बड़ी है। गुजरात, महाराष्ट्र अब तो दक्षिण में भी हिंदी बोलने वालों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन महाराष्ट्र के अंदर वहां की सरकार ने हिंदी पढ़ाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इस विषय में क्या सोचता है? यह आगे समझने का विषय होगा। मगर यह समाचार हम सबके लिए चिंताजनक है। श्री रावत ने कहा कि अमेरिका ने किसी भी कुरिसियल मामले में जिसमें हमारा और पाकिस्तान सीधा संबंध हो हमारा साथ नहीं दिया, जबकि रूस ने हमारा साथ दिया है।

पूर्व मुख्य मंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड नशे के गहरे आगोश में समाता जा रहा है। हमारी तरक्की की सारी कल्पनाएं नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति गड़प ले रही है। दूसरी ओर राज्य में कुछ अभ्रंस संस्कृतियां, शहरीय क्षेत्रों की उडलंब संस्कृतियां अपना प्रभाव बढ़ाती जा रही है, उन्होंने सड़कों को भी असुरक्षित बना दिया है और यह संस्कृति देह व्यापार की ओर दस्तक दे रही है। ऐसी संस्कृति के पोषक लोगों ने कुछ छोटे-छोटे होटलों को कई जगह किराए पर ले रखा है। होटल बहुत संभ्रांत लोगों के हैं। मगर किराए पर लेने वालों का उद्देश्य पवित्र नहीं है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र विरेंद्र रावत, अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, याहिया मलिक, परवीन ठेकेदार, राव यूसुफ, महबूब तलहेड़ी, फेसल मिर्जा, वकील अहमद, मुजम्मिल अंसारी, अरशद मलिक, परवेज मलिक आदि मोजूद रहे।

## कब्जा हटवाया

**शाट टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव माहेश्वरी खुर्द में ग्राम समाज की भूमि से राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटवाया गया।

ग्राम प्रधान इरशाद अली की शिकायत पर राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए जेसीबी की सहायता से खत्ते व कूड़ा-कर्कट हटवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया था कि कुछ ग्रामीणों ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से खत्ते व कुरडी डालकर कब्जा कर लिया है। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम में शामिल आरआई सुखबीर सिंह, लेखपाल सचिन कुमार, आशीष कुमार व प्रदीप कुमार ने कोतवाली देहात पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

# अतिक्रमण हटाने को व्यापारियों ने जताई सहमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रायवाला बाजार में नाले-नालियों पर किया गया अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापारियों के सहयोग से दुकान के बाहर थलों पर निशान लगाये जायेंगे। निशान लगाने के पांच दिन के भीतर यदि दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण न हटाया तो आगामी एक जुलाई (मंगलवार) से निगम द्वारा अतिक्रमण जायेगा। रायवाला क्षेत्र के व्यापारियों से इस बात पर सहमति हो गयी है। व्यापारियों ने आश्वस्त किया है कि वे निर्धारित समय के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटायेंगे।

महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में निगम अधिकारी आज रायवाला पहुंचे और एक-एक दुकान



पर जाकर व्यापारियों को समझाया। निगम अधिकारियों ने व्यापारियों को बताया कि उनके द्वारा नाले-नालियों पर बनाये गए थलों/स्लैप के अतिक्रमण के कारण नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। जिससे वर्षा ऋतु में बाजार में जलभराव हो जाता है।

अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि व्यापारियों की सहमति से तय किया गया है कि नाली-नालों पर बनाये गए थले/स्लैप पर निगम द्वारा आज रात से निशान लगाये जायेंगे। निशान लगाने के पांच दिन के भीतर सभी दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के सामने नाले पर लोहे के जाल बनवाये जायेंगे, ताकि समय-समय पर नाले-नालियों की ठीक से सफाई करायी जा सके। इसके लिए दुकानदारों को पांच दिन का समय दिया गया है।

इस अभियान में रायवाला के व्यापारी नेताओं का भी सहयोग रहा। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद गौरव जैन व नीरज शर्मा के अलावा रायवाला क्षेत्र के व्यापारी अजय कालरा, गुलशन ढींगरा, संजय अरोड़ा, धर्मेंद्र खन्ना, अमित गांधी, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि यह भी तय किया गया है कि यदि दुकानदारों ने उक्त अवधि में स्वयं अतिक्रमण न हटाया तो आने वाले मंगलवार को छोड़कर अगले मंगलवार से बिना किसी पूर्व सूचना के निगम द्वारा रायवाला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया जायेगा और यदि किसी का सामान सड़क पर रखा पाया गया तो उसे भी जब्त किया जायेगा। सुधीर शर्मा ने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकान से निकला कचरा व चाय आदि के खाली गिलास नाले-नालियों में ना फेंके, तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपनी दुकानों पर डस्टबिन रखें और कूड़ा-कचरा उसमें एकत्रित कर निगम कर्मचारियों को दें। इस दौरान उक्त व्यापारियों के अलावा निगम प्रवर्तन दल के जवान, सफाई निरीक्षक मनोज तथा निर्माण विभाग के सुपरवाइजर संजय आदि साथ रहे।

# झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर निवासी पीड़ित बुजुर्ग ने न्यायालय की छुट्टियों का फायदा उठाते हुए उसकी विवादित भूमि पर खडे हुए पेड काटे जाने व जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का विरोध करने पर विपक्षियों द्वारा उसे एससी एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित लोकेश त्यागी पुत्र ईश्वरदत्त ने एसडीएम सदर को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उसके फुफेरे भाई गिरीराज पुत्र हरफूल सिंह निवासी ग्राम निर्माणी थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर की पन्द्रह बिस्से आबादी की जमीन सुलतानपुर नगर में है। कुछ समय पूर्व गिरीराज लकवे की बीमारी से ग्रस्त हो गया था जिस कारण वह अपने पुस्तैनी गांव निर्माणी चला गया था। गिरीराज की खाली पडी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया, जिसके सम्बंध में सहारनपुर न्यायालय में वाद पंजिकृत है। पीड़ित का आरोप है अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने वाले लोग जून माह में न्यायालय की छुट्टियों का फायदा उठाते हुए विवादित जमीन पर कब्जा करने के लिए दीवार बना रहे है व इसी जमीन में पीड़ित द्वारा लगाये हुए लिप्टिस के पेड भी चोरी से काटे जा रहे हैं। पीड़ित द्वारा यदि उन्हे रोकने की कोशिश की गयी तो वह पीडित एवं उसके परिवार पर हमला करने पर उतारू हो गये व उसे जान से मारने व एससी एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फसाने की धमकियां देने लगे।

# तहसील दिवस में दर्ज हुई 95 शिकायतें, मात्र तीन का ही निस्तारण

**बेहट।** बेहट तहसील में आयोजित तहसील समाधान दिवस एस डी एम व सीओ की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया जिस में अधिकारियो ने जनसमस्याएं सुनी। समाधान दिवस मे कुल 95 जन शिकायते दर्ज हुई जिस में मात्र 3 शिकायत का ही निस्तारण मौके पर ही किया गया । जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए है।

आज तहसील सभागार मे तहसील समाधान दिवस में ल एस डी एम मानवेन्द्र सिंह व सीओ मुनीश चन्द ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। कुछ शिकायतों का मौके पर ही अधिकारियों ने निस्तारण कर दिया जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए । समाधान दिवस मे कुल 95 जन शिकायते दर्ज हुई जिन में 3 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील समाधान दिवस मे मौजूद अधीनस्थों को कड़े निर्देश देते हुए एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि जो भी शिकायते दर्ज की गई है संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौके पर जाकर जांचकर शीघ्र ही निस्तारण करे लापरवाही करने वालो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सीओ मुनीश चन्द ने सर्किल के मौजूद थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुआ कहा कि जो भी पुलिस विभाग से संबंधित शिकायते आई है उनका शीघ्र ही निदान करे और थाने में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करे। अपराधिक प्रवृति के लोगों पर कड़ी नजर रखे। ,, नायब तहसीलदार फैजाबाद भूपेंद्र सिंह, थाना बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, थाना मिर्जापुर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार, थाना बिहारीगढ़ प्रभारी निरीक्षक जावेद खान दोनों ब्लाक की सीडीपीओ संयोगिता यादव , बीडीओ के अलावा पुष्पा रानी, नगर पंचायत के बाबू ओम प्रकाश विद्युत विभाग के एस डी ओ,सिंचाई विभाग, डूडा विभाग वन विभाग शिक्षा एवं स्वास्थ विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मकान में फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** विवाहिता का शव अपने ही कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

घटना कोतवाली बेहट इलाके के गांव शेखपुरा, नानौली की है। बताया जाता है कि गांव के ही पिंटू की करीब 30 वर्षीय पत्नी बाबुल का शव उसके ही कमरे में पंखे पर लगे फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि घरेलू क्लेश के चलते विवाहिता ने मौत को गले लगाया है। सूचना मिलते ही कोतवाली बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि मृतका के शव को पीएम के लिए भेजा गया है, अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने और पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# आर्यन एकेडमी ने टर्फस्टार को हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आर्यन क्रिकेट एकेडमी ने टर्फस्टार क्रिकेट एकेडमी को एक विकेट से पराजित कर मैच जीत लिया।

मल्हीपुर रोड स्थित ग्राम चेहड़ी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा मैच टर्फस्टार क्रिकेट एकेडमी व आर्यन क्रिकेट एकेडमी टीम के बीच खेला गया। जिसमें टर्फस्टार क्रिकेट एकेडमी के कप्तान फैजल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 30 ओवर के मैच में 23 ओवर में ऑल आउट होकर 131 रन का लक्ष्य विपक्ष आर्यन क्रिकेट एकेडमी के समक्ष रखा। कप्तान फैजल ने कप्तानी पारी खेलते 58 रन बनाए जबकि रिहान ने 25 रन का योगदान अपनी टीम को दिया। आर्यन क्रिकेट एकेडमी की तरफ से शानदार बोलिंग करते शिवांश व आकाश ने दो-दो महत्वपूर्ण विकेट लिए।



जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन क्रिकेट एकेडमी टीम ने बल्लेबाजी करते 25 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर अगले अंक में प्रवेश किया । आर्यन क्रिकेट एकेडमी की तरफ से धमाकेदार बल्लेबाजी करते अर्णव ने 29 साहुल ने 22 रन का सर्वाधिक योगदान अपनी टीम को दिया। टर्फ्फस्टार क्रिकेट एकेडमी की तरफ से सूर्याश व युवराज खटाना ने दो-दो विकेट लिए। हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत आर्यन क्रिकेट एकेडमी के हरि सिंह को मैन ऑफ दा मैच चुना गया। इस दौरान एकेडमी कोच आयुष चौधरी, तरुण चौधरी, रवीश राठी, अर्जुन सिंह, उधम राणा आदि मौजूद रहे।

## मारपीट कर सिर फाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जूस न देने पर युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर सिर फाड दिया।

ग्राम गांधीनगर निवासी मोहित व अनुज पुत्रगण करमसिंह की गंगोह बिजली घर के सामने जूस की दुकान है। शुक्रवार देर शाम जिस समय वह अपनी दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे इसी दौरान चार युवक वहां पहुंचे। उन्होंने दुकानदार से जूस बनाने को कहा। मोहित ने उन्हें काम बंद करने का हवाला देते हुए जूस देने से मना कर दिया। लेकिन उक्त युवक जूस अभी देने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर उन्होंने गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने अनुज के साथ मारपीट कर उसका सिर फाड़ दिया। भाई मोहित ने उसे छुड़ाने की कोशिश की तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।

# बिल जमा न करने पर काटे बिजली कनेक्शन

**तल्हेडी बुजुर्ग।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली का बिल जमा ना करने वाले विधुत उपभोक्ताओं के कनेक्शन पर चाबुक चलाकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

शनिवार को जिलाअधिकारी के आदेशानुसार तल्हेडी विधुत उपखण्ड अधिकारी सन्तोष कुमार ओर तल्हेडी उपखण्ड के जेई बबलू कुमार द्वारा टीम के साथ मिलकर विधुत बकायदारों के विरुद्ध कनेक्शन काटने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। विधुत विभाग की संयुक्त कार्यवाही में गांव सरसीना व मनोहरपुर में छापेमारी की गई जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान विधुत उपखण्ड अधिकारी सन्तोष ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार बकायदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है जिनमें दस हजार से एक लाख तक के 6 बकायदारों



ओर एक लाख से अधिक के 19 बकायदारों के कनेक्शन काटे गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन बकायदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है उन पर बत्तीस लाख चोबीस हजार चार सो पचासी रुपए विधुत बिल बकाया है। उपखण्ड अधिकारी ने बकायदारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक विधुत उपभोक्ता बिल जमा नहीं करते हैं तब तक वह विधुत सप्लाई का लाभ नहीं उठा सकते हैं।उधर जेई बबलू कुमार भी विधुत बकायदारों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाए हुए हैं। इस अभियान के दौरान मोहिद कुमार, संदीप कुमार,पवन कुमार के साथ समस्त लाइनमैन उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता व कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ने आज निगम अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ग्रिड परियोजना प्रथम के तहत कलक्ट्रेट से आईएमए भवन होते हुए दीवानी कचहरी तिराहे तक बनायी जा रही सड़क का निरीक्षण किया और मिलिंग मशीन द्वारा सड़क छिलाई का कार्य शुरु कराया ताकि सड़क का लेवल ज्यादा ऊंचा न उठे। उन्होंने ठेकेदार को कार्य में और तेजी लाने तथा गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना सीएम ग्रिड परियोजना के अंतर्गत बनायी जा रही 1500 मीटर लंबी सड़क का आज मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिह ने निरीक्षण किया।




मुख्य अभियंता ने बताया कि नगरायुक्त के निर्देश पर मिलिंग मशीन द्वारा सड़क छिलाई का कार्य प्रारंभ कराया गया है ताकि सड़क का लेवल ज्यादा ऊंचा न उठे। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा सीएम ग्रिड परियोजना के निरीक्षण के दौरान हकीकत नगर क्षेत्र के दुकानदारों ने अनुरोध किया था कि सड़क निर्माण में सड़क के लेविल का भी ध्यान रखा जाए। इस पर नगरायुक्त ने दुकानदारों को आश्वस्त किया था कि कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जायेगा और सड़क ऊंची ने उठे इसका प्रावधान किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि सड़क छिलाई से जो मटिरियल प्राप्त होगा उसे सड़क के पुनर्निर्माण में उपयोग किया जाएगा। इससे सड़क निर्माण मूल्य को कम करने में भी मदद मिलेगी। मुख्य अभियंता ने ठेकेदार को भी दो टूक शब्दों में कहा कि कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरा करें, काफी दिन कार्य बंद रहने के कारण सड़क निर्माण का कार्य काफी पिछड़ गया है। अब इसमें कोई ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव व सहायक अभियंता विपुल कुमार आदि भी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सिंधु



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से लाए गए भारतीय नागरिक दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे।

# शहबाज सरकार पर फूटा जनता का गुस्सा

## ट्रम्प के लिए नोबेल की सिफारिश करने पर भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंकाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इस कदम ने न केवल भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंका दिया है, बल्कि खुद पाकिस्तान के लोग और नेता भी इससे हैरान हैं।



**खुद पाक के लोग और नेता भी इससे हैरान डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था**

कई पाकिस्तानी सामाजिक कार्यकर्ताओं और लेखकों ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शएक्सश पर इस फैसले की आलोचना हो रही है। पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इसलिए नामित किया है, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान 'निर्णायक कूटनीतिक दखल' दिया। हालांकि, भारत पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुका है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय जो संघर्षविराम हुआ, वह दोनों देशों के बीच सीधे संवाद से हुआ था-न कि किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से। पत्रकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि यह निराशानजक है कि सरकार ने ऐसे व्यक्ति के लिए नोबेल पुरस्कार की सिफारिश की है, जिसने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया था और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। हुसैन ने एक्स पर कहा, ट्रम्प ने ईरान पर इस्राइल के हमले को उत्कृष्ट (एक्सीलेंट) बताया है और पाकिस्तान सरकार ने उनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार की सिफारिश की है। पाकिस्तान सरकार का यह कदम बहुत निराशाजनक है। इस व्यक्ति ने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया है और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की पूर्व प्रतिनिधि मलीहा लोधी ने कहा, नीति में चापलूसी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। यह निर्णय पाकिस्तान की जनता की भावना को नहीं दर्शाता। लोधी ने एक्स पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प की सिफारिश कर रही है। एक ऐसा व्यक्ति जिसने गाजा में इजरायल के नरसंहार वाले युद्ध का समर्थन किया है। यह कदम पाकिस्तानी आवाम के विचारों को नहीं दर्शाता है। पाकिस्तान की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब कुछ दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रम्प ने मेजबानी की। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने पहले कहा था कि ट्रम्प ने मुनीर को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया है, क्योंकि सेना प्रमुख ने वादा किया है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध रोकने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सिफारिश करेंगे। इस पर कई पाकिस्तानी कार्यकर्ताओं ने सरकार को कठपुतली बताया और कहा कि इस सरकार में बिल्कुल भी आत्म-सम्मान नहीं बचा है। एक कार्यकर्ता रिदा राशिद ने एक्स पर कहा, गाजा में नरसंहार ट्रम्प की वजह से चल रहा है।

## मध्यस्थता के लिए अमेरिका पर भरोसा नहीं: अराग्ची

# इजरायल से शांति वार्ता पर ईरान की दो टूक

**तेहरान/जिनेवा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि उनके देश को ये यकीन नहीं है कि वो इजरायल के साथ शांति वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए अमेरिका पर भरोसा करे या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की समझौता वार्ता ईरान पर इजरायली हमले को 'कवर' करने के लिए थी। अराग्ची ने एनबीसी न्यूज के साथ साक्षात्कार में अमेरिका पर 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' करने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिकी अधिकारियों को 'समझौता वार्ता में समाधान निकले इसके प्रति अपना दृढ़ संकल्प दिखाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अमेरिका की समझौता वार्ता वास्तव में इजरायल द्वारा किए गए हमलों के समर्थन के लिए थी। 'हमें नहीं पता कि हम अब अमेरिका पर कैसे भरोसा कर सकते हैं।' इजरायल ने हाल ही में ईरान पर कई हवाई हमले किए जिसमें देश के सबसे बड़े परमाणु स्थल इस्फ़हान परमाणु अनुसंधान परिसर को निशाना बनाया गया। ईरानी अधिकारियों ने पुष्टि की कि कुछ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई खतरनाक रिसाव नहीं हुआ। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कथित तौर पर ईरान के क़ोम प्रांत में एक आवासीय इमारत को भी निशाना बनाया, जिसके कारण दो नागरिकों की मौत हो गई, चार घायल हो गए और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। अराग्ची 57 देशों के इस्लामिक सहयोग संगठन की शनिवार को होने वाली बैठक से पहले शुक्रवार रात तुर्की पहुंचे, जहां उन्होंने 'इजरायली आक्रामकता' की निंदा की।



**■ कहा: ईरान पर इजरायली हमले को कवर करने को थी ट्रम्प की समझौता वार्ता**

**■ ईरानी विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इजरायली हमलों की निंदा की**

उन्होंने इस्तांबुल में ईरानी मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह 'ईरानी लोगों की मासूम और नेक आवाज़ को सुनाने के लिए इस अवसर का पूरा उपयोग करेंगे।' अराग्चीने कहा कि उनकी तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और अन्य अधिकारियों से मिलने की भी योजना है।

## ईरान में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध

**तेहरान।** ईरान में कथित तौर पर इंटरनेट सेवाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है और पूरा देश लगभग ऑफलाइन मोड में चला गया है। ईरान इंटरनेशनल ने ये खबर दी है। इंटरनेट सेवाओं पर नजर रखने वाले संगठन नेटब्लॉक्स के मुताबिक ईरान में राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट पर रोक लगा दी गई है। नेटब्लॉक्स ने शुक्रवार रात को रिपोर्ट में कहा कि ईरान 60 घंटों से ऑफ़लाइन है। आंकड़ों के मुताबिक इंटरनेट सेवाएं बंद होने से इजरायल के साथ युद्ध के दौरान राजनीतिक दृष्टिकोण जाहिर करने की आम जनता की क्षमता के साथ साथ उनके स्वतंत्र संवाद और सुरक्षा चेतावनी के पालन की संभावना कम होती है। रिपोर्ट की पुष्टि अन्य अंतर्राष्ट्रीय नेट निगरानी समूहों, जैसे कि आईओडीए ने भी की है। जिन्होंने कहा कि ईरान में नेट ट्रैफिक का स्तर एक सप्ताह पहले की तुलना में 97 फीसदी कम है। यह उपाय देश के क्रिप्टो एक्सचेंज पर हैकर्स द्वारा साइबर हमले के बाद किए गए हैं, जिसने ईरान के शेयरों को बुरी तरह प्रभावित किया है। ईरान के अधिकारियों ने पहले कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो इजरायल द्वारा उसके साइबरस्पेस पर हमलों के कारण आम जनता के लिए इंटरनेट तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सकता है। 'इजरायल के मनोवैज्ञानिक युद्ध' से 'गलत सूचना' को रोकने के लिए वैश्विक नेटवर्क को पूरी तरह से बंद करने के उपायों पर भी विचार किया गया है।

वहीं ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने यहां संयुक्त राष्ट्र की बैठक में देश पर इजरायली हमलों की निंदा की।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 59वें सत्र में बोलते हुए अराघची ने कहा कि इजरायल ने ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के आक्रमण' किया है। अराघची ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों के साथ बैठक के लिए जिनेवा में हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। अराघची ने यूएनएचआरसी की बैठक में अपने भाषण में बताया कि इजरायल 'फलस्तीन में भयानक नरसंहार' कर रहा है, और अब वह ईरान के खिलाफ आक्रमण कर रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में होने के बावजूद ईरान की परमाणु सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले न केवल अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे गंभीर रेडियोधर्मी रिसाव भी हो सकता है, जिसके पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

## ईरान के परमाणु हथियार बनाने की क्षमता का साक्ष्य नहीं: पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट किया है कि उनके देश और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के पास ऐसे कोई सबूत नहीं है, जो उस आरोप का समर्थन करे कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के जरिये हथियारों का निर्माण कर रहा है। पुतिन ने शनिवार को स्काई न्यूज अरेबिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे कहना है कि रूस के साथ-साथ आईएईए के पास भी इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की तैयारी कर रहा है। हमने इस बारे में इजरायली नेतृत्व को बार-बार सूचित किया है। गौरतलब है कि बुधवार को आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने भी कहा था कि संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने इस बात के कोई ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम चला रहा है। यूरेनियम संवर्धन हालांकि नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक बताया गया है। इजरायल और अमेरिका ने बार-बार कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम हमेशा से हथियार बनाने के लिए ही रहा है।

## फलस्तीन समर्थक खलील को रिहा करे ट्रम्प प्रशासन: कोर्ट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फलस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था।

फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था। इस मामले की सुनवाई नेवार्क में संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश माइकल फारबियार्ज़ ने की, जो दो घंटे तक चली। उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार ने ऐसे व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो वैध अमेरिकी निवासी है। उन पर न कभी हिंसा का आरोप है और न ही उनके देश छोड़कर भागने की संभावना है। जज ने कहा कि महमूद खलील के खिलाफ आव्रजन के आरोपों का इस्तेमाल उन्हें दंडित करने के लिए किया जा रहा है जो असंवैधानिक है। उन्होंने आदेश पर सात दिन की रोक लगाने का सरकार का अनुरोध खारिज कर दिया। न्यू जर्सी के मजिस्ट्रेट जज माइकल हैमर ने खलील की रिहाई की शर्त के रूप में उनका पासपोर्ट और यात्रा दस्तावेज सरकार को सौंपने का आदेश दिया। खलील को हिरासत में लिए जाने के बाद, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च महीने में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर उसे 'विदेशी कट्टरपंथी और हमास समर्थक छात्र' बताया था और कहा था कि यह कई गिरफ्तारियों की शुरुआत है। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि खलील को देश से निर्वासित किया जाना चाहिए। उन्होंने 1952 के आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम के एक कम उपयोग किए जाने वाले प्रावधान का उल्लेख किया, जो राज्य मंत्री को यह अधिकार देता है कि वह ऐसे व्यक्ति को देश से हटाने का आदेश दे, जिसकी गतिविधियां या उपस्थिति अमेरिकी विदेश नीति के लिए खतरा माना जाए। अभियोजकों ने कहा कि खलील को किसी अन्य कारण से हिरासत में रखा गया है।

**■ अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था**

## ट्रम्प के एक फोन पर ही युद्ध समाप्त कर सकता है इजरायल

**तेहरान।** इजरायल के साथ तेज होते युद्ध के बीच में ईरान ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक फोन पर ही इजरायल युद्ध समाप्त कर सकता है। ईरान के एक अधिकारी ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।

दोनों देशों के बीच जारी युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। युद्ध को रोकने के लिए अब तक किए गए कूटनीतिक प्रयास विफल रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प अगर इजरायल के नेताओं से आग्रह करेंगे तो यह युद्ध समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक ही शर्त पर युद्धविराम पर विचार कर सकता है, अगर इजरायल हमले को रोक दे। यह टिप्पणी शुक्रवार को जिनेवा में तनाव कम करने के असफल प्रयास के बाद आई है, जहां वरिष्ठ यूरोपीय राजनयिकों ने ईरान के विदेश मंत्री से मुलाकात की थी। उधर न्यू जर्सी में ट्रम्प ने कहा था कि अगर कोई जीत रहा है तो अभी यह अनुरोध करना बहुत कठिन है। इस बीच, वाशिंगटन में खुफिया मतभेद उभर कर सामने आए, जिसमें ट्रम्प ने अपने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की उस बात का खंडन किया है।

## ट्रम्प की नाराजगी के बाद तुलसी गबार्ड ने दी सफाई

### ईरान पर मेरे बयान को मीडिया ने तोड़-मरोड़कर पेश किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु हथियार बना सकता है, अगर वह तय कर ले कि उसे इसे अंतिम रूप देना है। इसके साथ ही उन्होंने सफाई दी कि उनके पुराने बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल परमाणु बम नहीं बना रहा, को मीडिया ने गलत संदर्भ में पेश किया है।

बता दें कि, इस बयान से कुछ दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गबार्ड की पुरानी रिपोर्ट को गलत करार दिया था। ट्रम्प ने कहा था कि अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं। न्यू जर्सी में राष्ट्रपति ट्रम्प से पत्रकारों ने तुलसी गबार्ड की मार्च में दिए गए बयान का जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल सक्रिय रूप से परमाणु हथियार नहीं बना रहा। इस पर ट्रम्प ने सीधा जवाब दिया कि तो फिर हमारी खुफिया एजेंसियां गलत हैं। किसने ऐसा कहा?



**■ ट्रम्प ने कहा था: अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं**

जब उन्हें बताया गया कि यह बयान तुलसी गबार्ड का था, तो ट्रम्प ने कहा कि वह गलत हैं। इसके बाद तुलसी गबार्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बेईमान मीडिया मेरी गवाही को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है और झूठी खबरें फैला रही है ताकि जनता को भ्रमित किया जा सके। उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि ईरान से खतरा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि अमेरिका के पास खुफिया जानकारी है कि ईरान अब उस स्थिति में है कि वह कुछ ही हफ्तों से महीनों के भीतर परमाणु हथियार तैयार कर सकता है, अगर वह ऐसा करने का फैसला करता है। तुलसी गबार्ड ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने हमेशा साफ कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने दिया जाएगा और वह खुद भी इस रुख से पूरी तरह सहमत हैं। इसके साथ तुलसी गबार्ड ने अपने पुराने बयान का पूरा वीडियो भी साझा किया, ताकि लोगों को खुद सच्चाई देखने को मिले और यह समझ में आए कि मीडिया ने उनके बयान को कैसे गलत ढंग से पेश किया।

## चाड: झड़पों में 17 लोगों की मौत, 16 घायल

**याउंडे।** चाड के मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत (दक्षिण-पश्चिम) में स्थित ओरेगोमेल गांव में गुरुवार शाम को हुई झड़पों में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मारे गए लोगों में से जयादातर महिलाएं और बच्चे थे, साथ ही उन्होंने बताया कि झड़पों में 16 अन्य घायल हो गए। हमलावर चाकू और डंडों से लैस थे। मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत में सरकार के जनरल डेलीगेट, अब्देलमनाने खताब ने गांव का दौरा करने के बाद प्रांत में डर को कम करने के उपायों की घोषणा की। मध्य अफ्रीकी देश में घातक झड़पों के बाद देश के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इटनो द्वारा सुरक्षा पर एक आपातकालीन बैठक आयोजित करने के कुछ ही घंटों बाद झड़पें हुईं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, मई से अब तक देश में अंतर-सामुदायिक झड़पों में 50 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## हांगकांग की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा अभी भी मौजूद: चीन

**हांगकांग।** हांगकांग के मामलों की देखरेख करने वाले चीन के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे अभी भी बरकरार हैं। हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी।

ये विरोध प्रदर्शन चीन द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के खिलाफ हुए थे। जिसके बाद चीन ने विद्रोही नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की थी और कई को जेल में डाल दिया। हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू होने की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हांगकांग में चीन के निदेशक जियो बाओलांग ने कहा कि अभी भी हांकांग में विरोध के स्वर बाकी हैं और ये नए रूपों में उभर सकते हैं। जिया बाओलांग ने कहा कि हांगकांग में बाहरी ताकतों ने अभी भी अपना हस्तक्षेप बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हांगकांग अराजकता से व्यवस्था में बदल गया है। लेकिन अभी भी खतरे बरकरार हैं। बीजिंग और हांगकांग सरकारों ने 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को आवश्यक माना। इसी कानून के तहत, अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक जिमी लाइ सहित कई प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं पर मुकदमा चलाया गया। दर्जनों नागरिक समाज समूह भंग किए गए। इस महीने, अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है, जिसमें लोकतंत्र समर्थक युवा कार्यकर्ता जोशुआ वोंग पर दूसरी बार कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें पिछले साल ही एक मामले में सजा सुनाई गई थी।

**■ हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी**

## रूस के हमले में 425 यूक्रेनी सैनिक मारे गए

**मास्को।** रूस के केंद्रीय समूह की कार्रवाई में पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के 425 सैनिक मारे गए और सात बख्तरबंद वाहन तथा तीन पिकअप ट्रक नष्ट हो गए।

समूह के प्रवक्ता अलेक्जेंडर सावचुक ने कहा कि केंद्र समूह की सेनाएं विशेष सैन्य अभियान के क्षेत्र में लड़ाकू मिशनों को जारी रखे हुए हैं। समूह की इकाइयों ने रूस-यूक्रेन की सीमा से जुड़े कुछ स्थानों पर भी कब्जा कर लिया है और क्रास्नोअर्मेइस्क, दिमित्रोव, नोवोसेर्गेयेवका तथा मुरावका क्षेत्रों में चार मशीनीकृत दो एयरबोर्न असॉल्ट और दो मरीन ब्रिगेड को नष्ट कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस हमले में लगभग 425 सैनिक, सात बख्तरबंद वाहन, तीन पिकअप ट्रक और एक तोपखाना को नष्ट कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने संवाददाताओं को बताया कि सैनिकों के दक्षिणी समूह ने 190 यूक्रेनी सैनिकों, एक टैंक और दो गोदामों को नष्ट किया, जबकि पश्चिमी समूह ने 230 सैनिकों, दो हम्वी बख्तरबंद वाहन और दो स्टारलिक सैटेलाइट संचार स्टेशनों को ध्वस्त कर दिया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उत्तर समूह की सेनाओं ने 215 तक यूक्रेनी सैनिकों और तीन बख्तरबंद वाहनों को ढेर किया।

## टेस्ला ने शंघाई में ग्रिड-साइड-ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए किया समझौता

**शंघाई।** अमेरिकी कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने अपने मेगापैक ऊर्जा भंडारण बैटरी का उपयोग करके शंघाई में ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए चीनी भागीदारों के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किया।

चार अरब युआन (55.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के कुल निवेश वाले इस सौदे से टेस्ला को चीन के बढ़ते ऊर्जा भंडारण बाजार में विस्तार मिला, जिससे इसकी सुविधा को देश के विशाल पावर ग्रिड से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ, जो दुनिया में सबसे बड़ा है। टेस्ला, लिन-गैंग विशेष क्षेत्र की प्रशासनिक समिति, शंघाई के फेंगशियान जिले की सरकार और चाइना कांगफू इंटरनेशनल लीजिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, ऊर्जा भंडारण स्टेशन शंघाई पायलट मुक्त व्यापार क्षेत्र के लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। यह टेस्ला का पहला ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन होगा जो चीन के मुख्य भूमि पर बनाया जाएगा। टेस्ला चीन के ऊर्जा व्यवसाय के सामान्य प्रबंधक डोंग कुंन ने कहा कि जब यह स्टेशन शुरू होगा, तो यह विद्युत स्पॉट ट्रेडिंग में भाग लेगा, स्थानीय ग्रिड में पीक और ऑफ-पीक उर्जा मांग को संतुलित करने में मदद करेगा और ग्रिड की स्थिरता को बढ़ाएगा। इसके अलावा, टेस्ला चीन कांगफू के साथ सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है ताकि शून्य-कार्बन ऊर्जा समाधान को वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सके। इस साल फरवरी में, शंघाई में गिगाफैक्ट्री के बाद लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में टेस्ला का नया मेगाफैक्ट्री मेगापैक बैटरी का उत्पादन शुरू कर दिया।

**■ टेस्ला को 2025 में ऊर्जा भंडारण तैनाती में साल-दर-साल 50 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान**



# छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत को अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा को हाल ही में उनकी फिल्म छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए ग्राउंड-ब्रेकिंग स्टार ऑफ द ईयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड लेते वक्त नुसरत ने एक भावुक भाषण दिया, जो वहां मौजूद सभी लोगों के दिलों को छू गया। अपने करियर के सफर को याद करते हुए नुसरत ने कहा, अपने करियर की शुरुआत में मैं फिल्मों में मजाक का पात्र बनी रही, मुझे हमेशा चालाक, कंट्रोल करने वाली या चिड़चिड़ी लड़की के किरदार मिले, लेकिन आज मैं ऐसे किरदार के लिए अवॉर्ड ले रही हूं, जो एक लड़की की जिंदगी, उसके जीने के अधिकार और अपने लिए जिंदगी चुनने के हक की बात करता है। मैं यहां हूं, इस सफर पर, हर उस छोरी के लिए जो अपनी पहचान बनाना चाहती है। मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं यह कहते हुए, क्योंकि यह सफर मेरे लिए भी खुद को साबित करने का एक जरिया रहा है। आज इसका अवॉर्ड मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आप सबको अंदाजा नहीं है कि यह मेरे लिए कितना खास है। नुसरत ने जूरी, अपनी टीम, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, को-स्टार्स और फिल्म इंडस्ट्री के सभी लोगों का दिल से धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस सफलता में उनका साथ दिया। अवार्ड के बाद बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि



वो सबसे ज्यादा किससे डरती हैं, तो उन्होंने बड़ी सच्चाई के साथ जवाब दिया, भुला दिए जाने से। मैं नहीं जानती कि मैंने यह इतने बड़े मंच पर कैसे कह दिया। लेकिन यही बात मेरी फिल्मों के चुनाव में भी दिखती है। मैं ऐसी फिल्म में काम नहीं करना चाहती। जिसे देखने के बाद लोग मुझे भूल जाएं।

# थलापथी के जन्मदिन पर रिलीज होगी उनकी अंतिम फिल्म की झलक



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार थलापथी विजय के जन्मदिन पर उनकी अंतिम फिल्म जन नायकन की पहली झलक रिलीज होगी। थलापथी विजय की अंतिम फिल्म जन नायकन की बहुप्रतीक्षित पहली झलक 22 जून 2025 की आधी रात 12:00 बजे) यानी थलपथी विजय के जन्मदिन के पर रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशक एच. विनोथ हैं, और संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

निर्माणकर्ता वेंकट के. नारायण के तहत केवीएन निर्माण संस्था फिल्म जन नायकन को एक शानदार विदाई समारोह बना रही है, उस सितारे के लिए, जिसने दशकों तक करोड़ों दिलों पर राज किया। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में विजय जी की झलक एक जलते हुए सिल्हूट (परछाई) में दिखती है। मुट्ठी आसमान की तरफ उठी हुई और पीछे है हजारों चाहने वालों की भीड़, एकदम क्रांति, विरासत और नेतृत्व की झलक। पोस्टर की टैगलाइन कहती है, एक शेर हमेशा शेर होता है और उसकी पहली दहाड़ आने ही वाली है। फिल्म जन नायकन 9 जनवरी 2026 को पोंगल उत्सव के मौके पर दुनिया भर में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

# आमी डाकिनी में काम कर खुश हूं: हितेश



**मुंबई।** अभिनेता हितेश भारद्वाज का कहना है कि सोनी टीवी के आगामी शो आमी डाकिनी में काम करना उनके लिए रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुप्रतीक्षित शो आमी डाकिनी एक रहस्यमई और रोमांचक कहानी के साथ दर्शकों को बांधे रखने के लिए तैयार है।

कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि में रचा गया यह शो, चैनल के प्रतिष्ठित हॉरर शो आहट के बाद एक बार फिर रोमांचक कहानी कहने की दिशा में वापसी कर रहा है। शो में हितेश भारद्वाज आयान की भूमिका निभा रहे हैं। हितेश भारद्वाज ने बताया कि आमी डाकिनी में काम करना रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। इसकी लेखनी, दृश्य संयोजन और भावनात्मक परतें इसे बहुत गहराई देती हैं। पूरी प्रक्रिया, लंबी नाइट शूट्स से लेकर टेक्स के बीच के शांत पलों तक हर चीज का मैंने आनंद लिया है। हितेश भारद्वाज ने बताया, मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। रांची और शीन न सिर्फ प्रतिभाशाली हैं, बल्कि जमीन से जुड़ी हुई भी हैं। हमारे बीच सेट पर बहुत सहजता है, जो भावनात्मक रूप से तीव्र दृश्यों में काफी मदद करती है।


हम एक-दूसरे को सुनते हैं, और यही सबसे बड़ा फर्क लाता है। यह शो सिर्फ कहानी नहीं, बल्कि मूड, खामोशी और भावनात्मक गति के बारे में है। यह आपको हर चीज को अंदर समेटने और नियंत्रित रूप से पेश करने के लिए मजबूर करता है। ऐसा प्रदर्शन पैक-अप के बाद भी आपके भीतर बना रहता है। हितेश भारद्वाज ने बताया आहट जैसे शो के मेकर्स के साथ काम करना बहुत आइकॉनिक अनुभव है। उन्होंने कहा, मैं आहट देखकर बड़ा हुआ हूं-उसमें एक रहस्यमय जादू था। अब उसी दुनिया का हिस्सा बनना एक चक्र पूरा होने जैसा लगता है। यह सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि एक ऐसी विरासत में योगदान देने जैसा है जिसे लोग आज भी याद करते हैं। आमी डाकिनी 23 जून से, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा।

# काजोल ने बताया बाजीगर की शूटिंग का अनोखा किस्सा

## एक्ट्रेस ने शाहरुख को कहा था खड़ूस, एसआरके बोले थे-कोई इसको चुप कराओ

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और एक्टर शाहरुख खान ने पहली बार फिल्म बाजीगर में एक साथ काम किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने बाजीगर के सेट पर शाहरुख के साथ अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताया। काजोल ने रेडियो नशा आफिशियल से बातचीत में बताया कि बाजीगर की शूटिंग 1 जनवरी को हो रही थी। उस वक्त वह साढ़े 17 साल की थीं। नए साल की रात को वह पार्टी नहीं करती थीं, इसलिए अच्छी नींद लेकर सेट पर पहुंची थीं। दूसरी तरफ, यूनिट के बाकी लोग पार्टी करके आए थे और नींद पूरी नहीं हुई थी। काजोल और शाहरुख की फिल्म बाजीगर 1993 में रिलीज हुई थी। काजोल ने बताया कि शाहरुख खान को नए साल के पहले दिन शूटिंग करना पसंद है। इसलिए सबको सेट पर आना पड़ा। काजोल सुबह 11.30 बजे तक फ्रेश और एक्टिव थीं। वह सेट पर मौजूद लोगों से बात कर रही थीं। मेकअप मैन, हेयर ड्रेसर और कैमरामैन से लगातार बात कर रही थीं। उनकी आवाज बिना माइक के भी दूर तक पहुंच रही थी। काजोल ने कहा कि मैंने कैमरामैन रवि दादा से पूछा, ये आपका एक्टर कितना खड़ूस है। उस समय शाहरुख चश्मा लगाकर अपनी लाइनों की तैयारी कर रहे थे। काजोल उनके पास जाकर बैठीं और कहा, आप बात क्यों नहीं कर रहे, आप हमेशा ऐसे ही रहते हैं, आप ऐसे कैसे रह सकते हैं। शाहरुख ने तुरंत जवाब दिया कि क्या तुम एक मिनट के लिए चुप रह सकती हो, कोई इसको चुप कराओ। काजोल ने माना कि उन्हें यह बहुत रूड और अजीब लगा, लेकिन बाद में यही बातचीत उनकी दोस्ती की शुरुआत बन गई। उन्होंने कहा कि शायद शाहरुख को ये सब याद भी नहीं होगा। फिल्म बाजीगर में काजोल ने शाहरुख की मंगेतर का किरदार निभाया था इंटरव्यू में जब काजोल से पूछा गया कि फिल्म में एक सेंसुअल सीन के दौरान शाहरुख ने उन्हें पिंच किया था, तो उन्होंने बताया कि उस सीन को शूट करना आसान नहीं था। कोरियोग्राफर सरोज खान ने कहा था कि इस सीन में अचानक से एहसास आना चाहिए। काजोल ने बताया कि उस वक्त वह 18 साल की थीं और उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा एक्सप्रेशन कैसे देना है। काजोल ने कहा कि शाहरुख और उन्होंने एक-दूसरे के सामने कई बार अजीब चीजें की हैं। उन्होंने बताया कि जब वह उस सीन को ठीक से नहीं कर पा रही थीं, तो उन्हें शर्म आ रही थी। गौरतलब है कि फिल्म बाजीगर से काजोल और शाहरुख की जोड़ी को काफी लोकप्रियता मिली थी। बाद में दोनों ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे), करण अर्जुन, कुछ कुछ होता है, माय नेम इज खान और दिलवाले जैसी फिल्मों में साथ काम किया।

# एक साथ जोड़ी जमाएंगे जूनियर एनटीआर और रुक्मिणी वसंथ



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रुक्मिणी वसंथ, मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म फिलहाल एनटीआरनील के नाम से जानी जा रही है।

माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त उत्साह है। हालांकि फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं



किया गया है, लेकिन इंडस्ट्री के भीतर से ही इस प्रोजेक्ट को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी कोलैबोरेशन में से एक बताया जा रहा है। इस बीच रुक्मिणी वसंथ ने गुरुवार सुबह इंस्टाग्राम पर ऐसा धमाका किया कि सोशल मीडिया पर फैंस की जिज्ञासा सातवें आसमान पर पहुंच गई।

उन्होंने एक मिरर सेल्फी शेयर की। शायद वैनिटी वैन से और कैप्शन लिखा: टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट। अब सुनने में भले ही यह एक नॉर्मल लाइन लगे, लेकिन एनटीआर जूनियर के फैंस तो इस हिट को तुरंत पकड़ गए।

टाइगर तो एनटीआर का आइकॉनिक टाइटल है। हफ्तों से चर्चा थी कि रुक्मिणी इस धमाकेदार प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं और अब यह पोस्ट देखकर लोग कह रहे हैं, ओ भाई, अब तो ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जरूरत ही क्या है। हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक कास्ट लिस्ट नहीं दी है, लेकिन यह सोशल मीडिया स्टंट शायद फैंस को मिलने वाला वो इशारा है जिसका वो बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स जैसे नामी बैनर्स के साथ बन रही फिल्म एनटीआरनील किसी बड़े विजुअल ट्रीट से कम नहीं होगी। इस फिल्म को कल्याण राम नंदामुरी, नवीन यरनेनी, रवि शंकर यालमंचिली और हरीकृष्ण कोसाराजू प्रोड्यूस कर रहे हैं।


# अभिनेत्रियों ने योग से बदली अपनी जिंदगी

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने योग को सिर्फ एक फिटनेस ट्रेंड नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बना लिया है। बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने योग के जरिए न सिर्फ अपने शरीर को मजबूत बनाया, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी पाया।

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण के लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी का सहारा रहा है। डिप्रेशन से जूझने के दौरान योग ने उन्हें संबल दिया। उनके शांत चेहरे और मजबूत फैसलों में उनके योग अभ्यास की झलक साफ नजर आती है। दीपिका योगा को उतनी ही गंभीरता से लेती हैं जितनी अपनी एक्टिंग को। वो टॉप योगा एक्सपर्ट्स के साथ ट्रेनिंग करती हैं और गहराइयां में तो खुद योगा ट्रेनर बन गई थीं।

मानसिक स्पष्टता हो या शारीरिक मजबूती ।योग उनकी सेल्फ-केयर किट का सुपरस्टार है। करीना कपूर खान के लिए योग फिटनेस से कहीं बढ़कर है। 108 सूर्य नमस्कार से लेकर फिल्म शेड्यूल्स के बीच स्ट्रेचिग तक, योग ने उन्हें मां बनने से लेकर सुपरस्टार बनने तक हर मोड़ पर साथ दिया है।करीना का फिटनेस ग्लो योग का कमाल है।उनके लिए योग मतलब है, अंदर शांति, बाहर शक्ति और बीच में परफेक्ट बैलेंस। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बॉलीवुड की उन पहली अभिनेत्रियों में में से हैं, जिन्होंने योग को पूरे देश में लोकप्रिय बनाया। उनकी डीवीडी, ऐप्स और ऑनलाइन सेशन्स ने योग को घर-घर पहुंचाया। उनकी फिटनेस और ग्लो आज भी लोगों के लिए प्रेरणा है।

योग और शिल्पा का रिश्ता पुराना है और यह आज भी सुपर स्ट्रॉन्ग है। उन्होंने तो बॉलीवुड में योगा को मेनस्ट्रीम बना दिया था। आज भी सुबह-सुबह योगा करना उनके दिन की शुरुआत है। सोशल मीडिया पर वो अक्सर



पुराने-नए योगा फॉर्म्स का फ्यूजन दिखाकर प्रेरित करती हैं।

मलाइका अरोड़ा का नाम आते ही फिटनेस और योग दोनों याद आ जाते हैं। ऐरियल योग हो या कठिन आसन, मलाइका अपने स्टाइल और अनुशासन से लाखों लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

फिटनेस का पर्याय बन चुकीं मलाइका के लिए योग सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, एक जज्बा है। उन्होंने महिलाओं के लिए खास दिव्य योगा की शुरुआत की है। एक ऐसी जगह जहां अंदर से तंदरुस्ती की बात होती है।

वो चाहे पेचीदा आसन कर रही हों या बाकी लोगों को हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाने की सलाह, मलाइका हर कदम पर ग्रेस और स्ट्रेंथ की मिसाल हैं। जैकलीन फर्नांडिस योग को एक जश्न की तरह जीती हैं।

उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल में आपको न जाने कितने बार उल्टे लटके हुए योग आसनों में उनकी मुस्कान नजर आएगी। योग के साथ उनकी एनर्जी और पॉजिटिविटी देखते ही बन शालिनी पांडे के लिए योग फिल्मी दुनिया की भाग-दौड़ में शांति पाने का तरीका है।

# रामचरण व उपासना ने क्लिन कारा का जन्मदिन मनाया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनीडेला ने आज अपनी बेटी क्लिन कारा का दूसरा जन्मदिन बहुत ही खास अंदाज में मनाया। पिछले साल जब रामचरण और उपासना हैदराबाद के चिड़ियाघर (जू) गए थे, उसी दौरान वहां एक नन्हीं बाघिन का जन्म हुआ था। उस बच्ची का नाम क्लिन कारा रखा गया था। राम चरण और उपासना की बेटी के नाम पर। ए उनके लिए बहुत ही भावुक और यादगार पल था। इस साल, क्लिन कारा ने पहली बार उस बाघिन से मुलाकात की जो अब बड़ी और खूबसूरत हो चुकी है। यह मिलन बहुत ही प्यारा और खास रहा। बच्ची और बाघिन का यह जुड़ाव दया, प्यार और प्रकृति से जुड़ने की भावना को दर्शाता है। राम चरण और उपासना का मानना है कि जंगली जानवरों की असली जगह जंगल ही है, लेकिन साथ ही वो यह भी मानते हैं कि जो जानवर चिड़ियाघरों में हैं, उनका सही देखभाल और इज्जत से रहना बहुत जरूरी है। उनकी परवरिश की सोच साफ दिखती है। वो अपनी बेटी को बचपन से ही पर्यावरण, जानवरों और प्रकृति के प्रति प्रेम और समझ सिखा रहे हैं। क्लिन कारा का यह जन्मदिन सिर्फ एक सेलिब्रेशन नहीं था, बल्कि यह एक खूबसूरत संदेश था, दुनिया को समझने, अपनाने और उससे जुड़ने का।